**सुविचार**

हार और जीत हमारी सोच पर निर्भर है, मान लिया तो हार और ठान लिया तो जीत।

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Saturday, 06 January 2024 ● Year : 01 ● Issue : 346 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com




खुशी कपूर का नाम वेदांग रैना के साथ ...

12

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 72,026.15 |
| निफ्टी | : | 21,710.80 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,970 |
| चांदी | : | 78.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### जेपीसी उग्रवादी लालू यादव को पांच वर्ष कारावास की सजा

**PALAMU :** व्यवहार न्यायालय के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नंबर-दो की अदालत ने शुक्रवार को उग्रवादी संगठन जेपीसी के सक्रिय सदस्य लालू यादव उर्फ रोशन यादव को धारा 25 (1) 26, 27 और 35 आर्म्स एक्ट में पांच वर्ष कारावास एवं एक हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। लालू यादव पांकी थाना के केकरगढ़ का निवासी है। उसके खिलाफ पांकी थाना में कांड संख्या 51/2016 दर्ज था। पुलिस के अनुसार पांकी के तत्कालीन थाना प्रभारी ललित कुमार को 9 जून, 2016 को गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड प्रस्तुति कमेटी (जेपीसी) के जोनल कमांडर एवं सदस्य एक बीड़ी पत्ता ठेकेदार से लेवी लेकर पथराकला गांव की ओर जा रहे हैं। थाना प्रभारी ने जेपीसी उग्रवादी लालू यादव को पकड़ा एवं मामला दर्ज किया था।

### यौन शोषण केस में विधायक प्रदीप यादव न्यायालय में हुए पेश

**DUMKA :** कांग्रेस के पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव शुक्रवार को न्यायालय में पेश हुए। पेशी दो अलग-अलग मामले में अपर जिला जज, तृतीय सह विशेष न्यायाधीश लक्ष्मण प्रसाद के न्यायालय में हुई। न्यायालय में दोनों मामले में गवाहों की गवाही हुई। न्यायालय में पहली गवाही गोड्डा मुफस्सिल थाना में दर्ज प्राथमिकी 37/17 के सेशन ट्रायल 125/21 में हुई.इसमें अडानी पावर प्लांट के विरोध में किए गए आंदोलन को लेकर सरकारी संपत्ति नुकसान,धक्का-मुक्की समेत अन्य सुसंगत धारा के तहत मामला दर्ज हुई थी। इसमें प्रदीप यादव, धर्मेन्द्र राय एवं कैलाश मंडल संकेत अन्य पर मामला दर्ज हुई थी। शुक्रवार को वादी जयप्रकाश सिंह की गवाही गुजरी। दूसरा चर्चित महिला कार्यकर्ता द्वारा प्रदीप यादव पर छेड़खानी के मामले में गवाही हुई। गवाही एक एसआई समेत दो पुलिस पदाधिकारी की हुई। मामला देवघर में 13/2019 में दर्ज हुई थी। इसका सेशन ट्रायल 127/21 है, जिसने दो पुलिस पदाधिकारी की गवाही गुजरी। दोनों केस की अगली तिथि 23 जनवरी को निर्धारित हुई है।

### भाप्रसे के दस नवप्रोन्नत अधिकारियों की हुई पोस्टिंग

**RANCHI :** राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति पाये 10 अधिकारियों को पदस्थापित कर दिया गया है। इस संबंध में शुक्रवार को कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इनमें विधान चंद्र चौधरी को अगले आदेश तक संयुक्त सचिव भवन निर्माण विभाग, शैलेंद्र कुमार लाल को नगर आयुक्त हजारीबाग नगर निगम, राजीव रंजन को संयुक्त सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय निगरानी विभाग, श्री रंजन को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ संयुक्त सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सुनील कुमार को परियोजना निदेशक समेकित जनजाति विकास अभिकरण साहिबगंज के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। विजय कुमार गुप्ता को संयुक्त सचिव पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। कृष्ण कुमार सिंह को सदस्य सचिव पिछड़े वर्ग के लिए राज्य आयोग के पद पर नियुक्त किया गया है।

**कोयला कारोबारी हत्याकांड : भाई ने टीएसपीसी के दो उग्रवादी के खिलाफ कराई एफआईआर**

# अभिषेक को फौजी कार्रवाई की मिली थी धमकी

**PHOTON NEWS RANCHI :** रातू थाना में शुक्रवार को कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव के भाई विवेक श्रीवास्तव के बयान पर टीएसपीसी के दो उग्रवादी बलवंत और जय मंगल के खिलाफ नामजद प्राथमिकी कराई है। विवेक ने पुलिस को बयान दिया है कि उसे अपने स्वजनों और स्थानीय लोगों से सूचना मिली कि मेरे बड़े भाई अभिषेक श्रीवास्तव आस्थापुर मोहल्ला में स्थित अपने आवास से बाहर निकले तो कुछ ही दूरी पर वाहन संख्या एमएच23 बीसी 0711 पर सवार लोगों के द्वारा गाड़ी से उतर कर भाई को गोली मार दी गई है। मोहल्ले में रहने वाले नागेश्वर महतो, आलोक सिंह ड्राइवर जमीरूद्दीन अंसारी भाई को लेकर अस्पताल गए जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। विवेक का कहना है कि भाई के मोबाइल को खोला गया तो पता चला कि 29 दिसंबर को दोपहर दो बजकर छह मिनट पर मोबाइल नंबर 8319026897 के धारक द्वारा मैसेज भेजा गया है और लिखा गया है, कि फोन करता है। फिर धमकी भरा मैसेज था। उसने अपना नाम बलवंत बताया लिखा था। इसके बाद 30 दिसंबर को दोपहर 12 बजकर 52 मिनट पर मोबाइल नंबर 8319023897 से हमारे बड़े भाई अभिषेक श्रीवास्तव के मोबाइल नंबर पर मिस्ड काल था। उससे पहले 12 दिसंबर को 1 518 7658829 से 12 बजकर 59 मिनट पर मैसेज है। उसी वक्त इस नंबर से काल भी आया हुआ है। उसी दिन धमकी भरा मैसेज आया है कि में जय मंगल जी टीएसपीसी के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि पार्टी सिस्टम फालो कीजिए अन्यथा आप पर फौजी कार्रवाई की जायेगी। विवेक ने सारा डिटेल पुलिस को दिया है। विवेक का कहना है कि मोबाइल धारक 8319023897 के बलवंत और 1(518) 7658829 द्वारा व्हाट्सएप काल टीएसपीसी के जय मंगल जी षड़यंत्र के तहत रंगदारी नहीं देने पर उसके भाई की हत्या करा दी।



घटना के बाद जुटी भीड़ व जांच करती पुंलिस। ● फोटोन न्यूज

**दोनों भाई में रंगदारी मांगने की हुई थी चर्चा लेकिन डर से दोनों ने नहीं की थी शिकायत :** कारोबारी मृतक अभिषेक के भाई विवेक ने पुलिस को बताया है कि टीएसपीसी के द्वारा रंगदारी मांगने की बात को लेकर दोनों में चर्चा हुई थी। लेकिन दोनों भाई ने डर की वजह से किसी थाना में केस नहीं किया था। पुलिस को शक है कि जेल में बंद उग्रवादी भीखन गंझु के इशारे पर इरफान गिरोह ने इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस इरफान गिरोह के सदस्यों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है।

**जयमंगल की हो चुकी है गिरफ्तारी ,रिमांड पर लेगी पुलिस :** पुलिस का कहना है कि जयमंगल की गिरफ्तारी हो चुकी है। इस केस में जयमंगल को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस इस मामले में जयमंगल को रिमांड पर लेगी। रिमांड पर लेने के बाद इस मामले में सुराग मिल सकता है। वहीं फरार उग्रवादी बलवंत की तलाश जारी है। उसके कई ठिकानों पर पुलिस गई लेकिन उसके बारे में सुराग नहीं मिल पाया है। बलवंत के बारे में जेल में बंद टीएसपीसी के उग्रवादियों से पूछताछ की गई लेकिन कुछ अहम जानकारी नहीं मिल पाई।

## पुलिस को आशंका जेल में कारोबारी की हत्या होने की बनी थी योजना

**RANCHI :** रांची पुलिस और चतरा पुलिस मिलकर कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव हत्याकांड का खुलासा करने में जुट गई है। 29 दिसंबर को पिपरवार से उग्रवादी जयमंगल की गिरफ्तारी हुई थी। पुलिस आशंका जता रही है कि जेल में रहने के दौरान उग्रवादी जयमंगल ने कारोबारी की हत्या की योजना बना सकता है। यह जांच का विषय है। इसके बाद ही स्पष्ट होगा। पुलिस का कहना है कि जयमंगल किस किस जगह पर सक्रिय था इसकी जांच की जा रही है। जयमंगल से जल्द ही इस मामले में पूछताछ की जाएगी। इसके अलावा इस मामले में जोनल कमांडर भीखन गंझु से भी पूछताछ की जाएगी। भीखन दस लाख रुपये का इनामी था। सदर थाना की पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। टीएसपीसी के द्वारा इससे पहले भी मोरहाबादी इलाके में प्रेम सागर मुंडा की हत्या किया गया था। इसके अलावा प्रेम सागर के भाई को भी मारने का प्रयास किया था। रांची पुलिस कई उग्रवादियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

# राजधानी में झमाझम बारिश दो दिन बाद बढ़ेगी कनकनी

**PHOTON NEWS RANCHI :** राजधानी में शुक्रवार को दोपहर बाद मध्यम दर्जे की बारिश देखने को मिली। शनिवार को भी मध्यम दर्जे की बारिश होगी। रविवार को शहर में बादल छाये रहेंगे। बारिश से न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी हुई है। लेकिन बारिश समाप्त होने के बाद ठंड का प्रकोप फिर बढ़ेगा। शाम होते ही कनकनी तेज होगी। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि राजधानी में पश्चिमी विक्षोप का आंशिक असर के देखने को मिला है। जिसके कारण राज्यभर में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश रिकार्ड की गई है। मौसम विज्ञानी ने बताया कि आने वाले दिनों में ठंड थोड़ी-बहुत बढ़ेगी। फिर धीरे-धीरे ठंड का कहर कम होता जाएगा। शहरी क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री व ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 5 से 6 डिग्री सेल्सियस पहुंच सकता है। पश्चिम विक्षोप का असर समाप्त होते ही ठंड कम होगी।



**बारिश से कई क्षेत्र जलमग्न :** राजधानी में शुक्रवार को हुई बारिश के कारण कई क्षेत्रों में जलमग्न की स्थिति देखने को मिली है। नामकुम, चुटिया आदि क्षेत्र में मूसलाधार बारिश देखने को मिली है। मैदानी क्षेत्रों में जलमग्न की स्थिति देखने को मिली है। मध्यम दर्जे की बारिश से जलस्तर में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

**अगले पांच दिन कैसे रहेगा मौसम :** राजधानी में अगले पांच दिनों तक मौसम में कई बदलाव देखने को मिल सकते है। 6 जनवरी को राजधानी में बारिश होगी। 7 जनवरी को हल्क दर्जे की बारिश और बादल छाये रहेंगे। 8 जनवरी को सुबह से कोहरा और बाद में आंशिक बादल छाये रहेंगे। मौसम शुष्क रहेगा।

# माओवादियों ने पुल निर्माण कार्य में लगे तीन वाहनों को जलाया

**PHOTON NEWS LATEHAR :** लातेहार और चतरा जिले के बॉर्डर पर नक्सलियों ने शुक्रवार की शाम जमकर उत्पात मचाया। लातेहार के बरियातू और चतरा के सिमरिया थाना क्षेत्र के सीमा पर स्थित कुरुमदारी गांव के मानक नदी पर हो रहे पुल निर्माण कार्य पर भाकपा माओवादी नक्सलियों ने धावा बोलकर तीन वाहन में आग लगा दी।

जानकारी के अनुसार बरियातू थाना क्षेत्र के बालूभांग और सिमरिया थाना क्षेत्र के कुरुमदारी गांव के बीच में स्थित नदी में पुल का निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान शुक्रवार की शाम लगभग 8 की संख्या में हथियारबंद नक्सली निर्माण स्थल पर पहुंचे और वहां काम कर रहे मजदूरों को बंधक बना लिया। सभी मजदूरों को एक कमरे में ले जाकर बैठा दिया और उनका मोबाइल ले लिया। नक्सलियों ने मजदूरों को चेतावनी देते हुए कहा कि बिना संगठन के आदेश के निर्माण कार्य आरंभ ना करें नहीं तो इसका परिणाम भुगतना होगा।



जलाए गए वाहन। ● फोटोन न्यूज

इसके बाद नक्सली घटना स्थल पर खड़े तीन वाहनों में आग लगा दी। इनमें एक जेसीबी, एक पोकलेन और एक टैंकर शामिल है। घटना को अंजाम देने के बाद नक्सली वहां से निकल गए। इसके बाद मजदूरों ने वाहनों में लगी आग को बुझाया। बाद में घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन आरंभ कर दी है।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि नक्सलियों ने तीन वाहनों को जलाया है। संभावना जताई जा रही है कि माओवादियों ने इस घटना को अंजाम दिया है।

# बंगाल में ईडी पर भीड़ का हमला, कई अफसर घायल

## टीएमसी नेता के घर गए थे रेड डालने, भाजपा ने की राष्ट्रपति शासन की मांग

**AGENCY KOLKATA :** पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले में शुक्रवार को ईडी और सीआरपीएफ की टीम टीएमसी नेता के घर रेड करने पहुंची थी। इस दौरान भीड़ ने जानलेवा हमला कर दिया। करीब 200 लोगों ने जांच एजेंसी के दो वाहनों में तोड़फोड़ की। इसमें कुछ अफसरों के सिर में चोट आई हैं। उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा। ईडी का कहना है कि पश्चिम बंगाल में भीड़ के हमले में 3 अधिकारियों को गंभीर चोटें आईं हैं। भीड़ ने अधिकारियों के मोबाइल फोन, लैपटॉप, नकदी और बटुए छीन लिए। एफआईआर दर्ज करने के लिए स्थानीय पुलिस में शिकायत की गई है। बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इस घटना पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने हमले को खतरनाक बताते हुए कहा- बंगाल बनाना रिपब्लिक नहीं है। सरकार को राज्य में यह बर्बरता रोकनी चाहिए। इसके साथ ही राज्यपाल ने बंगाल के डीजीपी और गृह सचिव को तलब किया।



अस्पताल में इलाजरत अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

### राज्यपाल ने गृह सचिव व डीजीपी को किया तलब

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने घटना की जानकारी मिलने के बाद राज्य के गृह सचिव और डीजीपी को तलब किया है। बोस ने कहा- यह एक भयानक घटना है। यह चिंताजनक और निंदनीय है। लोकतंत्र में बर्बरता और बर्बरता को रोकना एक सभ्य सरकार का कर्तव्य है। यदि कोई सरकार अपने मूल कर्तव्य में विफल रहती है, तो भारत का संविधान अपना काम करेगा।

# लोस चुनाव में कांग्रेस को चाहिए हिंदुओं का साथ खरगे ने नेताओं को दी अयोध्या जाने की अनुमति

**AGENCY NEW DELHI :** अंततः कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस नेताओं को अयोध्या जाने के लिए हरी झंडी दिखा दी है। सूत्रों के हवाले से जो खबरें सामने आ रही हैं उनके अनुसार मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मंदिर दर्शन करने के लिए कोई कभी भी जा सकता है। खरगे से हरी झंडी मिलने के बाद अब कांग्रेस नेता 22 जनवरी से पहले ही अयोध्या रामलला के दर्शन के लिए जा सकते हैं।



मल्लिकार्जुन खरगे।

**अयोध्या नहीं जाने वाला हिंदू विरोध नहीं :** गौरतलब है कि इससे पहले कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा था कि अयोध्या के मसले का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। धर्म लोगों का निजी विषय है, इसलिए अगर कोई अयोध्या नहीं जाता है तो उसे हिंदू विरोध नहीं कहना चाहिए और ना ही जाने वाले को बीजेपी के साथ खड़ा मानना चाहिए। थरूर ने यह भी कहा था कि अयोध्या जाने या ना जाने से लोकसभा चुनाव पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बेवजह इस मुद्दे को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है।

शशि थरूर चाहे जो भी कहें, लेकिन सच्चाई क्या है इससे पार्टी वाकिफ है और उसी के आधार पर मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस नेताओं को अयोध्या जाने की अनुमति दे दी है। ज्ञात हो कि कांग्रेस की छवि हिंदू विरोधी पार्टी की बन गई है और इस इमेज को तोड़ने के लिए पार्टी 2014 से संघर्ष कर रही है। पार्टी जितना ही इस इमेज को तोड़ने की कोशिश करती है, उसकी स्थिति और भी बुरी हुई है। 2014 के चुनाव में कांग्रेस को सिर्फ 44 सीट मिली थी जबकि 2019 में 52 सीट मिली थी।

# पीएलएफआई का उग्रवादी गिरफ्तार

**PHOTON NEWS GUMLA :** कामडारा थाना पुलिस ने पीएलएफआई के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है।कामडारा थाना क्षेत्र स्थित रामतोल्या बडीटोली निवासी माडु तोपनो उर्फ सहाय तोपनो उर्फ संदीप बारला को गुरुवार रात रामतोल्या जंगल से पुलिस गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादी के पास से देशी पिस्तौल, 8 एमएम की दो गोली, पीएलएफआई का पर्चा पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने शुक्रवार को पत्रकारों से बताया कि गुमला एसपी को लगातार सूचना मिल रही थी कि रामतोल्या जंगल में पीएलएफआई के कुछ उग्रवादी जमा हुए हैं, जो किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इस सूचना पर एसपी ने छापेमारी दल का गठन कर गुरुवार रात रामतोल्या स्थित जंगल में छापेमारी किया। पुलिस बल को देखते हुए सभी लोग भागने लगे, जिसमें दौड़ाकर पीछा करने पर माडु तोपनो उर्फ सहाय तोपनो उर्फ संदीप बारला को पकड़ा गया। गिरफ्तार उग्रवादी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह पीएलएफआई संगठन में नए लड़कों को जोड़ने का काम कर रहा था।



गिरफ्तार उग्रवादी व जानकारी देती पुलिस। ● फोटोन न्यूज

**भारतीय नौसेना के मार्कोस कमांडो का सफल ऑपरेशन**

# हाईजैक जहाज से सुरक्षित निकाले गए 21 क्रू मेंबर

**AGENCY NEW DELHI :** अरब सागर में सोमालिया के तट के पास हाईजैक हुए जहाज पर भारतीय नौसेना का ऑपरेशन शुक्रवार रात पूरा हो गया है। 15 भारतीयों समेत सभी 21 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित निकाल लिया गया। नौसेना के मार्कोस कमांडो ने जहाज की सर्चिंग की। इस दौरान समुद्री लुटेरे जहाज पर नहीं मिले। हाईजैक किए गए जहाज को छुड़ाने के लिए नौसेना के जहाज आईएनएस चेन्नई को रवाना किया गया था। माना जा रहा है कि भारतीय नौसेना की सख्ती चेतावनी से डरकर हाईजैकर जहाज को छोड़कर भाग गए।

5-6 सुमद्री लुटेरे हथियारों के साथ जहाज पर उतरे थे

मामला 4 जनवरी का है, लेकिन इसकी जानकारी शुक्रवार को सामने आई। लाइबेरिया के फ्लैग वाले इस जहाज का नाम लीला नोर्फोक है। भारतीय नौसेना ने बताया कि जहाज ने ब्रिटेन के मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स पोर्टल पर एक संदेश भेजा था। इसमें कहा गया था कि 4 जनवरी की शाम को 5-6 सुमद्री लुटेरे हथियारों के साथ जहाज पर उतरे।





14 दिसंबर को समुद्री लुटेरों ने माल्टा का जहाज हाईजैक किया था

अरब और लाल सागर में इन दिनों मर्चेंट वेसल पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इससे पहले 14 दिसंबर को भी समुद्री लुटेरों ने माल्टा के एक जहाज को हाईजैक कर लिया था। इसके बाद नौसेना ने अपने एक युद्धपोत को अदन की खाड़ी में हाइजैक हुए जहाज एमवी रुएन की मदद के लिए भेजा था। जहाज को 6 लोगों ने अगवा किया था। भारतीय नौसेना ने माल्टा के जहाज से एक नाविक को रेस्क्यू किया था। यह नाविक गंभीर रूप से जख्मी था। इसका इलाज शिप पर मुमकिन नहीं था, लिहाजा उसे ओमान भेजा गया था। द मैरीटाइम एग्जीक्यूटिव की रिपोर्ट के मुताबिक हाइजैक हुआ जहाज कोरिया से तुर्किये की तरफ जा रहा था। तभी सोमालिया के समुद्री लुटेरों ने उस पर हमला कर दिया।

### आखिरी बार 30 दिसंबर को संपर्क हुआ था जहाज से

भारतीय नौसेना ने कहा- हाईजैक की सूचना मिलते ही एक मैरिटाइम पैट्रोलिंग एयरक्राफ्ट पी8आई को जहाज की तरफ रवाना किया गया। मर्चेंट वेसल की सुरक्षा के लिए आईएनएस चेन्नई को भी भेजा गया। मरीन ट्रैफिक के मुताबिक, जहाज ब्राजील के पोर्टो डू एकू से बहरीन के खलीफा बिन सलमान पोर्ट जा रहा था। यह 11 जनवरी को लोकेशन पर पहुंचने वाला था। वहीं, वेसल फाइंडर के मुताबिक, जहाज से आखिरी बार 30 दिसंबर को संपर्क किया गया था। जहाज को किसने हाईजैक किया, इसकी जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है।

# सिविल सर्जन कार्यालय का क्लर्क चार हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**PHOTON NEWS DHANBAD :** धनबाद एसीबी ने इस वर्ष का पहला ट्रैप करते हुए शुक्रवार को धनबाद सिविल सर्जन कार्यालय के क्लार्क उमेश सिंह को चार हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए एसीबी धनबाद के डीएसपी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि धनबाद के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र स्थित जोड़ाफाटक निवासी उदय कुमार गुप्ता को सिविल सर्जन कार्यालय से अपना दिव्यांग सर्टिफिकेट बनवाना था, लेकिन सिविल सर्जन कार्यालय में पदस्थापित क्लर्क उमेश सिंह के द्वारा इसके एवज में उदय गुप्ता से चार हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही थी। इसके बाद उदय कुमार ने इसकी लिखित शिकायत धनबाद एसीबी से को दी। उनके लिखित शिकायत के सत्यापन के बाद आज एसीबी ने उमेश सिंह को सिविल सर्जन कार्यालय से ही चार हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ धर दबोचा।



गिरफ्तार क्लर्क।

इसके बाद एसीबी की टीम ने गिरफ्तार क्लार्क के कार्यालय और आवास को भी खंगाला। फिलहाल एसीबी आगे की कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार उमेश सिंह को जेल भेजने की तैयारी में जुटी है।

# सर्दियों में महत्वपूर्ण है मटर की फसल



भारत में सर्दियों के मौसम में उगायी जाने वाली फसलों में मटर का महत्वपूर्ण स्थान है। इसमें न केवल प्रोटीन तत्व प्रचुर मात्रा में होते हैं वरन इसमें विटामिन, फॉस्फोरस तथा लौह तत्व भी काफी मात्रा में उपलब्ध होते हैं। देश भर में इसकी खेती व्यापारिक स्तर पर की जाती है। उत्तर भारत की पहाड़ियों में मटर की ग्रीष्म और पतझड़ ऋतु की फसलें भी उगायी जाती हैं और इन मौसमों में उगायी गई मटर का कुछ भाग अप्रैल से नवम्बर के महीनों में मैदानी इलकों में भी उपलब्ध रहता है।

## जलवायु और मिट्टी

मटर को हल्की बलुई दोमट से लेकर मटियार दोमट तक की विभिन्न प्रकार की मिट्टियों में उगाया जा सकता है। हालांकि मटर के लिए उपयुक्त भूमि अच्छे जल निकास वाली दोमट मिट्टी होती है। किन्तु क्षारीय मिट्टी में इसकी पैदावार अच्छी नहीं होती है। मटर के लिए सबसे उपयुक्त पी. एच. मान 6.0 से 7.5 होती है।

मटर के लिए ठंडी जलवायु की आवश्यकता होती है और ग्रीष्म ऋतु के दौरान भारी गर्मी पड़ने पर इसकी फसल अच्छी नहीं होती है। यह मौसम झुर्रीदार बीज वाली किस्मों के लिए बिल्कुल अनुपयुक्त है। जब फ़सल पर्याप्त ठंडी जलवायु में पकती है तब हरी फलियाँ की पैदावार अधिक होती है। इसके फूल और फलियां पाले से अधिक प्रभावित होती है। हालांकि पाले का प्रभाव पौधों की पत्तियों और तनों पर भी हो सकता है, बीज अंकुरण के लिय तापमान 5 डिग्री सेल्सियम न्यूनतम, 22 डिग्री सेल्सियम अधिकतम होना



अच्छा रहता है।

## किस्में

**आर्केल :** यह झुर्रीदार बीज वाली किस्म है। पौधे बौने, हरे रंग के मजबूत और उंचाई में 35-45 से0मी0 होते हैं। फूल सफेद व फलियों आकर्षक गहरे रंग की व 8 सें. मी. लंबी होती है। इनमें 7-8 गहरे रंग के मीठे दाने भरे होते हैं। बीज जब पूरी तरह पक जाते हैं तो हल्के हरे रंग के और झरियां होते हैं। बुआई के 55 से 60 दिन के बाद फलियों की पहली तुड़ाई होती है। हरी फलियों की पैदावार प्रति हेक्टेअर 100 से 130 कुंटल है और बीज की पैदावार 15 कुन्टल प्रति हेक्टेयर है।

**मध्य मौसमी किस्म बोनविले :** मध्यम लंबाई वाली, दोहरी फलियों युक्त, झर्रीदार बीज वाली किस है। 55 से 60 दिनों में फल आते हैं। फलियां हल्के हरे रंग की, सीधी और लगभग 9 सें. मी. लबी होती है। दाने मीठे और गहरे हरे रंग के होते हैं। बुआई के 85-90 दिनों के अदंर मटर की फसल तैयार हो जाती है। फलियों की उपज 100 से 120 कुन्टल प्रति है और बीज 12 से 15 कुन्टल प्रति हेक्टेअर बैठती है।

**लिंकन :** पौधे बौने, मजबूत और पत्तियाँ गहरे हरे रंग की होती है। फलियां गहरे हरे रंग की लंबी और सिरे पर हल्की सी मुडी हुई होती हैं जिनमें अच्छे दाने होते हैं। फलियों में 8 से 10 दाने होते हैं और ये मीठे होते हैं। पहाड़ी इलाकों में बोने के लिए किस्म अधिक उपयुक्त है। पहली तुड़ाई बुआई के 85- 90 दिनों के बाद की जा सकती है।

## बीज की मात्रा व बुआई

**बीजदर :** पछेती किस्मों के लिए 70-75 कि0ग्रा0 और अगेती किस्मों के लिए 100 कि0ग्रा0 प्रति हेक्टेअर किन्तु आर्केल जैसी किस्मों के लिए 125 कि0ग्रा0 प्रति हेक्टेअर बीज की आवश्यकता होती है।

**दूरी :** अगेती किस्मों में कतार की दूरी 30 सें0मी0 और मध्य मौसमी और पछेती क़िस्मों के लिए 45 सें0मी0 दूरी रखी जाती है।

**बुआई :** अगेती किस्में, जैसे आर्केल मध्य अक्टूबर से नवम्बर के प्रथम सप्ताह तक बोई जा सकती है। मध्य मौसमी किस्में, जैसे बोनविले और लिंकन अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से नवम्बर के मध्य तक बोई जा सकती है। पछेती किस्म नवम्बर के अंत तक बोई जा सकती है ।

उर्वरकों का प्रयोग

फलियों के शीघ्र विकास एवं बढ़वार के लिए नाइट्रोजन उर्वरक की कुछ मात्रा फायदेमंद रहती है। फॉस्फेट के प्रयोग से मटर की गुणवत्ता एवं पैदावार दोनों में लाभ होता है। उसी प्रकार पौटेशियम खादों के उपयोग से पैदावार पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। खेती की तैयारी करते समय गोबर की खाद 20 टन प्रति हेक्टेअर और किसान खाद, सी.ए.एन. 125 किलो प्रति हेक्टेअर अथवा उत्तम वीर यूरिया 60 से 65 किलो प्रति हेक्टेअर डालें। इसके साथ-साथ 420 किलो सुपर फॉस्फेट, व 100 किलो म्युरेट आर्फ पोटाश प्रति हेक्टेअर की दर से दे।

## सिंचाई

उचित जमाव के लिए पलेवा की सलाह दी जाती है। इसके पश्चात शुष्क मौसम में 10 से 15 दिनों के अतंराल पर हल्की सिंचाई भी करनी चाहिए। फूल एवं फलियों की शुरूआत के समय एक या दो सिंचाई करना आवश्क है। विकसित होते हुए फलों एवं फलियों की पाले से रक्षा करने के लिए पाले मौसम में पर्याप्त सिंचाई की आवश्यकता होती है।

## खरपतवारों की रोकथाम

अधिकतर बगीचे वाली मटर कतारों में बोई जाती है, अतः यंत्रों की सहायता से खरपतवारों को काबू करना कठिन हो जाता है। अधिकाशं सदाबहार खरपतवारों की रोकथाम के लिए रसायनों का उपयोग किया जाता है। फसल की बुआई से पहले और बाद में पौधे उगने से पहले 900 लीटर पानी में 1.5 किलो प्रति हेक्टेअर की दर से लिन्यूरान छिड़कने से सभी सदाबहार घासों एवं खरपतवारो का। रोकथाम हो जाती है। इस उपचार के बाद 3 स 4 सप्ताह त क सिंचाई नहीं करनी चाहिए। एम.सी.ई. ; टोपोटाक्स अथवा 2-4 डी., एम्युटॉक्स 0.84 कि0ग्रा0 प्रति हेक्टेअर का छिड़काव करने से सदाबार चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों पर काबू पाया जा सकता है। छिड़काव धूप वाले दिन ही जब हवा न चल रही हो, किया जाना चाहिए। इस उपचार के 10-12 दिनों बाद तक फसल की सिंचाई नहीं करनी चाहिए।



## पौध संरक्षण

मटर की फसल को नुकसान पहुँचाने वाले कीड़े हैं-मटर का पत्ती बेधक, माहू कुतरने वाले कीड़े, कट वमर्सद्ध तथा मटर का फली बेधक।

## मटर की पत्ती का बेधक

मटर की पत्तियों पर इसके लार्वा का आक्रमण होने से पत्तियों पर सफेद रंग की टेढी-मेढी नालियाँ बन जाती है और पौधों की बढ़ौत्तरी रुक जाती है।

## रोकथाम

0.05 प्रतिशत मिथाइल पाराथोन का छिड़काव करने से इस कीट की रोकथाम की जा सकती है। यदि इसका प्रकोप दुबारा दिखाई पडे तो इस उपचार को 15-20 दिन बाद दोहराना चाहिए।

## माहू


यह कीड़ा पत्तियों तथा रसदार स्थानों मे रस चूसता है। इसके बदले में ये चिपचिपे तरल पदार्थ का भारी मात्रा में श्राव करते हैं जिससे काली फफूंदी आकर्षित होती है। इसके कारण प्रकाश संश्लेषण क्रिया बुरी तरह प्रभावित होती है। माहू का आग्रमण जनवरी के बाद होता है।

## रोकथाम

माहू का प्रकोप होन पर ही 0.05 प्रतिशत मैटासिक्टाक्स का घोल छिड़कें। 15-20 दिनों के बाद यदि आवश्यक हो तो दोबारा छिड़काव करें।

## कुतरने वाले, कट वमर्सद्ध

ये सूड़ियाँ मिट्टी की सतह पर पौधों को काट देती है। बुआई से पहले मिट्टी में प्रति हेक्टेअर 25 किलो 5 प्रतिशत वाले फैनवैलेरेट का छिड़काव करके इस कीड़े की रोकथाम की जा सकती है।



## मटर का फली बेधक

झल्लियाँ फलियों में छेद करके घुस जाती हैं तथा इसके बीजों,दानों को नष्ट क र देते हैं। फलियों पर छोटे-छोटे छिद्रों से इसके होने का पता लग जाता है 7

## रोकथाम

फ़सल पर 0.25 प्रतिशत कार्बारिल का छिड़काव करके इस बेधक की रोकथाम की जा सकती है। इस बात की सावधानी रखनी चाहिए कि फलियाँ इस छिड़काव से पहले तोडी जाएँ अथवा छिड़काव के 10 दिन में बाद ही तोड़ी जाएँ।

## बीमारियाँ

चूर्णित आसिता,पाउडरी मिल्डयू = पत्तियाँ, तने शाखाएँ तथा फलियाँ बुकनी जैसे पदार्थ से ढक जाती हैं। इसका भीषण असर उस मौसम में होता है, जबकि दिन और रात के तापमान काफ़ी अतंर है भारी ओस गिरती है। यह बीमारी पछेती पकने वाली क़िस्मों को अधिक प्रभावित करती है।

## रोकथाम का उपाय

जैसे ही यह बीमारी दिखाई पड़े फ़सल पर प्रति हेक्टेअर 0.3 प्रतिशत वाले 3 ग्राम गंधक के फफूंदी नाशक को एक लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें और हर सात दिन बाद यह छिड़काव दोहराएँ। दूसरे फफूंदीनाशक जैसे कैराथेन, बाविस्टिन का छिड़काव भी प्रति लीटर पानी में 1 ग्राम की दर से किया जा सकता है।

**झुलसा, (विल्ट) :** यह बीमारी केवल जड़ों पर आक्रमण करती है, जो इसके प्रभाव से काली पड़ जाती हैं। इसके कारण पौधा तुरंत झुलस जाता है और मर जाता है। अगेती किस्म इससे ज्यादा प्रभावित होती है।

## रोकथाम का उपाय

फसल को अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में या नवम्बर में बोए, क्योंकि इस समय बोई गई फसल साधारणतया झुलसे के आक्रमण से बच जाती है। सितम्बर या अक्टूबर के शुरू में बोई गई फसल को इस बीमारी से सबसे अधिक पहुँचता है।

## उतराई

सब्जी के उद्देश्य से फलियों के उपयोग के अनुसार ही मटर को उतारा जाता है। जब फलियों का रंग गहरे से हल्के रंग में बदल रहा हो तथा वे अच्छी प्रकार भर गई हो तथा सख्त न हो, तभी उन्हें तोडिए। फलियाँ तोड़ने के दौरान पौधे को सावधानी से पकडिये ताकि इसमें और फलियाँ लग सकें। यदि फलियाँ तोड़ते समय बेलें टूट गई तो शेष फलियाँ समुचित रूप से विकसित नहीं होंगी।

## पैदावार

**साधारणतः** अगेती क़िस्में प्रति हेक्टेअर 80 से 100 क्विंटल हरी फलियाँ देती हैं। मध्य मौसमी तथा पछेती क़िस्म 100 से 120 क्विंटल प्रति हेक्टेअर से अधिक की पैदावार देती हैं।

Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Saturday, 06 January 2024



## BRIEF NEWS

### झामुमो विधायक सीता सोरेन ने सीबीआई कोर्ट में पासपोर्ट जमा किया

**RANCHI :** राज्यसभा चुनाव से जुड़े हॉर्स ट्रेडिंग मामले की आरोपित झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की विधायक सीता सोरेन ने शुक्रवार को रांची सीबीआई कोर्ट पहुंची। इस दौरान उन्होंने सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में अपना पासपोर्ट जमा किया। इस मामले में सीबीआई ने सीता सोरेन के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। सीबीआई ने चार्जशीट में बताया है कि सीता सोरेन ने राज्यसभा चुनाव में वोटिंग के लिए 50 लाख रुपये लिये थे। जबकि बैंक खातों के जरिये भी पैसे लिये गये थे। सीता सोरेन पर वर्ष 2012 में हुए राज्यसभा चुनाव में पैसे लेकर एक उम्मीदवार के पक्ष में वोट देने के आरोप में आपराधिक मामला चल रहा है।

### घर के कमरे में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**RANCHI :** रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित सिराजुद्दीन लेन स्थित एक घर से पुलिस ने एक व्यक्ति का शव शुक्रवार को बरामद किया है। मृतक की पहचान अंकुर मोदी के रूप में हुई है। घर से बदबू आने की सूचना पर आसपास के लोगों ने कोतवाली पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम द्रष्ट्या मामला अत्यधिक शराब पीने की वजह से मौत का प्रतीत होता है। कमरे से शराब की बोतलें और नशीले टैबलेट मिले हैं। थाना प्रभारी शैलेश कुमार ने बताया कि एफएसएल टीम को बुलाया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

### राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक नौ को

**RANCHI :** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक नौ जनवरी को शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। बैठक में महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे। कैबिनेट की बैठक को लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय ने शुक्रवार को आदेश जारी किया और सभी विभागों से प्रस्ताव भी मांगा है।

### श्री पहाड़ी बाबा का 26वां वार्षिकोत्सव सात को

**RANCHI :** शिव मंडल की ओर से श्री पहाड़ी बाबा का 26वां वार्षिकोत्सव सात जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। मंडल की नित्य पूजा-आरती के बाद सुबह 7.30 बजे हनुमान जी की ध्वज पूजन के साथ 9 बजे से मुख्य मंदिर में महारुद्राभिषेक आचार्य श्याम सुंदर भारद्वाज अपने 11 विद्वान पंडितों के साथ मंत्रोच्चारण के साथ करेंगे। इस दौरान दूध-दही-मधु-गन्ने का रस और गंगाजल और अन्य पूजन सामग्री मंडल के संयोजक सह मुख्य यजमान प्रेमशंकर चौधरी अपनी पत्नी अनुपमा चौधरी के साथ महारुद्राभिषेक करेंगे।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

## हनुमंत कथा आयोजन समिति की रिट याचिका की पर हुई सुनवाई

# हाईकोर्ट नें धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम पर जल्द निर्णय लेने का दिया निर्देश




**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में पलामू में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बाबा बागेश्वर धाम सरकार) के 10 से 15 फरवरी के प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में दाखिल हनुमंत कथा आयोजन समिति की रिट याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने उपायुक्त पलामू को निर्देश दिया कि तीन जनवरी को हनुमंत कथा आयोजन समिति द्वारा बाबा बागेश्वर धाम के कार्यक्रम को लेकर दिए गए डिटेल एक्शन प्लान पर एक सप्ताह में समुचित निर्णय लें।

कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि पिछले दो साल में झारखंड में कितने धार्मिक कार्यक्रमों को अनुमति दी गई और कितने के कार्यक्रम को रिजेक्ट किया गया। कोर्ट ने मुख्य सचिव को यह भी बताने को कहा है कि राज्य में पहले जो भी धार्मिक आयोजन हुए हैं उनमें जो शर्त लगाई गई थी क्या वैसे ही शर्त बाबा बागेश्वर धाम के कार्यक्रम में है या कुछ और शर्तें उनके कार्यक्रम में लगाई गई हैं। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी निर्धारित की है।

इससे पहले याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि एक बार फिर कई कारण बताते हुए पलामू डीसी ने बाबा बागेश्वर धाम के कार्यक्रम को रद्द कर दिया है। इसके बाद तीन जनवरी को हनुमंत कथा आयोजन समिति ने बागेश्वर धाम के कार्यक्रम पर हनुमंत कथा आयोजन समिति ने एक डिटेल एक्शन प्लान पलामू उपायुक्त को सौंपा है, जिस पर पलामू उपयुक्त ने अभी कोई आदेश पारित नहीं किया हैं।

पिछली सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि पलामू उपायुक्त द्वारा कई कारणों से पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को रद्द किए जाने के बाद पंडित धीरेंद्र शास्त्री के पलामू में प्रस्तावित कार्यक्रम अब फरवरी 10 से 15 फरवरी निर्धारित किया गया है। यह कार्यक्रम अब रैयती भूमि पर होगा। इसके लिए ग्राम सभा से अनुमति भी मिल गई है। पुराने कार्यक्रम स्थल जो नदी के किनारे पर था वहां पर उपायुक्त ने इकोलॉजिकल बैलेंस बिगड़ने की बात को लेकर कार्यक्रम रद्द कर दिया था लेकिन अब जो नया स्थल रहती भूमि पर चयनित किया गया है, वहां इकोलॉजिकल बैलेंस बिगड़ने जैसी कोई बात नहीं है।कार्यक्रम स्थल ग्राम ओरनार, चैनपुर ब्लॉक, पलामू में निर्धारित है।

### पूजा सिंघल ने ली हाईकोर्ट में दाखिल याचिका वापस

**RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में मनरेगा घोटाला मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की ओर से निचली अदालत द्वारा डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका की आंशिक सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से याचिका वापस लेने का आग्रह कोर्ट से किया गया, जिसके बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता को याचिका वापस लेने की अनुमति प्रदान की। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने पूजा सिंघल के डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था।दरअसल, खूंटी जिला में हुए मनरेगा घोटाला मामले में ईडी ने पूजा सिंघल को 11 मई, 2022 को गिरफ्तार किया था। उनके पति अभिषेक झा को सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम बेल दी थी।

## HC ने राहुल गांधी से जुड़े मामले में मांगा लोअर कोर्ट का रिकॉर्ड



**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले में शुक्रवार को आंशिक सुनवाई हुई। जस्टिस अंबुजनाथ की कोर्ट ने मामले में लोअर कोर्ट रिकॉर्ड एलसीआर की मांग की है। नवीन झा के अधिवक्ता विनोद साहू ने पक्ष रखा। यह मामला साल 2018 का है। दिल्ली में कांग्रेस अधिवेशन के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि एक हत्यारा सिर्फ भाजपा में ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है, कांग्रेस में नहीं। राहुल गांधी की इस आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद भाजपा नेता नवीन झा ने निचली अदालत में एक याचिका दायर की और बाद में मामला हाई कोर्ट पहुंचा। राहुल गांधी की तरफ से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश केस लड़ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि झारखंड में राहुल गांधी के खिलाफ इस वक्त तीन केस चल रहे हैं। एक तो नवीन झा ने उन पर मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले में एक और मुकदमा भाजपा नेता प्रताप कुमार ने चाईबासा कोर्ट में दायर किया था।

## झारखंड हाईकोर्ट ने सेना की भूमि की खरीद-बिक्री मामले में जताई नाराजगी

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट में बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद-बिक्री घोटाले मामले में आरोपित अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एसएन प्रसाद की कोर्ट ने अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से समय में मांगे जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने मौखिक कहा कि बहस जल्द पूरी करें अन्यथा कोर्ट अपना आदेश पारित करेगी।


ईडी कोर्ट ने अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम,अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है।

### HC ने पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

**RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में टेंडर मैनेज करने और साहेबगंज जिले में अवैध खनन के जरिए अकूत संपत्ति अर्जित करने के आरोपित मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले में ईडी से जवाब मांगा है। कोर्ट ने पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए आठ फरवरी की तिथि निर्धारित की है। इससे पहले ईडी की विशेष अदालत में पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को ईडी ने पिछले वर्ष जुलाई महीने में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान ईडी पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपये भी जब्त कर चुकी है।

## झामुमो प्रवक्ता के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर भाजपा का पलटवार

# हेमंत सोरेन गरीबों का सर्वाधिक शोषण करने वाली सरकार : प्रतुल शाहदेव


प्रतुल शाहदेव।

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार को झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर पलट वार करते हुए वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार को झारखंड के इतिहास की गरीबों का सर्वाधिक शोषण करने वाली सरकार बताया। प्रतुल ने कहा कि जितना इस सरकार में आदिवासी, महिला उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ी, उतना पहले कभी नहीं था। इस सरकार पर 70000 करोड़ के घपले घोटाले का आरोप लगा। मुख्यमंत्री की सदस्यता पर खुद तलवार लटकी हुई है।

प्रतुल ने कहा कि राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि मुख्यमंत्री ने पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने के लिए गांडेय सीट खाली करा दिया लेकिन यह कदम उनका राजनीतिक ब्लंडर साबित हुआ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में यशवंत राव बनाम इलेक्शन कमिशन आफ इंडिया के मुंबई उच्च न्यायालय के जजमेंट का हवाला देते हुए बताया था कि एक वर्ष की तिथि की गिनती उस दिन से नहीं की जाएगी जिस दिन से रिक्ति हुई है, बल्कि ये गिनती जिस दिन नया विधायक निर्वाचित होगा, उस दिन से होगी यानी सरफराज अहमद की अकारण राजनीतिक बलि हो गई।

प्रतुल ने कहा कि इस सरकार में सिर्फ उन आदिवासियों का विकास हुआ जो या मुख्यमंत्री के परिजन है या उनके करीबी है। इनके परिजनों या उनके इनर सर्कल के लोग को ही माइनिंग लीज और जमीन का लीज मिला। प्रतुल ने कहा कि हेमंत सोरेन का कार्यकाल झारखंड के काले अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। जब पूरी की पूरी राज्य मशीनरी ने एक होकर राज्य में भ्रष्टाचार का नंगा नाच किया।

## धूमधाम से मना जैप वन का 144वां स्थापना दिवस



**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड सशस्त्र पुलिस बल (जैप वन) का 144वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर डोरंडा स्थित जैप वन परिसर स्थित मैदान में परेड का आयोजन हुआ। समारोह में जैप के एडीजी आरके मल्लिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि जैप का गौरवशाली इतिहास है। सिर्फ छह साल बाद यह वाहिनी 150वां स्थापना दिवस मनायेगी, जो किसी भी बल के लिए गौरव का विषय होगा। राजकुमार मल्लिक ने कहा कि अंग्रेजी शासनकाल में 1880 में इसका गठन हुआ था। इस वाहिनी ने इतिहास को करवट लेते देखा है। 1947 के विभाजन की त्रासदी और 1971 की जंग के दौरान भी इस वाहिनी को आंतरिक सुरक्षा का दायित्व दिया गया था। उन्होंने कहा कि इतिहास को देखे, सबक लें और आगे बढ़े। विषम परिस्थिति में भी कूल टेंपरामेंट के साथ काम करते हैं, यह बहुत दुर्लभ गुण है। वाहिनी के जवानों ने खेल के क्षेत्र में भी काफी नाम कमाया है। राष्ट्रीय खेलों एवं कॉमनवेल्थ गेम्स में जैप के खिलाड़ियों ने मेडल जीतकर वाहिनी का नाम बढ़ाया है। मुझे उम्मीद है कि वाहिनी के गौरव में और बढ़ोत्तरी होगी। इससे पूर्व जैप डीआईजी मयूर पटेल कनैयालाल ने अपने संबोधन में जैप वन के इतिहास के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। टंग ऑफ वार तथा खुखरी डांस का भी आयोजन हुआ।

## झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस की आयोजित, बोले-

# 2024 निर्णायक वर्ष, लोस व राज्य के लिए भी महत्वपूर्ण



प्रेस कांफ्रेंस कर मीडिया को जानकारी देते सुप्रियो भट्टाचार्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 2024 बहुत ही निर्णायक वर्ष है। यह वर्ष लोकसभा चुनाव के लिए और राज्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। जनता चुनाव में पूरी तरह से जवाब देने के लिए तैयार है। भट्टाचार्य शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 1951 भारत निर्वाचन आयोग का गठन हुआ नियमावली बनी पंचायत से राज्य और देश स्तर से कैसे चुनाव होंगे इसकी पूरी जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग को दी गई। मतदान के आधार पर सरकार का चुनाव होता रहा हैं। इसी प्रकिया के तहत 2019 में राज्य में हेमंत सोरेन सरकार का गठन हुआ। सरकार गठन होने के ठीक बाद कोरोना आ गया, जिससे राज्य प्रभावित हुआ। इससे भी निकलने में राज्य सरकार सफल रही। दो वर्षों से लगातार सरकार सीधे जनता से जुड़ी रही है। यह शायद राज्य के लिए अभिशाप बन गया। यह मुख्य विरोधी दल को रास नहीं आया।

उन्होंने कहा कि कर्नाटक से चला सरकार गिरने वाली प्रक्रिया भाजपा ने झारखंड में भी प्रयोग किया लेकिन इसमें भी सफल नहीं हुई। तब जाकर एक नई कहानी लिखी गई और उसपर कार्रवाई शुरू कर दी गई, जो कार्रवाई आज भी जारी है। जनता के बीच भ्रम की स्थिति पैदा करने की कोशिश की गई लेकिन यह भी मनसूबा भाजपा की सफल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सरकार आज भी सचिवालय में बैठकर काम कर रही हैं। भाजपा नहीं चाहती है कि राज्य के आदिवासी, दलित अल्पसंख्यक का बच्चा विदेश में जाकर पढ़ाई करे। जब हर तरफ सरकार आगे बढ़ने गली तो भाजपा के लोग घबरा गये। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व्याख्यान देने लगे। बिना जानकारी के ज्ञान देने लगे। भाजपा को सिर्फ एक ही जानकारी है कि चुनाव आयोग मेरा है। भाजपा ने 2019 के चुनाव के चरण और तिथि तक बता दी थी, जिस महाराष्ट्र को लेकर भाजपा के सांसद बात कर रहे हैं उन्हें उसकी पूरी जानकारी नहीं हैं। पुणे में चुनाव इसलिए रोक दिया गया कि भाजपा वहां के उप चुनाव में हार रही थी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपना काम कर रही है। वर्तमान सरकार ने दो साल में तीन जेपीएससी परीक्षाओं का सफल आयोजन कराया। रोजगार के लिए आगे भी सरकार काम करती रहेगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राज्यपाल पर निर्भर होता है कि कोई व्यक्ति को बुलाए और शपथ ग्रहण करें। इसके बाद छह महीने के अंदर विधानसभा से चुनकर आना होगा। भ्रम की स्थिति ना पैदा हो। इसलिए हम सभी ने निर्वाचन आयोग से मुलाकात की।

### झारखंड में राजनीतिक उठापटक पर कांग्रेस आलाकमान की पैनी नजर : राजेश ठाकुर

**RANCHI :** झारखंड में जारी राजनीतिक उठापटक पर कांग्रेस आलाकमान की पैनी नजर है। यह बात नई दिल्ली में कांग्रेस की बैठक में शामिल होकर शुक्रवार को लौटने के बाद झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि बैठक में राज्य के ताजा हालात पर चर्चा हुई। साथ ही राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा को राज्य के सभी जिलों से गुजरने की मांग की गई। ठाकुर ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी ने राज्य को तीसरे स्थान पर रखा है और जिस तरह का अन्याय राज्य में हो रहा है, यह न्याय यात्रा कार्यकताओं के लिए उत्साहवर्धक साबित होगा। यात्रा की सूचना मिलने के बाद से कार्यकताओं में खुशी की लहर है और हम लोगों ने एक खाका तैयार करके आलाकमान को दिया है।

## खबरें राउरकेला की

### ओड़िशा में बीजेपी अकेले लड़ेगी चुनाव : मनमोहन सामल



**ROURKELA :** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनमोहन सामल और सांसद अपराजिता सारंगी ने दावा किया है कि भाजपा 147 विधानसभा सीटों और 21 लोकसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी और राज्य में सरकार बनाने में सक्षम होगी। शुक्रवार को राउरकेला मे मायफेयर होटल में आयोजित मंथन बैठक के बाद दोनों नेताओं ने यह बात कही।

### इंडो इंग्लिश स्कूल का 19वां वार्षिकोत्सव संपन्न विद्यार्थियों को मिला पुरस्कार



**ROURKELA :** बणईगढ़ कंतोजोडी स्थित इंडो इंग्लिश स्कूल का 19वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएफओ ललित कुमार पात्र उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बणईगढ़ कॉलेज के अध्यक्ष जेनामणि साहू, राउरकेला इंडो इंग्लिश स्कूल के डॉ. के बिस्वनाथ शामिल हुए। प्रारंभ में विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय मिहिर वरुण मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। विद्यालय के शिक्षक गिरिहारी साहू ने अतिथियों का परिचय कराया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किये गये। अंत में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन इंडो इंग्लिश स्कूल के काउंसिलर फिरोज खान, शिक्षिका किरण बाला जेना, संजुक्ता नयाक, चांदना राणी ने किया।कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक और अभिभावक भी मौजूद थे।

### भंज भवन प्रदर्शनी मैदान में किलिंग हर्बल मेले का हुआ उद्घाटन



**ROURKELA :** राउरकेला में किंग हर्बल मेले का उद्घाटन किया गया । आयुर्वेदिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए राउरकेला वन विभाग द्वारा मेले का आयोजन किया जा रहा है। श्रम मंत्री सारदा प्रसाद नयाक और रघुनाथपल्ली विधायक सुब्रत तराई ने भंज भवन प्रदर्शनी मैदान में आयोजित हर्बल मेले में भाग लिया। मेला आठ जनवरी तक चलेगा। मेले में राज्य और राज्य के बाहर से आयुर्वेदिक डॉक्टर भी आये हैं। इस हर्बल मेले में कुल 80 स्टॉल हैं।मेला प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा।

### ह्यूमन सागर ने जात्रा उत्सव में मचाया धूम



**SUNDARGARH :** 13वें जात्रा उत्सव के चौथे दिन शाम गायक ह्यूमन सागर के मधुर संगीत से श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये। चौथे दिन माननीय विधायक राजगांगपुर डॉ. सीएस राजेन एक्का, सुंदरगढ़ विधायिका कुसुम टेटे, पद्मश्री डॉ. दीलिप तिर्की, सुंदरगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष तानिया मिश्रा और उपाध्यक्ष श्री लालतेन्दु परिदा, एम.सी.एल. बसुंधरा के जनरल एडिटर श्री पाले बुची रेड्डी अतिथि के रूप में शामिल हुए। आज शाम के सांस्कृतिक कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल का पुरुलिया छाऊ नृत्य, कालाहांडी का घमुरा नृत्य और ह्यूमन सागर की ओर से स्टार नाइट का आयोजन किया गया।दर्शकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेने के साथ-साथ पल्लश्री मेले में विभिन्न प्रकार के सामान भी खरीदे और फूड कोर्ट से विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद लिया। आज इस अवसर में पद्मश्री डॉ. दीलिप तीर्की और पूर्व हॉकी स्टार लाजरूस बारला को सम्मानित किया गया।

### वैन पलटने से एक की मौत



**SUNDARGARH :** सुंदरगढ़ के भस्म पुलिस थाना अंतर्गत गुलाथा रोड के पास पिकअप वैन के पलट जाने से 1 व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 12 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक व्यक्ति की पहचान सुबल पटेल के रूप में हुई। दुर्घटना तब हुई जब एक कीर्तन समूह केनपाली से झारसुगुड़ा जा रहा था।

### आज से और होगा उग्र नए हिट एंड रन कानून के खिलाफ आंदोलन




**ROURKELA :** सुंदरगढ़ में शनिवार से आंदोलन तेज किया जायेगा। वाहनों का आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा। जब तक मांग पूरी नहीं होगी, पहिया नहीं घूमेगा। ऐसी घोषणा सुंदरगढ़ जिला ड्राइवर एसोसिएशन ने की है। हिट एंड रन मामलों में केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए कानून को रद्द करने की मांग को लेकर यह आंदोलन किया जा रहा है। ड्राइवर्स यूनियन द्वारा देश भर में स्टीयरिंग व्हील छोरो आंदोलन शुरू हुआ, लेकिन आंदोलन दो दिनों तक सामान्य बना रहा। लेकिन शनिवार से यह आंदोलन और तेज किया जाएगा। महासंघ ने कहा है कि हिट एंड रन कानून वापस होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

# इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग पर माथापच्ची

## कांग्रेस इन सीटों पर लगा रही ताकत,किशनगंज के साथ पिछले चुनाव में दूसरे स्थान पर रही सीटों पर दावा

**पटना ।** इंडिया गठबंधन में सीटों को लेकर माथापच्ची जारी है। इस बीच जेडीयू ने अरुणाचल में पश्चिम पीसी से रुही तांगुंग के नाम की घोषणा कर दी है। वहीं, बिहार के सीतामढ़ी से देवेश चंद्र ठाकुर चुनाव लड़ेंगे। वे बयान भी दे रहे हैं कि उनका नाम पक्का है।कांग्रेस जिन सीटों पर पिछले लोकसभा चुनाव में दूसरे नंबर पर रही है, वह उनकी ताकतवर सीट हैं। ऐसी कई सीटों पर जेडीयू के उम्मीदवार की जीत हुई थी। इसलिए दोनों पार्टियों को बीच का रास्ता निकालना होगा। बताया जा रहा है कि इसी को लेकर गुरुवार को दिल्ली में कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक हुईबता दें, 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस ने कहा था कि ज्यादा सीटों पर लड़ने के बावजूद पार्टी सिर्फ 19 सीटें इसलिए जीत पाई,







क्योंकि उसे कमजोर सीटें दी गई थीं।तेजस्वी यादव यह मानते रहे हैं कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में ज्यादा सीटें लेकर खराब परफॉर्म किया। यही वजह है कि उपचुनावों में आरजेडी ने कांग्रेस को साथ नहीं लिया था। इसलिए कांग्रेस कमजोर सीट लोकसभा में नहीं ही चाहेगी।

पेंच नहीं है: अखिलेश प्रसाद सिंह कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह से सवाल किया कि पांच सीटों पर पेंच फंस रहा है। आप ऐसी सीटों पर दूसरे नंबर पर रहे थे और जेडीयू उम्मीदवार की जीत हुई थी?इसके जवाब में उन्होंने कहा कि कहीं कोई पेंच नहीं फंस रहा है। हम लोग आपस में सीटों पर बात करेंगे। कोई मसला ऐसा नहीं है, जिसे सुलझाया नहीं जा सकता है।कटिहार, मुंगेर, सुपौल, पूर्णिया, बाल्मीकिनगर में पहले नंबर पर जेडीयू और दूसरे नंबर पर कांग्रेस रही। जेडीयू अपनी जीती हुई सीट देने को तैयार नहीं है। वहीं, कांग्रेस अपनी जीती हुई किशनगंज के साथ अन्य सीटों पर उम्मीदवार देना चाहती है, जहां उसकी ताकत दूसरे नंबर पर रही। इन सीटों की स्थिति पर गौर कीजिए कटिहार - यहां से जेडीयू के दुलालचंद गोस्वामी चुनाव जीते और कांग्रेस के कद्दावर नेता तारिक अनवर की हार हुई थी। दुलालचंद गोस्वामी को 5 लाख 59 हजार 423 और तारिक अनवर को 5 लाख 02 हजार 220 वोट मिले थे। मुंगेर- यहां से जेडीयू के कद्दावर नेता राजीव रंजव उर्फ ललन सिंह ने अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी को चुनाव हराया था। ललन सिंह को 5 लाख 28 हजार 762, जबकि नीलम देवी को 3 लाख 60 हजार 825 वोट मिले थे।बाद में जब मोकामा विधायक अनंत सिंह जेल गए तो इस सीट पर उपचुनाव हुआ और नीलम देवी ने चुनाव जीता। अभी नीलम देवी आरजेडी से विधायक हैं।

ललन सिंह ने हाल ही में जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दिया है और उनकी जगह नीतीश कुमार जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए गए।

## छात्राओं का आरोप-टीचर गलत तरीके से छूते



**पटना ।** पटना के बीएन कॉलेजिएट में पढ़ने वाली नौवीं की छात्राओं ने शिक्षक राजेश कुमार पर छेड़खानी और मारपीट का आरोप लगाया है। छात्राओं का कहना है कि शिक्षक किसी ना किसी बहाने बॉडी को गलत तरीके से टच करते है। इसकी शिकायत प्रिंसिपल से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद परिजनों को जानकारी दी।वहीं, जानकारी मिलने पर गुरुवार को गुस्साए परिजन स्कूल पहुंचे। इस दौरान टीचर ने बाहरी लड़कों को बुला लिया और परिजनों के साथ मारपीट करने लगे। वहीं, पीड़ित छात्राओं को ही 10 दिनों के लिए स्कूल से सस्पेंड कर दिया गया।स्कूल प्रशासन के इस कदम के बाद 7 छात्राओं और कुछ छात्र ने मिलकर डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज कराई। छात्राओं की शिकायत पर इस मामले में डीएम ने जांच टीम का गठन कर दिया है। जिला कलेक्टर ने कहा है कि मामला गंभीर है, दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित छात्राओं ने डायल-112 पर शिकायत की। डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन दोषी शिक्षक पर कार्रवाई करने के बदले समझौता करवाने लगी।पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो छात्राएं अपने परिजनों के साथ डीएम आवास पहुंचीं। यहां हाई वोल्टेज ड्रामा चला। फिर गांधी मैदान की गश्ती टीम मौके पर पहुंची और समझाने की कोशिश की, लेकिन छात्राएं केस दर्ज कराने के लिए अड़ी रही। फिर जिला नियंत्रण कक्ष से मजिस्ट्रेट पहुंचे और छात्राओं से आवेदन लिया।

## दूध सेंटर और हार्डवेयर दुकान में चोरी

**समस्तीपुर ।** समस्तीपुर के मोहिउद्दीन नगर थाना के महमदीपुर मनियर गांव में गुरुवार रात चोरों ने एक दूध केंद्र और हार्डवेयर दुकान को निशाना बनाया। बदमाशों ने दूध सेंटर में रखा कंप्यूटर- सीपीयू समेत एक लाख की चोरी कर ली। वहीं हार्डवेयर दुकान की खिड़की तोड़कर चोरी का कोशिश की।सुबह दुकानदार को चोरी की जानकारी मिली। मामले की जानकारी मोहिउद्दीननगर पुलिस को दी गई



।मौके पर पहुंच कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दूध केंद्र संचालक रंजीत कुमार और हार्डवेयर दुकानदार ब्रजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि सभी लोग देर शाम अपनी-अपनी दुकानों को बंद कर घर चले गए थे। सुबह जब वे लोग दुकान खोलने के लिए पहुंचे तो दूध सेंटर के दरवाजे के नीचे का ईंट निकाला हुआ था और होल बनाकर बदमाश दुकान के अंदर घुसे थे।वहीं ब्रजेश कुमार मिश्रा के हार्डवेयर दुकान का खिड़की तोड़कर चोरी की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि समान का मिलान किया जा रहा है।

## काला गुड़ बनाने वाले किसानों को अधिकारियों ने रोका

**बगहा ।** बगहा के नौरंगिया में अवैध रूप से गुड़ उत्पादन को लेकर विभाग सख्त हो गया है। इसे लेकर विभाग के द्वारा गुड़ उत्पादन करने वाले लोगों के खिलाफ नोटिस जारी किया है। जिला गन्ना पदाधिकारी श्रीराम सिंह ने बताया कि नौरंगिया में काला गुड़ का निर्माण किया जाता है। काले गुड़ का इस्तेमाल शराब बनाने में किया जाता है।बिहार ड्राई स्टेट है, इसी को देखते हुए सभी क्रशर मालिकों को नोटिस कर दिया गया है। इसके साथ ही मौखिक रूप से भी सभी को आगाह किया गया है। ताकि लोग गुड़ का उत्पादन नहीं कर पाएं। इस बीच तकरीबन 6 गुड़ उत्पाद करने वाले क्रशर के



मालिकों को नोटिस मिला है।क्रशर चलाने वाले किसानों का कहना है कि शुगर मिल द्वारा समय से ना तो चलान मिल पा रहा है और न ही लागत के अनुसार गन्ने का रेट ही मिल रहा है। ऐसे में गन्ना उत्पादन करना हमारी मजबूरी है।गन्ना उत्पादन करने वालों ने बताया कि चीनी मिल के दबाव के कारण अधिकारी ऐसा कर रहे हैं। हमारे द्वारा उत्पादन किए गए गुड़ बिना केमिकल के हैं, जो हानि नहीं करते। इसलिए देखने में थोड़े बड़े लगते। इस गुड़ को केमिकल फ्री रहने वाले लोग इस्तेमाल करते हैं जिसे जबरदस्ती रोका जा रहा है। एक तरफ सरकार रोजगार देने की बात कर रही है तो वहीं दूसरे तरफ रोजगार लिया जा रहा है।किसानों को लगभग तीन लाख तक होती कमाईकाला गुड़ नवंबर से फरवरी तक के सीजन में बनाए जाते हैं। गन्ने से इसका उत्पादन होता है। बताया जाता है कि इस सीजन में एक किसान को करीब 2.5 लाख से 3 लाख रुपए की कमाई होती है। किसानों का कहना है कि ये आम लोगों से लेकर मवेशियों के इस्तेमाल में आता है। इसका उत्पादन यूपी और आसपास के राज्यों में भी करते हैं। दुकानों में बिकती है।

## प्रभात फेरी के साथ 357 वां प्रकाश पर्व

**पटना ।** पटना सिटी में शुक्रवार की सुबह ₹बोले सो निहाल, तख्त श्री अकाल₹ की गूंज से पूरा इलाका गूंजायमान हो गया। सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के 357 वां जन्मउत्सव के मौके पर शुक्रवार को पटना सिटी में प्रभात फेरी के साथ प्रकाश उत्सव पर्व का आगाज हुआ। प्रकाश उत्सव पर्व में इस वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पटना साहिब तक श्री हरमंदिर दर्शन के लिए निमंत्रण पत्र भेजा गया है। जनवरी माह में आयोजित होने वाले प्रकाश उत्सव पर्व का आगाज शुक्रवार की अहले सुबह से हो गई है। मुख्य रूप से प्रकाश उत्सव पर्व 15 ,16 और 17 जनवरी को



आयोजित किया जाना है। इसको लेकर 11 दिन का प्रभात फेरी शुक्रवार की सुबह तक श्री हरमंदिर गुरुद्वारा साहब से प्रारंभ हुआ और नगर भ्रमण बाल लीला गुरुद्वारा होते हुए वापस तक श्री हरमंदिर लौट गई। प्रकाश उत्सव पर्व को लेकर पूरे गुरुद्वारा को भव्य रूप से रंग बिरंगी रोशनी और फूल माले से सजाया जा रहा है।इस वर्ष प्रकाश उत्सव पर्व में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी निमंत्रण पत्र भेजा गया है। प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष सरदार जगजोत सिंह शाही ने बताया कि पटना सिटी तक तख्त श्री हरमंदिर गुरु की पावन भूमि है।इस पावन भूमि पर वर्ष 2023 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू , 2021 में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, 2008 में राष्ट्रपति प्रतिभा पाटील, 2003 में तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजी अब्दुल कलाम के अलावा राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, आई के गुजराल के अलावा कई केंद्रीय मंत्री गुरु के दरबार में माथा टेकने आ चुके हैं।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**छपरा ।** छपरा के परसा में शुक्रवार की सुबह एक युवक का सव खेल मैदान में मिला। शव पेड़ से रस्सी के सहारे लटका हुआ था। देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान परसा थाना क्षेत्र के मारण टोले खोरोडीह निवासी संदीप कुमार (22) पिता भगीरथ सिंह के रूप में की गई है।स्थानिय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल में जुट गई है। मृत्तक गुरुवार की शाम से लापता था। शुक्रवार की सुबह शव बरामद हुआ है। जरूरी काम से निकला था मृतक के छोटे भाई ने बताया है कि मृतक गुरुवार को अपने घर पर



अकेला था। पिता जी कलकत्ता में नौकरी करते है। मां किसी जरूरी काम को लेकर ननिहाल गई हुई थी। जरूरी काम बोलकर संदीप गुरुवार की शाम घर से निकला था। देर शाम तक वापस नहीं आने पर खोजबीन शुरू की गई। पर वो नहीं मिला था। शुक्रवार की सुबह उसकी लाश मिली।

## संक्षिप्त डायरी

### कपड़े की दुकान में लगी आग

**सीवान ।** सीवान के मैरवा नगर स्थित शाही मार्केट में एक कपड़े की दुकान में आग लग गई। आग लगने के कारण लगभग 5 लाख रुपए के कपड़ा जलकर राख हो गए। मैरवा थाना क्षेत्र के प्राणगढ़ी निवासी रवि कुमार शाही मार्केट में लक्ष्मी कलेक्शन के नाम से दुपट्टे की दुकान चलाता है।रवि ने कहा कि गुरुवार की संध्या 6:00 बजे दुकान बंद कर वापस घर लौट गए थे। दुकान



की बिजली भी ऑफ कर दी थी। शुक्रवार की सुबह 4:00 बजे के आसपास लोगों ने रवि को फोन कर जानकारी दी कि दुकान से धुआं निकल रहा है। दुकान के पास पहुंचे और दुकान को खोला तो देखा दुकान में पूरे कपड़े जलकर राख हो गए। अग्निशमन विभाग की टीम को सूचना दी। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया।रवि ने कहा कि लगभग 5 लाख रुपए के कपड़े जलकर राख हो गए। उसने एक सप्ताह पूर्व ही कर्ज लेकर 3 लाख रुपए के कपड़े मंगवाए थे। इधर रवि के परिजन घटना के बाद रोते हुए नजर आए।दुकानदार ने कहा कि दुकान से जाते समय बिजली पूरी तरह से काट दी थी। आग कैसे लगी ये स्पष्ट नहीं हो पा रहा।

### उत्पाद विभाग ने 74 लोगों को किया गिरफ्तार

**गोपालगंज ।** गोपालगंज के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शराब के खिलाफ उत्पाद विभाग की टीम ने विशेष अभियान चलाकर कुल 47 लोगों को शराब पीने और बेचने के मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ उत्पाद विभाग ने उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।अभी कार्रवाई लगातार जारी रहेगीउत्पाद विभाग की इस कार्रवाई में शराब पीने के आरोप में 33 और शराब बेचने के आरोप में 14 कुल 47 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई। इसके लिए अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की गई। इस संदर्भ में उत्पाद अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि नोडल रेड के





तहत कुल 47 लोगों को गिरफ्तार कर उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अभी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगीग्

### मंदिर व घरो में की चोरी का खुलासा, 1 गिरफ्तार

**बाड़मेर ।** बालोतरा जिले की कल्याणपुर पुलिस ने बंद मकानों में हुई चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। चोर ने 6 दिन में इलाके में दो जगह चोरी करना कबूल किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट पेश कर रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। अब तक पूछताछ में आरोपी ने घरों और मंदिरों में चोरी करना कबूल किया है।दरअसल, कल्याणपुर इलाके में सर्दी बढ़ने के साथ चोरी की घटनाएं बढ़ रही थी। इसको लेकर पुलिस ने अलग-अलग टीमें बनाकर चोरों की तलाश शुरू की। पुलिस ने कल्याणपुर, समदड़ी, धवा, लूणावास व बालोतरा जगह-जगह मार्गो पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालकर जांच की।

संदिग्ध लोगों से पूछताछ करने के साथ चालान सुदा आरोपियों से पूछताछ की गई। मुखबिर व तकनीकी मदद से संदिग्ध महेंद्रसिंह पुत्र गणपतसिह निवासी सेवा पुलिस थाना झंवर व उसके साथ शामिल लक्ष्मणराम पटेल द्वारा चोरी की घटना करना सामने आया। इस पर महेंद्रसिंह को जोधपुर से डिटेन कर पूछताछ की गई। आरोपी ने पूछताछ में कल्याणपुर थाने में दर्ज दो अलग-अलग मामले में चोरी करना कबूल किया। इस पर पुलिस ने आरोपी महेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया।

### समलैंगिक लड़कियों के प्रेम का मामला

**चंडीगढ़ ।** चंडीगढ़ में प्यार करने वाली दो समलैंगिक लड़कियों के केस में पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने दूसरी लड़की (प्रेमिका) को अगली पेशी पर कोर्ट में हाजिर करने के आदेश दिए हैं। पंचकूला पुलिस के मुताबिक ये दूसरी लड़की फिलहाल बिहार के किसी गांव में है और उसकी उम्र 18 वर्ष से कम है।दो लड़कियों में से एक ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए अपनी प्रेमिका की जान को खतरा बताया है। याचिकाकर्ता की मां और प्रेमिका के बीच बातचीत को आधार मानते हुए हाईकोर्ट ने मामले को गंभीर माना है और पुलिस को सख्त निर्देश दिए हैं। पुलिस को कहा है कि जल से जल्द दूसरी लड़की को का पता लगाया जाए और उसको परिवार सहित कोर्ट के सामने पेश किया जाए।याचिकाकर्ता लड़की ने कोर्ट को बताया कि वह पंचकूला में अपने पड़ोस में रहने वाली लड़की से प्यार करती है। इस बारे में जब उस लड़की के परिजनों को पता चला तो उन्होंने हम दोनों को अलग करने की कोशिश कर दी। इसके बाद हम दोनों दिल्ली चले गए थे। बाद में हमें पता चला कि उसकी प्रेमिका के परिजनों ने लड़की के अपहरण की शिकायत पुलिस को दी है। इस जानकारी के बाद दोनों पुलिस स्टेशन पहुंची। अपने बयान दर्ज करवाने की बात कही।पुलिस वाहन में वापस थाने लेकर आए। थाने में दोनों को पुलिस ने बहुत मारा। यहां उसकी प्रेमिका के परिजन मौजूद थे। इसके बाद उसके परिजन उसे अपने साथ लेकर चले गए।

## नगर निगम ने 43 सफाई कर्मी का बदला

**दरभंगा ।** शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने के मद्देनजर सफाई व्यवस्था से जुड़े 43 कर्मियों को इधर से उधर किया गया है। नगर आयुक्त कुमार गौरव के आदेश पर नगर प्रबंधक अजहर हुसैन ने संबंधित कर्मियों को प्रतिनियुक्त वार्ड में योगदान करने को कहा है, वार्ड एक से राजीव कुमार, को वार्ड पांच, प्रमिला देवी को वार्ड आठ, राहुल कुमार मल्लिक व बिरजू सहनी को वार्ड तीन में प्रतिनियुक्त किया गया है। वार्ड तीन से विजय राम को वार्ड 34, आकाश राम को 28, राहुल कुमार राम को वार्ड पांच में स्थानांतरित किया गया है। वार्ड पांच से गौतम राम को वार्ड 28, सोनू मेहतर को वार्ड एक तथा वार्ड सात से रंजीत मल्लिक को वार्ड





37, वार्ड आठ से करण राम को वार्ड पांच, कुणाल राम को एक, मनोज राम को 16, जानकी देवी को एक, सीता देवी को 28 में प्रतिनियुक्त किया गया है। वार्ड 16 से सूरत राम को वार्ड 23, वार्ड 17 से अजय राम को वार्ड 23, वार्ड 20 से गोपाल राम को 27, विपिन राम को 22, वार्ड 21 से गीता देवी को 22, वार्ड 22 से सुशीला देवी को 21, मंगल राम को 20, अजय राम को 23 में भेज दिया गया है।

## पत्नी को छोड़ अकेले चल दें, ये सनातन नहीं

### जदयू सांसद बोले- विवाह-श्राद्ध हैं जो निमंत्रण देगा, माता सीता की अनदेखी 2024 में भारी पड़ेगी

नालंदा। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में निमंत्रण को लेकर जेडीयू सांसद ने अजीब बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि किसी के बेटे का विवाह है जो वह हमें निमंत्रण देगा। निमंत्रण नहीं मिलेगा तो क्या हम अयोध्या नहीं जाएंगे। अयोध्या में हम डेढ़ साल पहले भी गए थे और लक्ष्मण किला में घूम कर आए थे। वे लोग निमंत्रण क्यों दे रहे हैं। किन्हीं के पिताजी का श्राद्ध है क्या या किन्हीं की पत्नी या बेटे का विवाह है। इसके साथ उन्होंने कहा कि पत्नी को छोड़कर अकेले चल दें या सनातन नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि 14 जनवरी के बाद नीतीश कुमार को संयोजक बनाया जा सकता है। जदयू सांसद कौशलेन्द्र



कुमार ने कहा कि अयोध्या सभी लोगों का है, अगर कोई इसे कब्जे में लेना चाह रहा है तो ये नहीं होगा। भगवान राम की पूजा एक दिन में ही खत्म नहीं होने वाली है। सिर्फ 22 तारीख से काम नहीं चलेगा। उन्होंने इशारे में पीएम मोदी पर हमला किया। कहा कि 22 तारीख को पति और पत्नी मिलकर वहां जाएं और आशीर्वाद लें। अगर



बिना सीता के वहां चले गए तो उनका भी कल्याण नहीं होने वाला है। अगर सीता का कोई अपमान कर रहा है तो उनका 2024 में कल्याण होने वाला नहीं है। सांसद ने यह बातें नालंदा में एक कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा मां सीता की कोई चर्चा ही नहीं हो रही है। कोई भी काम होता है तो पति और पत्नी मिलकर जो काम करते हैं, वही सफल होता है। अगर बिना पत्नी के कोई कार्य करेगा तो वह सफल नहीं होगा। सनातन के धर्म नहीं है की पत्नी को छोड़ दो और अकेले चलो। भगवान राम की पूजा तो हम सभी लोग करते हैं, लेकिन भगवान राम पुरुषोत्तम क्यों बने यह उनसे पूछना चाहिए। हर सनातनी भगवान राम का पुजारी है। जेडीयू सांसद ने कहा कि इंडी एलाइंस के सबसे अनुभवी नेता नीतीश कुमार हैं।

आज नहीं तो कल इन्हें देश का कमान मिलना चाहिए। कौशलेंद्र कुमार ने कहा की 14 जनवरी के बाद नीतीश कुमार को संयोजक बनाया जा सकता है। आज देश में नीतीश कुमार जैसे लोगों की जरूरत है।

# लखनऊ, कानपुर-अयोध्या में भारी बारिश



लखनऊ। कानपुर, लखनऊ, उन्नाव और अयोध्या समेत उत्तर प्रदेश के कई जिलों में रुक-रुककर बारिश हो रही है। दोपहर बाद हुई हल्की बारिश से ठंड बढ़ गई है। उन्नाव में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की ही मौत हो गई है। शुक्रवार को पूरे दिन धूप नहीं निकलने से लोगों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ठंड से बचने के लिए लोग घरों में ही छिपे रहे। दिन भर अंधेरा छाया रहा। मौसम का असर गाड़ियों की रफ्तार पर भी देखने को मिला। गाड़ियों की स्पीड धीमी होने से जगह-जगह जाम की स्थिति देखने को मिली। लोग जैसे -तैसे घर पहुंच पाए। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक ऐसे ही मौसम बने रहने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 16 जिलों में कोल्ड डे का अलर्ट दिया है। इसके अलावा, 52 जिलों में घने कोहरे और 18 जिलों में बारिश का पूर्वानुमान है। लखनऊ, कानपुर और अयोध्या में जहां बारिश देखने को मिली वहीं दिन में अंधेरा छा गया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अभी 3 दिनों तक प्रदेश का मौसम ऐसा ही रहेगा। राजधानी लखनऊ में गुरुवार रात इतना पाला गिरा कि सड़कें भीग गईं। ऐसा लगा जैसे रातभर जमकर बारिश हुई हो। लखनऊ में दिन और रात के तापमान में सिर्फ 6.4°C का अंतर रहा गया। यानी, दिन और रात में ठंड में ज्यादा अंतर नहीं हो रहा है। लखनऊ में 24 घंटे में रात में 10.8°C और गुरुवार दिन में 17.2°C तापमान रिकॉर्ड हुआ है। कानपुर में गुरुवार को भी बारिश हुई थी। इस बारिश ने 6 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। 4 जनवरी 2018 में जहां 5.6 मिमी. बारिश हुई थी। वहीं गुरुवार को 6.5 मिमी. रिकॉर्ड हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, ललितपुर, झांसी, महोबा, हमीरपुर, फतेहपुर, कानपुर, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, जौनपुर, मिर्जापुर, वाराणसी, सोनभद्र, चंदौली और गाजीपुर में बारिश के आसार हैं। ऑरेंज अलर्टः मथुरा, हाथरस, आगरा, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर-खीरी, सीतापुर, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, गोंडा, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संतकबीरनगर, महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर और देवरिया। येलो अलर्टः बिजनौर, मुरादाबाद, अलीगढ़, बदायूं, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, झांसी, ललितपुर, महोबा, हमीरपुर, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, अमेठी, रायबरेली, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, जौनपुर, आजमगढ़, वाराणसी, मऊ, गाजीपुर और बलिया। मौसम विभाग के मुताबिक, गुरुवार को अधिकतम तापमान सबसे कम गाजियाबाद का 12°C दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त डायरी

### ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की मौत से क्षेत्र में दौड़ी शोक की लहर



संवाददाता
**कुशीनगर।** हाटा ब्लॉक के ग्राम सभा लालीपार के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लाल बिहारी सिंह का निधन इलाज के दौरान हो गया। उनकी मृत्यु ब्रेन हेमरेज से बताया जा रहा है। गोरखपुर अस्पताल से शव गांव पहुंचते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया ग्रामीणों का कहना था लालबिहारी मास्टर साहब एक कुशल नेतृत्व व सब के दिलों में समान विचार भाव रखने वाले थे इनका अंतिम संस्कार हेतिमपुर मुक्तिधाम पर किया गया। उनके जैस्ट पुत्र ने मुखाग्नि दी। हाटा विधायक मोहन वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लल्लन चौधरी, किसान महाविद्यालय पैकौली के प्रबंधक डॉ सत्यप्रकाश सिंह, डुमरी स्वांगीपट्टी के ग्राम प्रधान सतीश गुप्ता, ज्ञानेश्वर बरनवाल ग्राम पंचायत सदस्य व पत्रकार, विजय कुमार यादव, किसान मजदूर संगठन जिलाध्यक्ष कुशीनगर, अवधेश पटेल पूर्व ग्राम प्रधान लालीपार, बेचू गुप्ता, बाबू राम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सहित हजारों लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

### गोवध के मुकदमे का इनामिया अभियुक्त हुआ गिरफ्तार



संवाददाता
**कसया, कुशीनगर।** स्थानीय पुलिस ने गोवध के मुकदमे से सम्बंधित 15 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार नगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 995/2023 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रुरता निवारण अधि0 से संबंधित 15 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त जिकरुल्लाह पुत्र मुलाजिम निवासी कुचिया मठिया थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 15 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्र0नि0 गिरिजेश उपाध्याय, उ0नि0 रत्नेश कुमार मौर्य, हे0का0 योगेश राय, का0 सतीश कुमार थाना कसया शामिल रहे।

### आगरा में शराब ठेके पर महिलाओं ने की तोड़फोड़



**आगरा ।** थाना कागरौल क्षेत्र के एक गांव के पास मौजूद शराब के ठेके पर दर्जनों महिलाओं ने हमला बोल दिया। शराब के ठेके में रखी हुई सभी बोतलों को बाहर लाकर सड़क पर फेंक कर तोड़ दिया। काफी देर तक महिलाएं हंगामा करती रही। इसके बाद महिलाओं ने आगरा फतेहपुर सीकरी मार्ग को भी जाम कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और किसी तरह से महिलाओं को शांत किया गया। कागरौल के गांव नगला हीरामन के बाहर कागारौल - फतेहपुर सीकरी मार्ग पर विश्वेंद्र का देशी और एक अन्य महिला का अंग्रेजी शराब का ठेका संचालित है। गांव की महिलाओं का कहना है कि गांव के पास में ठेका होने के कारण युवाओं से लेकर बुजुर्ग सभी शराब के आदी हो गए हैं। पास में ही दुकान होने के कारण सुबह से ही शराब पीने लगते हैं। महिलाओं ने बताया कि हमारे घर के पुरुष खेतों और अन्य काम की बजाय शराब पीकर घरों में मारपीट और गाली गलौज करते हैं। कई बार मांग करने के बाद भी शराब का ठेका यहां से स्थनांतरित नहीं किया गया। शुक्रवार को महिलाओं के सब्र का बांध टूट गया। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शराब ठेके पर पहुंच गईं और हंगामा व तोड़ फोड़ कर दी। महिलाओं ने सड़क पर फेंक कर शराब की बोतलों को तोड़ दिया। सड़क पर जाम लगा दिया। थाना प्रभारी कागारौल राजीव सिरोही ने बताया कि इससे पहले कई बार महिलाओं द्वारा ठेके को बंद करने के लिए विरोध प्रदर्शन किए गए थे। आज महिलाओं द्वारा ठेके पर तोड़फोड़ की गई है। शराब की बोतलों को भी तोड़ दिया गया है। ऐसे में काफी नुकसान हुआ है हालांकि अभी तक शराब का ठेका संचालित करने वालों की तरफ से कोई भी शिकायत नहीं आई है।

## स्व. डा. उदयनारायण द्विवेदी स्मृति समारोह 6जनवरी को

संवाददाता
**कुशीनगर।** फाजिलधगर। क्षेत्र के प्रख्यात समाजसेवी व चिकित्सक रहे स्व. डा. उदय नारायण द्विवेदी के स्मृति में उनके 22वीं पुण्यतिथि पर इस वर्ष भी जरूरतमंदों में कंबल वितरण करने का निश्चय उनके सुपुत्रगण ने किया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए स्व. डा. द्विवेदी के सुपुत्र गण हिरण्यगर्भ द्विवेदी पंकज तथा भाजपा नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य ज्ञानेश्वर द्विवेदी दीपक ने अखबारी नुमाइंदों को बताया कि आगामी 6 जनवरी को हर वर्ष की भांति इस बार भी जरूरतमंदों में कंबल का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कंबल वितरण हेतु क्षेत्र के सभी गांवों में कम्बल हेतु टोकन वितरित कर दिए गए हैं। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कुशीनगर के सांसद विजय दूबे, विशिष्ट अतिथि गण क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, खड्डा के विधायक विवेकानंद पांडेय, पडरौना के विधायक मनीष जायसवाल, रामकोला के विधायक विनय गौड़, हाटा के विधायक मोहन वर्मा व कुशीनगर के पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी मौजूद रहेंगें। अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय करेंगें।

## प्रेमी की खातिर सहेली को जिंदा जलायाः प्रेमी ने भी ठुकराया, शिकायत करने पहुंची तो पकड़ी गई



**मेरठ ।** मोहब्बत, बेवफाई, कत्ल और धोखे का बड़ा मामला सामने आया है। एक महिला ने अपने प्रेमी को पाने के लिए अपनी सहेली को ही जिंदा जला दिया। और खुद को मरा दिखाकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। कुछ दिन बाद जब प्रेमी को मोहब्बत में कत्ल की खौफनाक हकीकत पता चली, तो उसने सहेली की कातिल प्रेमिका को ठुकरा दिया। प्रेमी से बेवफाई का बदला लेने कातिल प्रेमिका पुलिस के पास प्रेमी की शिकायत करने पहुंची। लेकिन थाने पर उसे पहचान लिया गया। जहां पुलिस ने उसे अरेस्ट कर जेल भेज दिया। अब कोर्ट ने पूरे मामले में आरोपी महिला को दोषी पाते हुए ताउम्र जेल की सजा सुनाई है। मामला मेरठ के थाना लिसाडी गेट क्षेत्र का है। जहां 2 अप्रैल 2019 में एक महिला की डेड बॉडी घर में जली मिली। लाश की पहचान यहां रहने वाली अफसाना पत्नी अबरार के रूप में हुई। वहीं पड़ोस में ढलाई वाली गली में रहने वाली अफसाना की दोस्त जीनत के लापता होने की खबर आई। बताया गया कि जीनत 1 अप्रैल से गायब है। जीनत के भाई इश्तियाक ने बहन की गुमशुदगी और दहेज हत्या की रिपोर्ट लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में दर्ज कराई। उसने बताया कि अक्सर जीनत का अपने पति अशरफ से झगड़ा होता था। पुलिस दोनों मामलों की जांच करने लगी तो पता चला कि जीनत, अफसाना पक्की सहेली थी। एक दूसरे के घर आना जाना था। पूछताछ और सीसीटीवी से पता चला कि 1 अप्रैल को जीनत, अफसाना के घर गई थी। इसके बाद वहां से लौटी नहीं। लेकिन अफसाना की जलतकर मौत हो चुकी है। ऐसे में पुलिस जीनत को खोजती रही लेकिन उसका पता नहीं चला। इसी बीच अफसाना को जिंदा देखा गया लेकिन अफसाना ने कहा कि वह निशा है। एक दिन अफसाना उर्फ निशा अपने प्रेमी की शिकायत करने थाने पहुंची। जहां उसने बताया कि उसका प्रेमी उसको ठुकरा चुका है और अपने पास नहीं रख रहा है। यहां उसकी थाने में कुछ लोगों ने और साथ ही एक पुलिसकर्मी ने पहचान कर ली। अब सवाल यह था कि जब अफसाना जिंदा है तो मरने वाली महिला कौन है जिसको अफसाना बताया गया था। इसी बीच मेरठ पुलिस में अफसाना को गिरफ्तार कर लिया और उससे पूछताछ की गई और उसने जो खुलासा किया तो हर कोई दंग रह गया। दरअसल इस पूरे हत्याकांड की धुरी दो संप्रदाय के युवक-युवती की मोहब्बत है। शादीशुदा अफसाना का प्रवीण नामक हिंदू युवक से अफेयर था। वो स्कूल के दिनों से प्रवीण से मोहब्बत करती थी। लेकिन गैर धर्म होने के कारण घरवालों ने शादी नहीं होने दी। शादी के बाद भी दोनों एक दूसरे से मिलते, बातें करते रहे। अफसाना शादी के बाद भी प्रवीण की पत्नी बनना चाहती थी। लेकिन प्रवीण ने साफ इंकार कर दिया कि गैर धर्म के कारण कोई उन्हें स्वीकार नहीं करेगा।

## भाइयों ने चचेरे भाई की हत्या की



**ललितपुर ।** पुत्र के साथ गाली गलौज करने से मना करने पर चचेरे भाई की दो भाइयों ने मार कर हत्या कर दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दोनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। घटना थाना बानपुर के तोर टपरियन की है। तोर टपरियन निवासी 60 वर्षीय हरीराम यादव पुत्र हरदास शाम को घर पर बैठा हुआ था। तभी हरीराम के चचेरे भाई नंदराम व ज्ञान सिंह आये और हरीराम के बड़े पुत्र देवसिंह को गाली देने लगे। जब हरीराम ने गाली गलौज करने से मना किया तो नंदराम व ज्ञान सिंह हरीराम को लात मार दी। जिससे व जमीन पर गिर पड़ा। यह देख दोनों आरोपी मौके से भाग निकले। हरीराम को उठाकर परिजन उपचार के लिए अस्पताल ले आए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक व्यक्ति के पुत्र की शिकायत पर दोनों आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। हरीराम यादव का बेटा बलराम ने बताया कि उसके पिता तीन भाई व दो बहनों में छोटे थे। उनके चचेरे भाइयों ने पिता की लात मार कर हत्या कर दी। पिता खेती किसानी करते थे। अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि चचेरे भाइयों ने हरीराम को लात मार दी। जिससे वह जमीन पर गिर गया और उसकी मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। दोनों आरोपियों पर मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन



संवाददाता
**अमरोहा।** जनपद अमरोहा में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की मासिक बैठक आयोजित की गई। जिसमें सदस्यता अभियान जन चौपाल एवं 8 जनवरी को होने वाली रैली को सफल बनाने के लिए चर्चा की गई। जिसमें बोलते हुए जिला अध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने विधानसभा अध्यक्षों ब्लॉक अध्यक्ष नगर अध्यक्षों से बारी-बारी संगठन पर चर्चा की और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए कहा आने वाले लोकसभा चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीत दिलाने के लिए हमें संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना होगा 8 जनवरी को प्रस्तावित मुरादाबाद जनपद में होने वाली राष्ट्रीय अध्यक्ष जी की रैली को सफल बनाने हेतु हर विधानसभा से अच्छी तादाद में कार्यकर्ता जाने चाहिए और रैली को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा भागीदारी करनी चाहिए आगे बोलते हुए कहा कि वार्ड नंबर 12 अमरोहा में गाजी नगर में लोगों को पानी सड़क बिजली की बहुत ज्यादा दिक्कत परेशानी है।

इस संबंध में नगर पालिका अमरोहा से बात करके इन सभी समस्याओं को समाधान करवाया जाएगा जिससे मोहल्ले वालों को होने वाली परेशानी ना हो क्योंकि भाजपा गठबंधन चाहता है की किसी को कोई दिक्कत परेशानी ना हो बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सत्यपाल तोमर आदेश अमरोही कोषाध्यक्ष पंडित राम अवतार शर्मा मंडल उपाध्यक्ष जयवीर सिंह चौहान ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद नाजिम विधानसभा अध्यक्ष अमरोहा मोहम्मद शफी जिला उपाध्यक्ष सुमित रस्तोगी मंडल महासचिव चंद्रसेन खड़कवंशी उपाध्यक्ष, दो जगत सिंह गुर्जर अमित शर्मा जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा अनिल सैनी विधानसभा अध्यक्ष धनोरा साइन बेगम अख्तरी राबिया गुलफशा सफीकन दिवाकर चंद्रसेन मोहम्मद शारिक प्रधान नरेंद्र तरना विनोद कुमार आकाश कश्यप विनीत कश्यप नफीस अहमद आदि मौजूद रहे।

## शिक्षामित्र की बेटी बनी लेखपाल, हर तरफ खुशी का माहौल



संवाददाता
**अमरोहा।** जनपद अमरोहा की तहसील हसनपुर क्षेत्र के गांव देहरा मिलक निवासी शिक्षामित्र की बेटी ने लेखपाल बनकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस सफलता से गदगद हुए प्राथमिक शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने घर पहुंच कर लेखपाल बनी बेटी कुमारी दिवेश एवं उनके शिक्षा मित्र पिता सतपाल सिंह का फूल मालाओं से स्वागत किया और मुंह मीठा कराया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने बताया कि हसनपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय देहरा मिलक में कार्यरत शिक्षा मित्र सत्यपाल सिंह की पुत्री कुमारी दिवेश (21) ने स्वयं घर पर तैयारी कर पहले ही प्रयास में यह सफलता पाई है। जिससे परिवार व क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके चयन की सूचना जब साथी शिक्षकों को मिली तो वह भी संघ पदाधिकारियों के साथ उनके घर पहुंचे और मिठाई खिलाकर बधाई दी। बताते चलें कि लेखपाल बनी बेटी कुमारी दिवेश ने इससे पूर्व वर्ष 2019 में हाईकोर्ट की कनिष्ठ लिपिक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। कुमारी दिवेश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया और प्रतिभाशाली छात्रों को मोबाइल से दूर रहकर अध्ययन करने की सलाह दी है। वहीं दूसरी और बेसिक शिक्षा में कार्यरत शिक्षक महेश सागर के पुत्र अंकुर सेठी ने भी पहले ही प्रयास में परीक्षा पास कर लेखपाल की नौकरी प्राप्त की है। इसके अलावा मौहल्ला खेवान निवासी न्याय विभाग में प्रशासनिक अधिकारी पद से सेवानिवृत्त विजयपाल सिंह के पुत्र अमरदीप सिंह ने भी पहले प्रयास में लेखपाल की नौकरी प्राप्त की हैं।

इन दोनों प्रतिभावान युवकों को भी संघ पदाधिकारियों द्वारा मुंह मीठा कराकर व फूल मालाएं पहनाकर बधाई दी। उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक जयवीर सिंह, विनोद कुमार गौतम, सुरेश सिंह, कुलदीप सिंह, भूरे सिंह, रणवीर सिंह, सतपाल सिंह,लता सागर, विजयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## सबके विकास से भारत बनेगा विकसित राष्ट्र : पीएन पाठक



संवाददाता
कुशीनगर। पडरौना विकास खण्ड के गांव प्रसाद पुर व बेलही में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ।
मुख्य अतिथि विधायक कुशीनगर पीएन पाठक ने कहा कि लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में भारत सबका साथ व सबका विकास के नारे को चरितार्थ करते हुए विकसित राष्ट्र राष्ट्र बनेगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत छूटे पात्र व्यक्तियों को सरकार की योजनाओ का लाभ दिलाया जा रहा है। चौपाल में आवास और मनरेगा, किसान पेंशन, स्वास्थ्य और आयुष्मान कार्ड, कृषि विभाग की संचालित योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों और ग्रामीणों को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए पंचप्रण की शपथ दिलाई । विकसित भारत संकल्प यात्रा के एल डी वैन के माध्यम से लोगो को योजनाओ के बारे मे जानकारी दी गयी। अतिथियों ने अन्नप्राशन और गोद भराई का कार्यक्रम सम्पन्न कराया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल, विधानसभा संयोजक दिनेश तिवारी, जिला मंत्री विवेकानन्द शुक्ल, जिला पंचायत सदस्य नितीश यादव, विश्वरंजन, अड्या पाण्डेय, शिवमोहन प्रसाद, लोमेश पाण्डेय, चंद्रप्रकाश दुबे, रत्नेश श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान, सचिव, आंगनवाड़ी, आशा व अधिकारी, कर्मचारी, ग्रामीण मौजूद रहे।

## 7 जनवरी को म्यांमार बुद्ध बिहार में होगी संगोष्ठी



संवाददाता
**कसया, कुशीनगर।** बुद्ध स्थली स्थित म्यांमार बुद्ध बिहार के धम्म सभागार में एक दिवसीय विचार संगोष्ठी 7 जनवरी दिन रविवार को समय 10 बजे प्रातः से होगी। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि आईपीएस डॉ0 बीपी अशोक करेंगे जबकि अध्यक्षता भिक्षु संघ कुशीनगर के अध्यक्ष अग्ग महा पंडित भदंत ज्ञानेश्वर करेंगे। उक्त जानकारी एक विज्ञप्ति के माध्यम से आयोजक पूर्व राज्यमंत्री, सम्राट अशोक वेलफेयर सोसाइटी के संरक्षक भन्ते डॉ नन्द रतन महाथेरो ने देते हुए बताया कि संगोष्ठी में संपादक नीरज भाई पटेल, संपादक शंम्भू सिंह, बीपीजी के डॉ निगम मौर्य विशिष्ट अतिथि होंगे।

## अभी तक न्यूज चैनल का 20वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया







संवाददाता
**धामपुर ।** अभी तक न्यूज चैनल का 20वां वार्षिक उत्सव विभिन्न कार्यक्रमों के रूप में धूमधाम से आयोजित किया गया इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे धामपुर क्षेत्र के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा विधायक अशोक कुमार राणा ने चैनल के डायरेक्टर शरद राजवंशी को 21वें वर्ष में प्रवेश करने पर मंगलमय शुभकामनाएं दी ।
वर्ष 2004 में आरोपित किया गया पौधा यदि आज बट वृक्ष की रूप धारण करने की ओर बढ़ रहा है तो उसका पूरा श्रेय शरद राजवंशी एवं उनके सभी सहयोगियों को जाता है।
वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक अशोक कुमार राणा ,भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान बॉबी, नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती एवं नटराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण आदि से किया। अनंत श्री शिव शक्तिपीठ एवं संस्कार शाला के संस्थापक आचार्य डॉक्टर दिनेश चंद्र भारद्वाज ने मंगलाचरण एवं मंत्र उच्चारण के बीच वातावरण को आध्यात्मिकता की अनुभूति कराई जिसमें भूमिका भारद्वाज का भी उल्लेखनीय योगदान रहा ।अभी तक चैनल के डायरेक्टर शरद राजवंशी एवं उनकी धर्मपत्नी पूनम राजवंशी के संरक्षण एवं निर्देशन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत दुर्गा पब्लिक स्कूल की दो प्रतिभाशाली छात्राओं छात्राओं काव्य चौधरी एवं प्रज्ञा सिंह ने अपने विद्यालय की शिक्षिका गरिमा भारद्वाज के निर्देशन में सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से की इसके अतिरिक्त दोनों छात्राओं ने आध्यात्मिक गीत बजाओ ढोल स्वागत में मेरे घर राम आए हैं। की प्रस्तुति पर किए गए नृत्य पर भी भरपूर प्रशंसा प्राप्त की इसके अलावा अनन्या वंदना शर्मा और पालक आदि ने भी अपनी प्रस्तुतियां और कला के प्रदर्शन से समा बांध दिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान बॉबी ने भी अभी तक चैनल तथा उसके डायरेक्टर शरद राजवंशी द्वारा संघर्ष पूर्ण वातावरण के बीच अर्जित की गई विभिन्न उपलब्धियां की प्रशंसा करते हुए चैनल की प्रगति एवं उन्नति की शुभकामनाएं प्रदान की पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की चर्चा करते हुए कहां कि अभी तक चैनल अपनी प्रभावी कार्यप्रणाली और सहयोगी पत्रकारों के माध्यम से निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है ।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता महेंद्र धनोरिया ने भी अभी तक को बधाई दी कार्यक्रम में पहुंचे अन्य अतिथियों भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेमचंद छाछर, स्वस्तिक गार्डन के डायरेक्टर शरद चंद शर्मा ,वरिष्ठ भाजपा नेता उदित जैन, विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता, प्रयास हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ दिनेश कुमार ,पूर्व नामित सभासद राकेश चौधरी ,डॉक्टर गगनप्रीत, धामपुर नगर पालिका ईओ सुभाष कुमार ,अफजलगढ़ के समाजसेवी केंद्र चौहान ,आदि ने समसामयिक विचारों के माध्यम से अभी तक चैनल के प्रगति एवं उन्नति की कामना की कार्यक्रम का शायराना अंदाज में कुशल एवं प्रभावी संचालन पवन संगम ने किया अंत में अभी तक चैनल के डायरेक्टर शरद राजवंशी ने सभी के प्रति आभार प्रदर्शित करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार का सहयोग बनाए रखने की बात कही।

# शीत लहर से सामना

अभी कुछ महीने पहले ही मौसम वैज्ञानिकों ने यह भविष्यवाणी की थी कि इस साल ज्यादा सर्दी नहीं पड़ेगी। अब पूरा उत्तर भारत भीषण ठंड में कंपकंपा रहा है। स्कूलों में छुट्टियां कर दी गई हैं, और डॉक्टर सावधान रहने की चेतावनी दे रहे हैं। सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि कोई भी मौसम जब अपनी अति पर पहुंचता है, तो उसकी सबसे ज्यादा मार उस तबके पर पड़ती है, जो आम दिनों में भी अपने जीवन-यापन के संसाधन पूरी तरह नहीं जुटा पाता। ऐसे में, मौसम की अति गरीब तबके के लिए एक आफत की तरह होती है। तीन दिन पहले ही कानपुर का एक झझकोर देने वाला वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक मजबूर बुजुर्ग को जब भीषण सर्दी से बचने का कोई तरीका नहीं मिला, तो वह श्मशान घाट में जल रही चिताओं के बीच जाकर सो गए। यह वीडियो उत्तर भारत में पड़ रही कड़ाके की ठंड के बारे में तो बताता ही है, साथ ही यह भी बताता है कि ठंड जब बढ़ती है, तब समाज को किन त्रासदियों से गुजरना पड़ता है। खासकर उन लोगों को, जिनके पास कोई छत नहीं है और बचाव की सुविधाएं बेतरह अपर्याप्त हैं। इसे हम राजधानी दिल्ली के उदाहरण से समझ सकते हैं। यहां पर विभिन्न सरकारों ने रैन बसेरों का एक बड़ा नेटवर्क बनाने की कोशिश की है। दिल्ली में कुल 195 रैन बसेरे हैं, जिनमें करीब 19 हजार बेघर लोग सर्दी से बचने के लिए शरण ले सकते हैं। लेकिन क्या इतना काफी है? साल 2011 की जनगणना के हिसाब से ही दिल्ली में 47 हजार लोग बेघर थे। तब से अब तक यह संख्या बढ़ी ही होगी। कई समाजसेवियों का अनुमान है कि राजधानी में डेढ़ लाख से भी ज्यादा लोग बेघर हैं। अगर हम 2011 के आंकड़े को ही सही मान लें, तब भी बेघरों का ज्यादा बड़ा हिस्सा फुटपाथों, बस अड्डों और रेलवे प्लेटफॉर्म पर फटी-चिथड़ी रजाइयां ओढ़कर सोने को मजबूर है। बेघर गरीब शीत लहर के प्रकोप से बच सकें, इसके लिए पहले जगह-जगह अलाव जलाए जाते थे। अब भी कुछ जगहों पर जलाए जाते हैं, लेकिन ठीक इसी मौसम में दिल्ली का प्रदूषण चरम पर होता है और ज्यादा अलाव जले, तो वे इस समस्या को जटिल ही बनाएंगे। खासकर उन लोगों के लिए, जिन्हें अपना जीवन सड़कों पर ही बिताना पड़ता है। इस समस्या को हम एक अन्य तरह से भी समझ सकते हैं। हर साल शीत लहर का शिकार बनने वाले लोगों की खबरें हिमाचल जैसे ठंडे पहाड़ी प्रदेशों से उतनी नहीं आतीं, जितनी वे अपेक्षाकृत कम ठंडे उत्तर भारत के मैदानी इलाकों, शहरों और कस्बों से आती हैं। जिस समय हम इस सर्दी को लेकर परेशान हैं, पर्वतीय इलाकों की अपनी अलग चिंताएं हैं। उत्तराखंड से लेकर हिमाचल और कश्मीर तक में इस बार भीषण सर्दी के बावजूद ज्यादा बर्फबारी नहीं हुई है। पर्वतीय इलाकों में इसको लोग सूखी ठंड कहते हैं, जो वहां के बाशिंदों के स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक होती है और सेब जैसी फसलों के लिए भी बुरी खबर होती है। यह मौसम की एक अलग तरह की अति है। दिक्कत यह है कि कठिन समय गुजरते ही हम हर बार फिर से पर्यावरण और समाज की त्रासदियों और चुनौतियों को लेकर बेपरवाह हो जाते हैं। जिस तरह से पर्यावरण में बदलाव हो रहा है, दुनिया भर में मौसम की अति भी लगातार बढ़ रही है, ऐसे में यह बेपरवाही शीत लहर से ज्यादा घातक हो सकती है।

# थोड़ी राहत मिली

कतर में भारत के आठ पूर्व नौसैनिकों को फांसी की सजा नहीं दी जाएगी, यह खबर राहत देने वाली है। वहां की अपीलीय अदालत ने यह आदेश दिया है। हालांकि, अभी फैसले से जुड़े डीटेल्स नहीं आए हैं। यह भी पता चलना बाकी है कि इन नौसैनिकों को क्या सजा मिलेगी। केस की गंभीरता का अंदाजा इस बात से भी लगता है कि भारत के आठ पूर्व नौसैनिक अफसरों को फांसी की सजा सुनाए जाने की खबर मिलने के बाद भी यह स्पष्ट नहीं था कि उन पर आरोप क्या लगाए गए हैं, उनके खिलाफ सबूत क्या पाए गए हैं। ऐसे में इन पूर्व नौसैनिकों के परिवार वालों की हालत समझी जा सकती थी। कतर के स्थानीय मीडिया में सूत्रों के हवाले से जो अपुष्ट खबरें बाहर आ रही थीं, उनके मुताबिक इन नौसैनिकों पर इस्त्राइल के लिए जासूसी करने का आरोप है। वैसे तो जब तक कोई आधिकारिक सूचना न हो, तब तक उस पर बात करने का ज्यादा मतलब नहीं बनता, लेकिन लोकल मीडिया में ऐसी खबरों का आना इतना तो बता ही देता है कि वहां का जनमत इन आरोपों को लेकर कितना संवेदनशील होगा। ऐसे में भारत सरकार ने ठीक ही मामले को बेहद संयत ढंग से उठाया। कूटनीतिक स्तर पर भी प्रयास जारी रखे गए, लेकिन साथ ही यह भी कहा गया कि कतर के नियम-कानूनों का सम्मान करते हुए न्यायिक प्रक्रिया के जरिए इस मसले को सुलझाया जाएगा। अब तक का घटनाक्रम बताता है कि यह तरीका धीरे-धीरे ही सही पर सफल साबित हो रहा है। फिर भी समझना होगा कि अभी चीजें बहुत शुरूआती स्तर पर हैं। तय नहीं है कि आगे घटनाक्रम कैसा आकार लेगा। चूंकि कतर और भारत के बीच 2015 में कैदियों के आदान-प्रदान का समझौता हो चुका है, इसलिए इस बात के लिए भी प्रयास किया जा सकता है कि इन कैदियों को बाकी की सजा काटने के लिए भारत भेज दिया जाए। एक और संभावना यह है कि कतर के शाह किसी मौके पर इन कैदियों को माफी दे दें। मगर फिलहाल एक रास्ता वहां के सुप्रीम कोर्ट में जाकर सजा को और कम करवाने की कोशिशों का भी है। इसलिए अभी संयम बनाए रखते हुए प्रयास जारी रखने की जरूरत है। फिर भी, भारत सरकार ने इस मामले में जितनी तत्परता और कुशलता दिखाई है, उसकी सराहना की जानी चाहिए। यह संदेश एक बार फिर गया है कि भारत विदेश में रह रहे अपने लोगों का मुसीबत में कभी साथ नहीं छोड़ता।

# हिट ऐंड रन...पहले व्यवस्था दुरुस्त हो, फिर सख्ती

**ANALYSIS**

ऋतुपर्ण दवे

सुकून की बात है कि ट्रांसपोर्टर्स की देशव्यापी हड़ताल खत्म हो गई। इससे भी अच्छी बात यह रही कि सरकार को जल्द समझ आ गया कि मामला हाथ से निकलता दिख रहा है। इधर देशभर के तमाम ट्रांसपोर्टर संगठनों को 'हिट ऐंड रन' मामले में सजा के नए प्रावधानों को लेकर न केवल काफी भ्रम था बल्कि खासकर ड्राइवरों की चिंता वाजिब थी। हो सकता है कि एकाएक सरकार के बैकफुट पर आने की वजह सामने आ रहे आम चुनाव हों? लेकिन कानून के सबसे ज्यादा असर से डरे ड्राइवरों का डर और भविष्य कि चिंता भी नकारी नहीं जा सकती है। कम तनख्वाह, गरीबी गुजारा और साधारण रहन-सहन के चलते भारत के समकक्ष माने जाने वाले देशों के मुकाबले हमारे प्राइवेट ड्राइवरों की हैसियत एक मजदूर से ज्यादा नहीं है। भारत में हर साल करीब साढ़े चार लाख सड़क दुर्घटनाओं में डेढ़ लाख मौतें होती हैं। जबकि हिट ऐंड रन से 25-30 हजार लोगों की जान चली जाती है। सच है कि दुर्घटना जानबूझकर कोई नहीं करता। लेकिन दुर्घटना के बाद ड्राइवर फरार हो जाते हैं, क्योंकि यदि रुकेगा तो आसपास इकट्ठी हुई भीड़ बिना गलती जाने खुद ही फैसला करने लगती है। अनेकों उदाहरण सामने हैं कि सड़क दुर्घटनाओं के बाद पकड़े गए ड्राइवर किस बुरी तरह पिटते हैं, उनकी मौत तक हो जाती है। कई बार लदा-लदाया वाहन समेत ड्राइवर को जिंता तक जला दिया जाता है। ऐसे सार्वजनिक कृत्य करने वालों के खिलाफ अकसर मामला तक दर्ज नहीं होता। ड्राइवर जान से हाथ धो बैठता है तो उसका परिवार अनाथ होकर दर-दर भटकने को मजबूर।

यकीनन कानून में सुधार वक्त का तकाजा है। रही बात दुर्घटना करने वालों की पतासाजी की तो आजकल जगह-जगह सीसीटीवी लगे हैं। टोल नाके भी हैं। सबके साथ समन्वय बिठाकर भी आरोपित तक पहुंचा जा सकता है। जब बड़े-बड़े हाइवे और राजमार्गों पर अरबों रुपये खर्च होते सकते हैं तो क्या कुछ हजार और खर्च कर हर किलोमीटर पर सीसीटीवी नहीं जरूरी नहीं हो सकते? यकीनन तीसरी आंख और तकनीक की निगरानी से ड्राइवरों पर नकेल के साथ सुरक्षा भी दी जा सकती है, जिसका सभी पर मनोवैज्ञानिक असर पड़ेगा। जब व्यवस्था दुरुस्त हो जाएगी तो सख्त और प्रैक्टिकल कानूनों से भला कोई क्यों ऐतराज करेगा? सुकून की बात है कि ट्रांसपोर्टर्स की देशव्यापी हड़ताल खत्म हो गई। इससे भी अच्छी बात यह रही कि सरकार को जल्द समझ आ गया कि मामला हाथ से निकलता दिख रहा है। इधर देशभर के तमाम ट्रांसपोर्टर संगठनों को 'हिट ऐंड रन' मामले में सजा के नए प्रावधानों को लेकर न केवल काफी भ्रम था बल्कि खासकर ड्राइवरों की चिंता वाजिब थी। हो सकता है कि एकाएक सरकार के बैकफुट पर आने की वजह सामने आ रहे आम चुनाव हों? लेकिन कानून के सबसे ज्यादा असर से डरे ड्राइवरों का डर और भविष्य कि चिंता भी नकारी नहीं जा सकती है। कम तनख्वाह, गरीबी गुजारा और साधारण रहन-सहन के चलते भारत के समकक्ष माने जाने वाले देशों के मुकाबले हमारे प्राइवेट ड्राइवरों की हैसियत एक मजदूर से ज्यादा नहीं है। भारत में हर साल करीब साढ़े चार लाख सड़क दुर्घटनाओं में डेढ़ लाख मौतें होती हैं। जबकि हिट ऐंड रन से 25-30 हजार लोगों की जान चली जाती है। सच है कि दुर्घटना जानबूझकर




कोई नहीं करता। लेकिन दुर्घटना के बाद ड्राइवर फरार हो जाते हैं, क्योंकि यदि रुकेगा तो आसपास इकट्ठी हुई भीड़ बिना गलती जाने खुद ही फैसला करने लगती है। अनेकों उदाहरण सामने हैं कि सड़क दुर्घटनाओं के बाद पकड़े गए ड्राइवर किस बुरी तरह पिटते हैं, उनकी मौत तक हो जाती है। कई बार लदा-लदाया वाहन समेत ड्राइवर को जिंता तक जला दिया जाता है। ऐसे सार्वजनिक कृत्य करने वालों के खिलाफ अकसर मामला तक दर्ज नहीं होता। ड्राइवर जान से हाथ धो बैठता है तो उसका परिवार अनाथ होकर दर-दर भटकने को मजबूर। भारत में करीब एक करोड़ कमर्शियल वाहन हैं जिससे 20 करोड़ लोगों को काम मिलता है। ऐसे में हड़ताल होने से हुआ नुकसान समझ आता है। निश्चित रूप से सरकार द्वारा इस कानून पर सोच-विचार कर, ट्रांसपोर्टर्स का पक्ष जानने की पहल अच्छी है। लेकिन यही काम पहले भी हो सकता था जब इसके संशोधन खातिर अमल में जुटे विशेषज्ञ और नौकरशाह दूर की सोचते। क्या उन्हें नहीं पता था कि ट्रांसपोर्टर संगठन कितना मजबूत है? वाहनों के पहिये थम जाएंगे तो हालात कैसे बेकाबू हो जाएंगे? वही हुआ। यकीनन ट्रांसपोर्टेशन देश की अर्थव्यवस्था के साथ आम लोगों की सभी जरूरतों की पूर्ति करता है। सब्जी, भाजी, दूध, अनाज, दवाई और आम और खास सभी के आवागमन का जरिया भी है। ऐसे में हड़ताल से एक ही दिन में देशभर में महज पेट्रोल-डीजल की किल्लत तो सब्जियों के दूने भाव ने हालात कहां से कहां पहुंचा दिए सबने चंद घंटों में देख लिया। यह सही है कि भारतीय न्याय दंड सहिंता में पहले हिट-एंड-रन जैसी घटनाओं खातिर कोई सीधा कानून नहीं था। जिसमें आरोपित पर आईपीसी को धारा 304 ए में अधिकतम दो साल की जेल या जुमार्ने का प्रावधान रहा है। लेकिन नई भारतीय न्याय संहिता यानी बीएनएस जो ब्रिटिश-कालीन भारतीय दंड संहिता की जगह बना, उसमें यदि ड्राइवर से गंभीर सड़क दुर्घटना होती है और वह पुलिस या किसी अधिकारी को जानकारी दिए बिना चला जाता है, तो उसे दंडित किया जा सकेगा। इसमें 10 साल तक की जेल और 7 लाख रुपये तक जुमार्ने का प्रावधान है। लेकिन बड़ा सवाल कि आरोपित ड्राइवर की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी होगी, भले ही टक्कर सामने वाले की गलती से हुई हो? वहीं दुपहिया वाहनचालकों के मामले तो अकसर सामने या साइड से आकर पीछे के चक्कों से दुर्घटनाग्रस्त होने के न जाने कितने मामले हैं। निश्चित रूप से हरेक में मौके पर आरोपित बड़ा वाहन वाला ही कहलाता है। लेकिन अकसर देखने में आता है कि बड़े वाहन भी साइड देते समय सड़क नहीं छोड़ते हैं। सामने से आ रहा वाहन चालक इस मुगालते में रहता है कि खाली सड़क है साइड मिलेगी। लेकिन पलक झपकते आमने-सामने आ जाते हैं और नतीजा गंभीर दुर्घटना में तब्दील हो जाती है। भारत में इस कानून में सुधार की दरकार जरूरी है। लेकिन सभी पहलुओं पर विचार के साथ। दुनिया भर के कानूनों को भी देखना होगा जहां ड्राइवर बनना एक सम्मानजनक पेशा है। संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई में ऐसे मामलों में ड्राइवर को सबसे पहले गाड़ी से जुड़े दस्तावेज पुलिस को सौंपने होते हैं। अगर घटनास्थल पर पुलिस नहीं है तो छह घंटे के अंदर जानकारी पुलिस को देनी होगी। देरी पर वजह बतानी होगी। यहां ड्राइवर को चार साल की जेल हो सकती है। लेकिन एक्सीडेंट के कारण कोई घायल होता है और उसे हॉस्पिटल ले जाया जाता है तो दोषी ड्राइवर को दो साल की जेल और 22 हजार रुपये तक जुमार्ना वसूला जाएगा। कनाडा में ड्राइवर को पांच साल की जेल लेकिन एक्सीडेंट से मौत पर आजीवन कैद का प्रावधान है। गलत जानकारी देने पर जुमार्ना बढ़ सकता है। अमेरिका में अलग-अलग राज्यों के अलग-अलग नियम हैं। ब्रिटेन में ड्राइवर के मौके पर रहना या भाग जाना भी सजा तय करता है। यहां अनिश्चित जुमार्ने के साथ 6 माह की जेल का प्रावधान है। सबसे कम सड़क दुर्घटनाएं जापान में होती हैं। वर्ष 2020 में से केवल 3416 लोगों को ही अपनी गंवानी पड़ी। लेकिन अमेरिका, जापान, नार्वे, स्विटजरलैंड जैसे विकसित देशों की तुलना हम बहुत पीछे हैं। यहां हिंट ऐंड रन से मौतों का आंकड़ा अत्याधिक है जिसकी वजह लापरवाही, गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार के साथ सड़क नियमों का पालन नहीं करना है। इसमें सीट बेल्ट, हेलमेट नहीं पहनना तथा ओवर स्पीडिंग है जो कैमरों से पकड़ी जा सकती है तो नशे में गाड़ी चलाने वालों की जांच टोल नाकों पर ऑटोमेटिक मशीनें लगाकर की जा सकती है, जो अगले पुलिस टीम, चौकी या उड़नदस्ते को संदेश भेज दे।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# उत्तर प्रदेश सरकार, अच्छा है प्रोजेक्ट अलंकार

योगी सरकार ने व्यवस्था में सुधार और विकास के नये आयाम बनाये हैं। इसमें शिक्षा व्यवस्था भी शामिल है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी शिक्षा क्षेत्र में योगी आदित्यनाथ के कार्यों का सराहना की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सरकारी विद्यालयों की स्थिति में बदलाव हुआ है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अन्य योजनाओं की तरह पीएमश्री योजना भी उत्तर प्रदेश में बहुत सफलतापूर्वक लागू होगी। प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उज्ज्वला योजना लागू की गई थी। यह योजना बलिया से शुरू की गई थी। हाल में प्रधानमंत्री मोदी अयोध्या में मीरा मांझी के घर गए। उन्हें दस करोड़ वां गैस कनेक्शन मिला है। उत्तर प्रदेश में केंद्र की योजनाओं को ठीक से लागू किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हुआ है।

योगी आदित्यनाथ और धर्मेंद्र प्रधान ने लखनऊ में पीएमश्री स्कूलों के आधुनिकीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चार सौ करोड़ से अधिक की धनराशि से आधुनिकीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही प्रोजेक्ट अलंकार के तहत माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के संतृप्तीकरण के लिए करीब साढ़े तीन सौ करोड़ की धनराशि हस्तांरित की गयी। उत्तर प्रदेश में माध्यमिक और बेसिक शिक्षा पर इतना ध्यान पहले कभी नहीं दिया गया। ऑपरेशन कायाकल्प योगी आदित्यनाथ की अभिनव योजना रही है। परिषदीय विद्यालयों में इंफ्रॉस्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए ऑपरेशन कायाकल्प के पहले चरण में किए गए प्रयासों में आशातीत सफलता मिली। इस अवधि में परिषदीय विद्यालयों के इंफ्रॉस्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए ग्यारह हजार करोड़ रुपये खर्च किये गए। बेसिक शिक्षा परिषद तथा माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में एक लाख चौसठ हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की गई है। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में करीब साठ नये विद्यार्थियों का नामांकन हुआ। सितंबर तक प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के करीब दो लाख चालीस हजार शिक्षकों को टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे। शिक्षकों को ट्रेनिंग दी गई। टैबलेट में शासकीय कार्यक्रमों की योजनाओं के बारे में जागरुकता सामग्री प्री-लोडेड होगी।ऑपरेशन कायाकल्प के दूसरे चरण में इंफ्रॉस्ट्रक्चर के साथ शैक्षिक गुणवत्ता, पठन-पाठन का माहौल, तकनीकी दक्षता, डिजिटल लर्निंग और वोकेशनल शिक्षा की ओर बढ़ा जा रहा है। विद्यालयों में ह्यएट ग्रेड लर्निंगह्ल की व्यवस्था हो रही है। मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों को प्रारम्भिक तौर पर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लिया जाएगा। सभी जनपदों में एक विद्यालय मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत माध्यमिक विद्यालयों के जीर्णोद्धार कार्य को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। शासकीय के साथ-साथ वित्त पोषित अशासकीय विद्यालयों में सम्बन्धित प्रबन्ध तंत्र के सहयोग से जीर्णोद्धार होगा। नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया कि उत्तर प्रदेश विकसित प्रदेश बनने की दिशा में अग्रसर है। छह वर्ष में साढ़े पांच करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके हैं। लोग समर्थ और सक्षम बन रहे हैं। नीति आयोग के निर्धारित मानकों में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद शिक्षा के सभी स्तरों पर व्यापक सुधार हुआ है। राज्य में करीब साढ़े सात सौ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के क्रमिक उन्नयन तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों को प्री-प्राइमरी के रूप में विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी क्रय के लिए धनराशि का डीबीटी के माध्यम से अन्तरण किया जाता है। योगी सरकार ने नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित की गई। इससे देश में उत्तर प्रदेश की शिक्षा का महत्व और सम्मान बढ़ा है। शिक्षा में किया गया निवेश कभी व्यर्थ नहीं जाता। शिक्षा देश और समाज के भविष्य को संवारने का माध्यम है। छह वर्ष पहले प्रदेश में मात्र बारह राजकीय मेडिकल कॉलेज थे। विगत छह वर्षों के प्रयास के बाद आज पैंतालीस जनपदों में सरकारी मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। आज प्रदेश में बाइस राज्य विश्वविद्यालय व तीन केन्द्रीय विश्वविद्यालय संचालित हैं। छत्तीस निजी विश्वविद्यालय, दो एम्स हैं। दो आईआईटी व आईआईएम संचालित हैं। दो हजार से अधिक पॉलिटेक्निक व वोकेशनल इंस्टीट्यूट भी संचालित हैं। कुछ दिन बाद हर जिले में विश्वविद्यालय होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि था जब दुनिया कोरोना से त्रस्त थी, उस समय देश के लोगों को बचाने के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने नई शिक्षा नीति दी। प्रधानमंत्री ने शिक्षक दिवस के अवसर पर गत वर्ष पांच सितंबर को पीएम श्री योजना की घोषणा थी। योजना को तेजी से लागू किया जा रहा है। पीएम श्री योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 1753 विद्यालय चयनित हुए हैं। पहले चरण में 928 विद्यालय में योजना को शुरू किया जा रहा है। इसके तहत पहली कक्षा से बारहवीं तक को आधुनिक किया जाएगा।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में भव्य और दिव्य राम मंदिर को लेकर पूरे देश में उमंग और उत्साह है। कला जगत भी अपनी अनूठी शैली में इस ऐतिहासिक क्षण का सहभागी बन रहा है। मेरा आग्रह है कि श्री राम भजन के साथ आप अपनी रचनाओं को सोशल मीडिया और नमो एप पर जरूर शेयर करें। मैं उनमें से कुछ रचनाओं को अपनी ओर से भी शेयर करूंगा।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



पलामू सहित पूरे झारखंड में धड़ल्ले से शराब की निर्धारित कीमत से प्रति बोतल औसतन 10 से 30 रुपये अधिक वसूले जा रहे हैं। हैरानी होती है कि, कई शिकायतें प्राप्त होने के बावजूद विभागीय अधिकारी, मंत्री – मुख्यमंत्री सब मौन हैं। दुकानदार बेबसी में 'ऑफिशियल खर्च' चुकाने की मजबूरी बताते हैं। हेमंत जी, आखिर ये 'ऑफिशियल खर्च' क्या है? लगता है साहिबगंज डीसी की तरह पूरे राज्य में ऑफिशियल खर्च से ही कुछ माननीयों और बाबुओं का गुजारा चल रहा है, तभी तो ये लोग अपने सरकारी वेतन को हाथ तक नहीं लगाते। हेमंत सोरेन जनता का जेब काटकर अपना खर्चा निकालना बंद करिए। ये जनता है, पाई–पाई का हिसाब लेना जानती है!

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# सराहनीय पहल

किसी मरीज को आईसीयू में भर्ती करने के लिए गाइडलाइंस लाने का केंद्र सरकार का फैसला वक्त की जरूरतों के अनुरूप है। यह पहला मौका है, जब सरकार ने ऐसा कोई गाइडलाइन जारी किया है। कई वजहों से इसकी जरूरत महसूस की जाने लगी थी। इस कदम के साथ जुड़ी आश्वस्त करने वाली पहली बात यह है कि गाइडलाइन क्रिटिकल केयर मेडिसिन के एक्सपर्ट माने जाने वाले देश के 24 डॉक्टरों की समिति ने तैयार की है। दूसरी बात यह कि इसे अनिवार्य नहीं बनाया गया है। इसे सलाह या मार्गदर्शन के ही रूप में रखा गया है। ऐसा करना जरूरी इसलिए था क्योंकि मरीज की स्थिति के बारे में हमेशा पहले से तय खांचे में नहीं सोचा जा सकता। निजी पूंजी के आने से पिछले कुछ वर्षों में देश में हेल्थकेयर स्ट्रक्चर का तेजी से विकास हुआ है। प्राइवेट हॉस्पिटलों की संख्या बढ़ने से



लोगों की चिकित्सा सुविधाओं तक पहुंच बढ़ी है। लेकिन इन अस्पतालों में क्छव बेड का खर्च जनरल वार्ड के मुकाबले पांच से दस गुना ज्यादा होता है। ऐसी शिकायतें रही हैं कि मरीज को जरूरत न होने पर भी क्छव में भर्ती कर लिया गया या यह कि क्छव में भी आवश्यक चिकित्सा सेवा समय पर उपलब्ध नहीं हुई। जाहिर है, इस गाइडलाइन की जरूरत थी। हालांकि कुछ हलकों से यह आवाज भी आई है कि देश में खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं की पहुंच नाकाफी है और इसलिए सरकार को अपनी प्राथमिकता क्छव सुविधाओं को सीमित करने के बजाय इसे सब तक पहुंचाने की होनी चाहिए। लेकिन क्छव संसाधन हर देश में सीमित ही होते हैं। इसलिए यह जरूरी हो जाता है कि इसका गैरजरूरी इस्तेमाल न हो ताकि यह सभी जरूरतमंदों को उपलब्ध हो सके। विकसित देशों में भी ऐसे प्रोटोकॉल रखे जाते हैं। जहां तक इन गाइडलाइंस के सुझावात्मक होने का सवाल है तो इससे इसकी उपयोगिता कम नहीं हो जाती। चूंकि गाइडलाइन डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ हेल्थ सर्विसेज (उ्रक्लूर) द्वारा सार्वजनिक कर दिया गया है, इसलिए यह सबके लिए उपलब्ध है। ऐसे में हेल्थ मिनिस्ट्री के अंतर्गत आने वाली तमाम टेक्निकल एडवाइजरी और रेग्युलेटरी बॉडी का काम आसान होगा। अब वे आसानी से तय कर पाएंगे कि किसी खास केस में क्छव में एडमिशन जरूरी था या नहीं। हालांकि ये चीजें समाज में जागरूकता के स्तर और पेशागत जिम्मेदारियों के अहसास से जुड़ी हैं। मेडिकल फील्ड में बड़ी पूंजी का प्रवेश सुविधाएं बढ़ाने के साथ-साथ अगर अनप्रफेशनल प्रवृत्तियों को भी बढ़ावा दे रहा है तो अपने पेशे की इस बुराई से निपटने की जिम्मेदारी प्राथमिक तौर पर मेडिकल प्रफेशनल्स की ही बनती है। पेशंट और डॉक्टर के बीच जो रिश्ता है, उसकी बेहतरी सबसे ज्यादा इन्हीं दोनों पर निर्भर है।

# जेलों में जातिगत भेदभाव

यह बात न सिर्फ चौंकाने वाली बल्कि दुर्भाग्यपूर्ण भी है कि आजादी के 76 साल बाद भी देश में जेलों के अंदर कैदियों के साथ जातिगत भेदभाव होता है। सुप्रीम कोर्ट में पिछले दिनों दायर एक जनहित याचिका में यह दावा किया गया है और सुप्रीम कोर्ट ने ठीक ही इसे गंभीरता से लेते हुए केंद्र सरकार सहित 11 राज्य सरकारों को इस मामले में नोटिस जारी किया है। इस याचिका में उदाहरणों के साथ बताया गया है कि देश की कई जेलों में खाना बनाने जैसे काम कथित ऊंची जाति के कैदियों को सौंपा जाता है, जबकि झाड़ू लगाने और शौचालयों की सफाई करने जैसे कार्य कुछ खास निचली जातियों के कैदियों को दिए जाते हैं। ऐसा नहीं कि यह सब दबे-छुपे ढंग से होता है या किसी खास ऑफिसर की मनमानी का नतीजा है, यह चलन शुरू से है, जो अब तक जारी है। इसकी पुष्टि अदालत के सामने आई इस जानकारी से होती है कि देश के बहुत से राज्यों में जेल मैनुअल जाति के आधार पर इस तरह के कार्य विभाजन की इजाजत देते हैं। हालांकि 2003 का मॉडल जेल मैनुअल साफ कहता है कि कार्य विभाजन सुरक्षा, अनुशासन और संस्थानिक कार्यक्रमों के आधार पर ही होना चाहिए। वैसे, यह बात सही है कि जातिगत भेदभाव की यह बुराई समाज से ही जेल में पहुंच रही है। सैकड़ों सालों से चली आ रही जातीय भेदभाव की परिपाटी आज भी समाज से पूरी तरह हटाई नहीं जा सकी है। भेदभाव या उत्पीड़न की कोई बड़ी घटना हो तो वह खबर के रूप में सामने आती है वरना यह सोच रोजमर्रा की जिंदगी के एक हिस्से के रूप में मौजूद रहती है। फिर भी, जेल में ऐसा होना ज्यादा गंभीर इसलिए है क्योंकि जेल शासन व्यवस्था का एक हिस्सा है, जो देश के संविधान और कायदे-कानूनों से संचालित है। यहां इस तरह की गड़बड़ी पूरे तंत्र की बड़ी नाकामी कही जाएगी। आजकल गुलामी की निशानियों को मिटाने का अभियान सचेत ढंग से हाथ में लिया गया है। ऐसे में यह बात चकित करती है कि जेलों में अंग्रेजों के जमाने की जातिवादी सोच और खास जनजातियों को आदतन अपराधी मानने की कानूनी जहनियत चली आ रही है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899 Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# इंडिगो का कुछ लंबे मार्गों पर हवाई किराया 1,000 रुपए तक होगा सस्ता

## - विमान टिकट पर ईंधन शुल्क हटने के बाद इंडिगो ने की घोषणा

**नई दिल्ली ।**

देश की प्रमुख विमानन कंपनी इंडिगो ने विमान ईंधन की कीमतों में कमी के बाद ईंधन शुल्क वसूलना बंद कर दिया है जिससे कुछ लंबे मार्गों पर हवाई किराये में 1,000 रुपये तक की कमी आएगी। एयरलाइन ने एटीएफ (एविएशन टर्बाइन फ्यूल) की कीमतों में उछाल के बाद छह अक्टूबर, 2023 से ईंधन शुल्क वसूलना शुरू किया था।

दूरी के आधार पर ईंधन शुल्क की मात्रा 300 रुपये से लेकर 1,000 रुपये तक तय की गई थी। अपने परिचालन का विस्तार कर रही एयरलाइन ने कहा कि एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में हालिया कटौती के बाद चार जनवरी से विमान टिकट पर ईंधन शुल्क हटा दिया गया है। इंडिगो के अनुसार एटीएफ की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी रहता है इसलिए हम कीमतों या बाजार स्थितियों में किसी भी बदलाव से निपटने के लिए अपने किराये और उसके घटकों को समायोजित करना जारी रखेंगे।

ईंधन किसी एयरलाइन की परिचालन लागत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इंडिगो ने पिछले साल एटीएफ की कीमतों में बढ़ोतरी की भरपाई के लिए ईंधन शुल्क लगाने की घोषणा की थी। यह कदम उठाने वाली वह पहली विमानन कंपनी थी।

यदि उड़ान की दूरी 500 किलोमीटर तक हो तो प्रत्येक यात्री से 300 रुपये का ईंधन शुल्क लिया जाता था और 501-1,000 किलोमीटर की दूरी के लिए यह राशि 400 रुपये थी। ईंधन शुल्क 1,001-1,500 किलोमीटर के लिए 550 रुपये, 1,501-2,500 किलोमीटर के लिए 650 रुपये और 2,501-3,500 किलोमीटर के लिए 800 रुपये था। वहीं 3,501 किलोमीटर तथा उससे अधिक के लिए यह राशि 1,000 रुपये थी।

ईंधन शुल्क हटने से इंडिगो की विमान टिकट की कुल कीमत कम से कम 300 रुपये से 1,000 रुपये तक कम हो जाएगी। नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पिछले महीने लोकसभा को सूचित किया था कि हवाई किराया सरकार द्वारा न तय और न ही विनियमित किया जाता है।

# उदघाटन से पहले महाराष्ट्र सरकार ने अटल सेतु का टोल शुल्क 50 फीसदी किया कम

## अटल सेतु का उदघाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जनवरी को करेंगे

**मुंबई ।**

देश के सबसे लंबे समुद्री पुल मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक (एमटीएचएल) के उघाटन से पहले राज्य सरकार ने मुंबई वो सियों को बड़ी राहत देते हुए टोल टैक्स में 50 फीसदी की छूट दी है। एमटीएचएल का नाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर अटल सेतु रखा गया है। इसका उदघाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 जनवरी को करेंगे। महाराष्ट्र मंत्रिमंडल की बैठक में फैसला लिया गया है अटल सेतु पर अब 250 रुपये टोल लिया जाएगा जबकि इसके पहले मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने टोल की दर 500 रुपये तय की थी। मुंबई के सेवरी और रायगढ़ जिले के न्हावा शेवा क्षेत्र के बीच 21.8 किलोमीटर लंबे पुल पर 250 रुपये टोल शुल्क वसूलने के फैसले को मंजूरी दी गई। शिंदे ने कहा कि उदघाटन के बाद यात्रा में केवल 15-20 का समय लगेगा जिसमें अभी दो घंटे का समय लगता है। इस पुल से इससे जुड़े क्षेत्रों में आर्थिक विकास संभव हो सकेगा। यह समुद्री पुल मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा जो राज्य के दो सबसे बड़े शहरों को जोड़ता है। छह लेन वाले इस पुल का 16.5 किलोमीटर लंबा हिस्सा समुद्र के ऊपर है, जबकि 5.5 किलोमीटर हिस्सा जमीन पर है। इस समुद्री पुल के निर्माण योजना मुंबई में 70 के दशक की शुरुआत में बनाई गई थी। जो मुंबई को नवी मुंबई से सीधा जोड़े। लेकिन इस योजना की फाइलें एक दफ्तर से दूसरे दफ्तर धूल खाती रहीं। फिर अप्रैल 2018 में इस परियोजना की जमीनी शुरुआत हुई, काम को गति मिली और यह ड्रीम ब्रिज आकार लेने लगा और अब बनाकर तैयार हो गया। 50 साल पुराना सपना अब सच होने जा रहा है। फिर इस परियोजना का निर्माण 2018 में शुरु हुआ था और इसे 2022 तक पूरा होना था, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसमें देरी हुई। मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक पर प्रतिदिन 100 किमी प्रति घंटे की गति सीमा के साथ 70,000 से अधिक वाहनों का आवागमन होने की उम्मीद है। 17,843 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित ये 6-लेन एक्सप्रेस वे वाहन की खराबी का पता लगाने और कंट्रोल रूम को अलर्ट करने के लिए एआई कैमरों से भी लैस होगा।

# बिक्री के मामले में चीन की ट्रांजियन भारत में प्रमुख पांच स्मार्टफोन कंपनियों में शामिल

## - ट्रांजियन आईटेल, इनफिनिक्स और टेक्नो ब्रांड नाम से अपने मोबाइल फोन बेचती है

**नई दिल्ली ।**

चीन की मोबाइल फोन बनाने वाली कंपनी ट्रांजियन अपने देश में एक भी मोबाइल फोन नहीं बेचती है मगर अफ्रीका में अपनी पहचान बनाने के बाद अब चुपके से भारत में पैठ बना रही है। बिक्री के मामले में ट्रांजियन भारत में प्रमुख पांच स्मार्टफोन कंपनियों की सूची में शामिल हो गई है। एक रिसर्च के आंकड़ों के अनुसार हांगकांग की इस कंपनी की वर्ष 2023 में भारतीय स्मार्टफोन बाजार में 8.6 फीसदी हिस्सेदारी रही। ट्रांजियन आईटेल, इनफिनिक्स और टेक्नो ब्रांड नाम से अपने मोबाइल फोन की बिक्री करती है और 2022 में भारतीय बाजार में इन तीनों ब्रांडों के स्मार्टफोन की हिस्सेदारी 6.3 फीसदी थी।

यह चीन की एक अन्य कंपनी ओप्पो को भी देश में टक्कर दे रही है, जिसकी भारत में बाजार हिस्सेदारी 2022 और 2023 में लगभग स्थिर 10 फीसदी रही है। वर्ष 2023 में देश के शीर्ष पांच ब्रांडों की कुल बाजार हिस्सेदारी वर्ष 2022 के 80 फीसदी से घटकर 73 फीसदी रह गई। पिछले साल स्मार्टफोन बाजार में 2 फीसदी की गिरावट आई है। लेकिन बाजार हिस्सेदारी हासिल करने के मामले में ट्रांजियन फायदे में रही। कम कीमत वाले स्मार्टफोन बाजार में इसने मौजूदा कंपनियों की हिस्सेदारी में सेंध लगाई है। कपनी मुख्य रूप से 12,000 रुपये से कम कीमत वाले स्मार्टफोन की बिक्री करती है। फीचर फोन बाजार में यह अग्रणी कंपनियों में से एक है। इस सेगमेंट में पिछले साल उसकी बाजार हिस्सेदारी 28 फीसदी रही और इसका प्रमुख ब्रांड आईटेल देशी कंपनी लावा को कड़ी टक्कर दे रहा है।

कुल मिलाकर स्मार्टफोन का बाजार सिकुड़ रहा है लेकिन प्रीमियम सेगमेंट में ऐपल और प्रवेश स्तर पर ट्रांजियन जैसी कंपनियां अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ा रही हैं जबकि शीर्ष पांच ब्रांडों की हिस्सेदारी घट रही है। इसकी वजह यह है कि प्रीमियम सेगमेंट का बाजार 20,000 रुपये से महंगे फोन का है और श्याओमी तथा रीयलमी जैसी प्रमुख कंपनियां 10,000 से 20,000 रुपये की कीमत वाले मोबाइल फोन पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं जिससे उनकी हिस्सेदारी कम हो रही है।

# मंत्रालयों के कम खर्च से इस साल पूरा होगा घाटे का लक्ष्य: विशेषज्ञ

## - 15 विभागों ने बजट में आवंटित राशि का एक-तिहाई से भी कम खर्च किया

**नई दिल्ली ।** चालू वित्त वर्ष के शुरुआती 8 महीनों में केंद्र सरकार के 15 विभागों ने बजट में आवंटित राशि का एक-तिहाई से भी कम खर्च किया है। इससे केंद्र सरकार को वित्त वर्ष 2024 में राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 5.9 फीसदी पर सीमित करने के लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिल सकती है। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) के ताजा आंकड़ों के अनुसार 15 विभागों को बजट में कुल मिलाकर 1.45 लाख करोड़ रुपये का आंवटन किया गया था, जिनमें से केवल 17.8 फीसदी ही खर्च हो पाया है। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रम, पेट्रोलियम, नागर विमानन, खाद्य प्रसंस्करण, भारी उद्योग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी सहित कई मंत्रालयों एवं विभागों ने आवंटित बजट से कम खर्च किया है। हालांकि सड़क परिवहन, राजमार्ग, रेलवे, रक्षा एवं जहाजरानी जैसे बुनियादी ढांचा क्षेत्र से जुड़े मंत्रालयों ने चालू वित्त वर्ष में नवंबर तक अपेक्षाकृत ज्यादा खर्च किया है। एक अर्थशास्त्री का कहना है` कि कर राजस्व में इजाफा हुआ है मगर विनिवेश जैसे कुछ क्षेत्रों से प्राप्तियां लक्ष्य से कम रही हैं। ऐसे में अगर राजस्व लक्ष्य से कम रहा तो राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए खर्च को काबू में करना एकमात्र विकल्प होगा। इससे कयास लगाया जा सकता है कि सरकार ने जनवरी में राजकोषीय घाटे की तस्वीर स्पष्ट होने तक मंत्रालयों को विवेकाधीन खर्च को अलग रखने और पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता देने की सलाह दी है। चालू वित्त वर्ष के पहले 8 महीनों में केंद्र का राजकोषीय घाटा पूरे साल के लक्ष्य 17.87 लाख करोड़ रुपये का 50.7 फीसदी रहा है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 58.9 फीसदी पहुंच गया था।

# आरबीआई ने पांच सहकारी बैंकों पर लगाया लाखों का जुर्माना

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पांच बैंकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। आरबीआई ने पांच सहकारी बैंकों पर लाखों रुपए का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने कहा` कि यह जुर्माना आरबीआई के नियमों की अनदेखी की वजह से लगाया गया है। रिजर्व बैंक द्वारा 4 जनवरी, 2024 को दी गई जानकारी के मुताबिक जिन बैंकों पर कार्रवाई की गई है, उनमें द को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक, श्री भारत को-ऑपरेटिव बैंक, द लिमडी अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक, द संखेड़ा नागरिक सहकारी बैंक और द भुज कमर्शियल को-ऑपरेटिव बैंक का नाम शामिल हैं। इन सभी बैंकों पर केंद्रीय बैंक ने 50,000 रुपए से लेकर 5 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया है। श्री भारत को-ऑपरेटिव बैंक और द संखेड़ा नागरिक सहकारी बैंक पर आरबीआई ने 5-5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। द संखेड़ा नागरिक सहकारी बैंक पर आरबीआई ने यह कार्रवाई इसलिए की है क्योंकि बैंक के डायरेक्टर्स कई जगह पर लोन गारंटर बने थे, जो आरबीआई के नियमों का उल्लंघन है। इसके साथ ही बैंक ने दो बैंकों के बीच ग्रॉस एक्सपोजर लिमिट के नियम का भी उल्लंघन किया है। ऐसे में आरबीआई ने बैंक पर यह जुर्माना लगाया है। वहीं श्री भारत को-ऑपरेटिव बैंक पर जुर्माना लगाने की वजह आरबीआई की जांच में यह पाया गया कि बैंक इंटर बैंक ग्रॉस एक्सपोजर लिमिट के नियमों को पालन करने में असफल रहा है। इसके साथ ही बैंक ने टर्म डिपॉजिट स्कीम पर ब्याज देने में भी देरी की है। इसके अलावा आरबीआई ने द को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक और द भुज कमर्शियल




को-ऑपरेटिव बैंक के ऊपर 1.50-1.50 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। वहीं द लिमडी अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक पर 50,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

# बुकफील्ड एटीसी के भारतीय कारोबार का अधिग्रहण करेगी

**नई दिल्ली ।** कनाडा स्थित ब्रुकफील्ड दो अरब अमेरिकी डॉलर में अमेरिकन टावर कॉरपोरेशन (एटीसी) के भारतीय कारोबार का अधिग्रहण करेगी। इस लेन-देन के लिए विनियामक की अनुमति आवश्यक है। इसके 2024 की दूसरी छमाही में पूरा होने की उम्मीद है। बताया गया है` कि डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट (डीआईटी), ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट के एक सहयोगी द्वारा प्रायोजित एक इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट ने भारत में अमेरिकन टॉवर के संचालन (एटीसी इंडिया) में 100 प्रतिशत इक्विटी हितों का अधिग्रहण करने के लिए एटीसी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। इसका उद्यम मूल्य 16,500 करोड़ रुपए (दो अरब अमेरिकी डॉलर) है, जो प्रतिभूति खरीद समझौते के तहत पूर्व-समापन शर्तों के अधीन है। टावर कंपनी एटीसी इंडिया के पास देशभर में करीब 78,000 स्थान हैं। ब्रुकफील्ड के पास करीब 1,75,000 टावर हैं जिन्हें 2020 में रिलायंस इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट्स एंड होल्डिंग्स लिमिटेड से अधिग्रहित किया गया था। एटीसी इंडिया को डीआईटी में शामिल किया जाएगा, जिसमें मौजूदा दूरसंचार संपत्तियां शामिल हैं।




# सुजलॉन को एवररेन्यू से मिला 225 मेगावाट पवन ऊर्जा का ठेका

**नई दिल्ली ।** नवीकरणीय ऊर्जा समाधान प्रदाता सुजलॉन समूह को एवररेन्यू एनर्जी से 225 मेगावाट पवन ऊर्जा का ठेका मिला है। कंपनी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार सुजलॉन तमिलनाडु में त्रिची जिले के वेंगईमंडलम और तूतिकोरिन जिले के ओट्टापिडारम में एवररेन्यू एनर्जी की साइट पर हाइब्रिड लैटिस ट्यूबलर (एचएलटी) टावर और 75 पवन टरबाइन जनरेटर (डब्ल्यूटीजी) स्थापित करेगा। प्रत्येक की रेटेड क्षमता तीन मेगावाट है। सुजलॉन समूह के एक अे धिकारी ने कहा कि एवररेन्यू एनर्जी के साथ यह परियोजना भारतीय बाजार के आशाजनक वाणिज्यिक तथा औद्योगिक (सीएंडआई) खंड के अनुरूप है। यह समय के साथ राष्ट्रीय लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण होगी।

भारत की मजबूत वृद्धि दर जारी रहने का अनुमान यूएन रिपोर्ट

नई` दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय अर्थव्यवस्था पर संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने संयुक्त राष्ट्र विश्व आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं (डब्ल्यूईएसपी) 2024 रिपोर्ट में कहा कि मजबूत घरेलू मांग और विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि से 2024 में भारत की वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण एशिया में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 2024 में 5.2 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है।रिपोर्ट में कहा गया है, मजबूत घरेलू मांग और विनिर्माण व सेवा क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि आने से भारत की वृद्धि दर 2024 में 6.2 प्रतिशत पर पहुंचने का अनुमान है जो 2023 के 6.3 प्रतिशत के अनुमान से थोड़ा कम है। भारत की जीडीपी 2025 में बढ़कर 6.6 प्रतिशत होने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में आर्थिक वृद्धि दर इस साल 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो मुख्य रूप से लचीली निजी खपत और मजबूत सार्वजनिक निवेश से समर्थित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र अर्थव्यवस्था को समर्थन देना जारी रखेंगे लेकिन अनियमित बारिश के पैटर्न से कृषि उत्पादन प्रभावित होने की संभावना है। वैश्विक आर्थिक प्रभाग निगरानी शाखा, आर्थिक विश्लेषण व नीति प्रभाग (यूएन डीईएसए) एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा` कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने न केवल इस साल बल्कि पिछले कुछ वर्षों में एक बार फिर अपने प्रतिस्पर्धियों से बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर लगातार छह प्रतिशत से अधिक बनी हुई है और हमारा मानना है कि यह 2024 और 2025 में भी जारी रहेगी।

# वीवो वीवो एक्स100 श्रृंखला के स्मार्टफोन पेश करेगी

**नई दिल्ली ।** स्मार्टफोन विनिर्माता कंपनी वीवो ने वीवो एक्स100 श्रृंखला के फोन पेश करने की घोषणा की। कंपनी का लक्ष्य प्रीमियम खंड में अपनी उपस्थिति मजबूत करना है। वीवो की ओर से जारी बयान के अनुसार नई एक्स100 सीरीज में एक्स100 प्रो और एक्स100 शामिल है। ये जेडईआईएसएस कैमरे से लैस हैं और इसकी कीमत 63,999 रुपये से अधिक होगी। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा` कि वीवो देश में प्रीमियम खंड में अपनी उपस्थिति मजबूत करना चाहती है। वीवो इस साल की शुरुआत में नोएडा में नई सुविधा में उत्पादन शुरू करने की प्रक्रिया में है। वर्तमान में वीवो की ग्रेटर नोएडा में विनिर्माण इकाई है, जहां सालाना करीब छह करोड़ फोन का विनिर्माण होता है। कंपनी ने प्रमुख कार्ड सेवा प्रदाताओं के क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर बिना अतिरिक्त लागत के मासिक किस्त की सुविधा और कैशबैक ऑफर की भी घोषणा की है।



# कारों पर आयात शुल्क घटे, इसका मारुति के चेयरमैन कर रहे समर्थन

**नई दिल्ली ।**

विदेश से वाहन आयात पर शुल्क कटौती के प्रस्ताव का भारतीय उद्योग पुरजोर विरोध कर रहा है मगर सबसे बड़ी प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजूकी के चेयरमैन आरसी भार्गव इसका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का वाहन उद्योग भी ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) के उद्योग जितना प्रतिस्पर्द्धी है, इसलिए उसे संरक्षण देने के नाम पर वहां से आने वाली कारों पर इतना भारी आयात शुल्क नहीं लगाना चो हिए। भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते के तहत भारत भेजी जाने वाली कारों पर शुल्क घटाने की ब्रिटिश सरकार की मांग पर भार्गव ने कहा` कि यह मेरा नजरिया है और हो सकता है कि उद्योग ऐसा नहीं सोचता हो मगर कार के मामले में हम ब्रिटेन और चीन जितने प्रतिस्पर्द्धी हैं। मुझे लगता है कि कई मॉडलों की कीमत भारत में 20-30 फीसदी कम ही है। इसलिए भारत के साथ एफटीए के तहत कारों पर आयात शुल्क घटाने की जो मांग ब्रिटेन सरकार ने रखी है, उसे खारिज करने की कोई वजह ही नहीं है। मेरे हिसाब से 30 फीसदी शुल्क सही है। उन्होंने ब्रिटेन से एक निश्चित संख्या में ही कारें कम शुल्क पर आयात किए जाने के विचार को भी खारिज कर दिया। बताया जाता है कि भारतीय वाहन निर्माताओं के संगठन सायम ने ब्रिटेन से आयात होने वाली कारों की एक निश्चित संख्या पर चरणबद्ध तरीके से शुल्क घटाने या हटाने का प्रस्ताव रखा था। आयातित कारों पर अभी 70 से 100 फीसदी शुल्क लगता है। सायम ने धीरे-धीरे कटौती कर पांचवें साल तक 46,200 कारों पर केवल 10 फीसदी कर वसूलने का प्रस्ताव रखा था। भार्गव ने कहा कि मारुति सुजुकी जैसी कंपनियां हर साल 7 लाख से ज्यादा कारों का निर्यात कर रही हैं। इससे साबित होता है कि भारत वैश्विक स्तर पर होड़ कर रहा है।

# शेयर बाजार हल्की बढ़त पर बंद

## सेंसेक्स 178 , निफ्टी 52 अंक उछला

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार शक्रवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी आईटी और बैंकिंग शेयरों में तेजी से बाजार ऊपर आया है। वहीं दोपहर बाद निवेशकों के दवा और धातु शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार की तेजी पर अंकुश लग गया। वहीं दूनिया भर के बाजारों में कमजोर रुख रहा।

आज कारोबार के दौरान व्यापक बाजारों में, बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.19 फीसदी जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स 0.61 फीसदी ऊपर आया।

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 178.58 अंक करीब 0.25 फीसदी ऊपर आकर 72,026.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स आज 71,779.83 और 72,156.48 के बीच रहा। वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 52.20 अंक तकरीबन 0.24 फीसदी ऊपर आया। निफ्टी दिन के अंत में 21,710.80 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में आज 21,629.20 और 21,749.60 के




बीच कामकाज हुआ। इससे पहले आज सुबह बाजार में बढ़त दर्ज की गयी। बीएसई सेंसेक्स 300 अंक बढ़कर 71,145 पर और एनएसई निफ्टी 50 90 अंक बढ़कर 21,748 पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स पर एनटीपीसी, विप्रो, एमएंडएम, एसबीआई की बढ़त रही। बजाज ऑटो, हीरो मोटो निफ्टी में टॉप पर रहे। दूसरी ओर नेस्ले, सन फार्मा, सिप्ला, ब्रिटानिया और इंडसइंड बैंक कुछ प्रमुख गिरावट वाले शेयर रहे। एशियाई बाजारों में भी कारोबार में कमजोरी रही। निक्केई में 0.4 फीसदी की बढ़त रही। हैंग सेंग 0.4 फीसदी नीचे खुला, कोस्पी और एएसएक्स 200 सपाट रहे। अमेरिका बाजार में, एसएंडपी 500 0.34 फीसदी नीचे आया, डॉव 0.03 फीसदी की बढ़त और नैस्डैक 0.56 गिर फिसला।

# अनिल अंबानी की रिलायंस पॉवर में आया उछाल, निवेशकों को हो रहा लाभ

**नई दिल्ली ।**

पिछले काफी समय से घाटे में चल रही अनिल अंबानी के मालिकाना अधिकार वाली रिलायंस पॉवर के दिन फिरते नजर आ रहे हैं। इसके शेयरों को खरीदने के लिए अब होड़ मची है। इससे गत एक साल के अंदर ही इस शेयर से निवेशकों को 60 फीसदी से ज्यादा का लाभ हुआ है। इस शेयर को खरीदने की लूट मची हुई है। इस शेयर से अब निवेशकों को जमकर लाभ हो रहा है। कंपनी का मार्केट पूंजीकरण 9040 करोड़ रुपये है। इसके शेयरों ने निवेशकों को एक साल के अंदर ही60 फीसदी से ज्यादा का लाभ दिया है। अनिल अंबानी का बिजनेस घाटे में है पर उनकी रिलायंस पॉवर के शेयर निवेशकों को लाभ पहुंचा रहे हैं। गत तीन साल के अंदर ये शेयर एक रुपये से बढ़कर 31 रुपये के स्तर पर पहुंच चुके हैं। शेयरों में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। आज भी शेयरों में 19 फीसदी से ज्यादा का उछाल आया है। रिलायंस पॉवर के शेयरों में गत दिवय गुरुवार को 20 फीसदी का उछाल आया था। शेयर कल बढ़त के साथ 30.99 रुपये के स्तर पर बंद हुए थे। रिलायंस पॉवर के शेयर




अपने ऑल टाइम हाई से 99 फीसदी टूटकर 1.13 रुपये पर आ गए थे। अब इन शेयरों में बीते 4 साल में 2600 फीसदी से ज्यादा का उछाल आया है। कंपनी के 52 सप्ताह का लो लेवल 9.05 रुपये है। रिलायंस पॉवर के शेयरों में यह उछाल बंपर गिरावट के बाद देखने को मिल रहा है। रिलायंस पॉवर का बाजार पूंजीकर भी अब बढ़कर 11 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।

# देश में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां दिसंबर में तीन महीने के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली ।**

देश में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां दिसंबर में तीन महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। इसकी वजह अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और सकारात्मक मांग बताया गया है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक दिसंबर में 59 पर पुहंच गया। यह नवंबर में 56.9 पर था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। सर्वेक्षण सेवा क्षेत्र की करीब 400 कंपनियों को भेजे गए प्रश्नावली के जवाबों पर आधारित है। एचएसबीसी की चीफ इंडिया इकोनॉमिस्ट प्रांजुल भंडारी ने कहा` कि भारत का सेवा क्षेत्र साल के ओ खिरी में उच्च स्तर पर रहा। व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ने और तीन महीने में सर्वाधिक ऑर्डर मिलने से यह संभव हो पाया। नए व्यवसाय में बढ़ोतरी को अंतरराष्ट्रीय बिक्री की निरंतर वृद्धि से समर्थन मिला। सेवा प्रदाताओं ने दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप, पश्चिम एशिया और दक्षिण अमेरिका में स्थित ग्राहकों की ओर से उच्च मांग देखी। सर्वेक्षण में कहा गया` कि मांग में उछाल से बिक्री में तेजी आई जिससे व्यावसायिक गतिविधि में तेजी आई। रोजगार सृजन लगातार 19वें महीने बढ़ा।

# घरेलू उपायों से करें कॉन्र्स का इलाज

कॉर्न्स को दूर करने के लिए घरेलू उपचार प्रभावी होते हैं। हालांकि कॉन्र्स के इलाज के लिए घरेलू उपचार में समय लगता है, लेकिन यह सर्जरी की तरह प्रभावी और कम खर्च में किए जा सकते हैं।

## कॉन्र्स के लिए घरेलू उपचार

कठोर त्वचा समय के साथ कॉर्न का रूप ले लेती है। कॉन्र्स मोटी त्वचा के धब्बे की तरह उभरता है और दबाव के माध्यम से बढ़ता है। कॉन्र्स अक्सर तेज दर्द का कारण बन सकता है। कॉन्र्स का जल्द से जल्द इलाज नहीं किए जाने पर इससे छुटकारा पाना थोड़ा कठिन हो सकता है। चिकित्सकीय रूप में कॉन्र्स केवल एक छोटी सी शल्य चिकित्सा द्वारा हटाया जा सकता है। साथ ही कॉन्र्स के इलाज के लिए ओवर-द-काउंटर क्रीम और औषधीय बैंड उपलब्ध हैं, लेकिन इनकी प्रकृति अधिकतर बनावटी होती हैं। इसलिए कॉन्र्स को दूर करने के लिए आप इन सिद्ध और प्रभावी घरेलू उपचार को अपना सकते हैं। हालांकि कॉन्र्स के इलाज के लिए घरेलू उपचार में समय लगता है, लेकिन यह सर्जरी की तरह प्रभावी और कम खर्च में किए जा सकते हैं।

## कैमोमाइल चाय

कैमोमाइल चाय में अपने पैरों को भिगोना सुखदायक होता है और यह अस्थायी रूप से त्वचा के पीएच को बदल कर पसीने से तर पैर को सूखने में मदद करता है। गुनगुने पानी में सेंधा नमक और कैमोमाइल चाय को मिलाकर उसमें पैर भिगोना,कॉन्र्स को नर्म करने की चिकित्सा के लिए फायदेमंद होता है। हालांकि चाय से पैर में दाग हो सकते हैं, लेकिन इसे आसानी से साबुन और पानी से हटाया जा सकता है।

## प्यूमिक स्टोन

सबसे पहले हार्ड त्वचा को नर्म करने के लिए अपने पैरों को गीला करें। फिर हल्के दबाव का उपयोग कर, गीले प्यूमिक स्टोन को कॉर्न के आगे पीछे रगड़ें। मृत त्वचा को धोने के लिए हर कुछ मिनट के लिए रुकें, और कॉर्न्स को थोड़ा नर्म होने तक दोहराएं।

## सफेद सिरका

सिरका सॉस सहित कई व्यंजन की तैयारी में प्रयोग किया जाती है। साथ ही यह पैर पर कॉन्र्स को दूर करने का एक शानदार और परखा हुआ उपाय है। सफेद सिरका आसानी से खरीदा जा सकता है। एक साफ औषधीय कॉटन बॉल लेकर उसे सफेद सिरका में डुबोकर इसे कॉर्न पर लगाएं। कॉन्र्स पर कॉटन को सुरक्षित रखने के लिए डक्ट टेप का उपयोग करें। तीन से चार घंटे तक इसे ऐसे ही छोड़ दें। निर्धारित समय के बाद डक्ट टेप और कॉटन निकाल लें।



## टी ट्री ऑयल

टी ट्री तेल में मौजूद एंटीफंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण इसे कॉन्र्स के इलाज के लिए बेहतर बनाते है। एक साफ कॉटन बॉल लेकर, उसपर आवश्यक तेल की पांच बूंदों डालकर कॉन्र्स पर रगडें। फिर कॉन्र्स पर कॉटन को लगा रहने दें। रात भर लगा रहने के बाद सुबह इसे पानी से धो लें।

## पपीता

पैर से कॉन्र्स को दूर करने के लिए एक और बहुत ही आसान और कारगर उपाय है। पपीते में मौजूद कई एंजाइम कठिन और मृत त्वचा को दूर करने में मदद करते हैं। इसके अलावा, पपीता किसी भी दर्द या बेचैनी को कम करने और यहां तक कि कॉन्र्स को सूखने और तेजी से गिरने में मदद करता है। सर्वोत्तम परिणामों के लिए, कच्चे पपीता का उपयोग करें। कच्चे पपीते के रस में कॉटन को डूबोकर उसे कॉन्र्स पर लगाएं और इसपर पट्टी के साथ सुरक्षित करें। इसे रात भर के लिए छोड़ दें। अगली सुबह धीरे से त्वचा को प्यूमिक स्टोन से एक्सोफोलिएट करें।

## लहसुन

लहसुन प्रकृति से एंटीऑक्सीडेंट होने के कारण यह एंटी-बैक्टीरियल और फंगल संक्र मण से लड़ने में उपयोगी होती है। लहसुन के साथ कॉन्र्स के इलाज के लिए लहसुन की तीन कली को अच्छे से भूनकर कुचलकर पाउडर बना लें। फिर लहसुन के साथ लौंग पाउडर को मिलाकर इसे कॉन्र्स पर लगाएं। इसे पट्टी से कवर करके पूरी रात के लिए छोड़ दें। अगली सुबह पट्टी को खोलकर गुनगुने पानी से पैरों को धो लें। इस उपाय कॉन्र्स के गायब होने तक करें।

## तारपीन का तेल

तारपीन का तेल एक मजबूत एंटीसेप्टिक है, जो कॉन्र्स के इलाज में मदद करता है। तेल त्वचा में जल्दी प्रवेश कर जाता है जिससे उपचार तेजी से किया जा सकता है। एक पतले कपड़े में बर्फ लपेटकर प्रभावित क्षेत्र में दो मिनट के लिए मसाज करें। कॉन्र्स वाले हिस्से को अच्छे सुखाकर उसपर थोड़ा सा तारपीन का तेल लगाएं। फिर इस पर पट्टी बॉधकर रात भर के लिए छोड़ दें। रात को सोने से पहले इस उपाय को नियमित रूप से करें।

## नींबू का रस

यह इलाज धीमी गति से काम करता है, लेकिन कॉन्र्स के लिए किसी भी अन्य घरेलू उपचार की तरह प्रभावी है। ताजा नींबू का एक चम्मच रस लेकर उसमें लौंग के दो टुकड़े मिलाएं। 15 मिनट के लिए नींबू के रस में लौंग को छोड़ दें। फिर लौंग को हटाकर, नींबू के रस को कॉन्र्स पर अच्छी तरह से रगड़ें। कुछ देर सुखने के बाद पानी से इसे साफ कर लें।

## हल्दी

कॉन्र्स को दूर करने के लिए हल्दी भी बहुत अच्छा उपाय है। एंटी-इन्फ्लेमेंटरी प्रकृति के कारण, हल्दी परेशानी और दर्द को कम करने और उपचार को गति प्रदान करती है। एक चम्मच शहद में थोड़ी सी हल्दी मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को कॉन्र्स पर लगाकर इसे सुखने के लिए छोड़ दें। कॉन्र्स के निकलने तक इस उपाय को कम से कम एक सप्ताह में दिन में दो या तीन बार दोहराये।



## मुलेठी

अदभुत चिकित्सा और औषधीय गुणों के कारण आयुर्वेद में कॉन्र्स के इलाज के लिए मुलेठी की सिफारिश की जाती है। कॉन्र्स के उपचार के लिए एक चम्मच मुलेठी में पर्याप्त मात्रा में सरसों का तेल मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को सोने से पहले प्रभावित क्षेत्र पर लगा लें। इसपर पट्टी बांधकर रात भर के लिए छोड़ दें। अगली सुबह पट्टी को हटाकर गुनगुने पानी से उस क्षेत्र को धो लें। ऐसा तब तक करें जब तक कॉन्र्स नर्म और आकार में कम न हो जाये।

# रेसिपी



## हेल्दी कर्ड राइस

### सामग्री

- राइस -एक कटोरी
- दही एक कटोरी
- उड़द दाल-एक छोटा चम्मच
- चने की दाल-एक छोटा चम्मच
- मूंगफली -आधी छोटी कटोरी
- दो हरी मिर्च
- एक सूखी लाल मिर्च
- एक सफेद प्याज
- चुटकीभर अदरक
- करी पत्ते 5-6
- आधा छोटा चम्मच राई
- चुटकीभर मेथी दाना
- चुटकीभर हींग
- तेल जरूरत के अनुसार
- नमक स्वादानुसार

### विधि

सबसे पहले चावल को पानी में डालकर पका लें। इसके एक पैन में तेल डालें और राई, मेथी दाना, उड़द दाल, चने की दाल और सूखी लाल मिर्च डालकर भून लें। इसके बाद सफेद प्याज, अदरक, हरी मिर्च और करी पत्ते डालकर भूनें। इसी तेल में मूंगफली भी डालकर भून लें और इनमें नमक मिलाकर अलग रख लें। इसके बाद हींग डालें और सभी को अच्छे से मिक्स कर लें। अब साधारण पके हुए चावल में दही मिलाएं और दही के बाद भुनी मूंगफली डालकर अच्छे से मिक्स करें। इसके बाद ऊपर से तैयार तड़का डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। तैयार हैं आपके कर्ड राइस ।



## काले चने की कढ़ी

### सामग्री

- भिगोए और उबले हुए काले चने
- दही
- बेसन
- एक छोटा चम्मच हल्दी
- एक बड़ा चम्मच गरम मसाला
- दो तेजपत्ता
- दो सूखी लाल मिर्च
- चूटकीभर हींग
- आधा चम्मच मेथी दाना
- आधा छोटा चम्मच जीरा
- दो हरी मिर्च
- आधा कप प्याज
- आधा कप टमाटर
- एक बड़ा चम्मच अदरक-लहसुन का पेस्ट
- दो बड़ा चम्मच तेल
- नमक

### विधि

सबसे पहले एक कड़ाही में तेल डालें और हींग तेजपत्ता, सूखी लाल मिर्च और मेथी दाना और जीरा डालकर भूनें। इसके बाद अदरक-लहसुन का पेस्ट और प्याज डालकर सुनहरा होने तक भूनें। अब गरम मसाला, हल्दी, और काले चने डालकर तब तक पकाएं जब तक की मसाला तेल न छोड़ने लगे। दूसरी ओर एक कटोरी में दही में बेसन डालकर अच्छी तरह घोल लें। मसाले के तेल छोड़ते ही दही वाला मिश्रण डालकर धीमी आंच पर पकाएं। धनिया पत्तियों ऊपर से डालकर सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेगें। शुभांक-2-4-5

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6

## काकुरो पहेली - 3056




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 3055 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

विवाह के बाद प्रेमी ने प्रेमिका से कहा कि देखो अब हमारी शादी हो चुकी है।

तुम्हारी कुछ बातें ऐसी हैं, जो मुझे पसंद नहीं आतीं... और मैं तुम्हें वह सब बता देना चाहता हूँ। तुम चाहो तो इन्हें अपनी कमजोरियाँ समझ सकती हो।


प्रेमिका- रहने दो! मुझे अपनी सारी कमजोरियाँ मालूम हैं। आखिर उन्हीं के कारण तो मैं अच्छा पति नहीं पा सकी। इसका मुझे बेहद अफसोस है।

एक मोहल्ले में चल रहे कवि सम्मेलन के दौरान एक कवि मंच पर हाजिर हुआ तो नीचे बैठे श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।

कवि बहुत ज्यादा उत्सुक था, उसने कहा- मेरे प्यारे श्रोताओं! अब मैं तुम्हे जो कविता आपको सुनाने जा रहा हूँ उसका शीर्षक है- पानी, आग और धुआँ।

भीड़ में से एक श्रोता चिल्लाया- अरे, तो सीधे-सीधे क्यों नहीं कहते कि हुक्का है।

## फिल्म वर्ग पहेली- 3056



### बायें से दायें:-

१. अमिताभ, संजीवकुमार, सचिन, हेमा, राखी, पूनम ढिल्लों की फिल्म-३
३. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-३
७. 'नीले गगन के तले' गीत वाली सुनील दत्त, मुमताज की फिल्म-४
९. 'जुबलीकुमार' राजेंद्रकुमार की पहली फिल्म जिसकी नायिका गीता बाली थी-३
११. अशोककुमार, नादिरा की 'काहे जादू किया मुझको' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुपर हिट फिल्म 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम क्या था-२
१५. कुमार गौरव, शरनाज की 'जिंदगी कब तुम को' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'आजा आजा मैं हूँ प्यार' गीत वाली शम्मीकपूर, आशा की फिल्म-३,३
१८. सतीश कौल, सरिता की बी. आर. इशारा निर्देशित १९७४ की एक फिल्म-३
१९. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख शेख, पूनम का फिल्म-२
२०. गोविंदा, रवीना की 'तेरे प्यार ने ये क्या कर दिया' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'दुनिया में कितना' गीत वाली राजेश खन्ना, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
२४. मनोज बाजपेयी, उर्मिला की जोड़ी वाली रामगोपाल वर्मा की एक फिल्म-२
२५. 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली महीपाल, संध्या की फिल्म-४
२६. विनोद मेहरा, मौसमी की 'तेरे नैनों के मैं दीप' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'हम' में नायिका किमी काटकर के किरदार का नाम क्या था-२
२८. बलराज साहनी, लीला की 'हाये रे वो दिन क्यूं ना' गीत वाली फिल्म-४

### ऊपर से नीचे:-

१.'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
२. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की फिल्म-३
३. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
४. गीफा अवार्ड्स में किस को फिल्म 'रंग दे बसंती' के लिये सर्वश्रेष्ठ संगीतकार का पुरस्कार मिला था-४
५. ओमपुरी, शबाना आजमी, माधुरी की सुधीर मिश्रा निर्देशित फिल्म-३
८. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीना राय की १९९२ की एक फिल्म-४
१०. जिमी, उदय चोपड़ा, इरफान, नम्रता की 'राहें लहरा के हम से' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'रंग और नूर की बारात किसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना की फिल्म-३
१४. मिथुन, सारिका की 'साथी है हम जनमों के' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली रंजन, चित्रा जयश्री की फिल्म-३
१७. मिथुन, चंकी, ऋतुपर्णा, सोमी की 'जब मैंने तेरा' गीत वाली फिल्म-३,२
१९. फिल्म 'बंदिवी' की नायिका कौन थी-३
२१. अजय देवगन, ट्विंकल खन्न की 'बेईमान पिया रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिरोज खान, मुमताज की फिल्म-४
२३. विनोद खन्ना, आमिर, सैफ, अश्विनी भावे, रवीना, नीलम की 'हम बंजारे दिल नहीं देते' गीत वाली फिल्म-४
२६. जितेन निर्देशित मिथुन चक्रवर्ती, राखी, नीता मेहता की १९८६ की एक फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3055



## सूडोकु -3056


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3055 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## शब्द पहेली - 3056



### बाएँ से दाएँ

1.जाति,समाज,बुंधता-4
3.स्वयंवर माला,जीत-4
6.चूहे का घर-2
7.स्थिर,टिका हुआ-3
8.पार्थिव देह,लाश-2
10.सुवासित करना-4
11.थोड़ा,कम-2
13.मोटा आटा,दानेदार-4
15.गौरव,अभिमान-3
17.विष्णु,नारायण-4
20.वाहन,गाड़ी,जहाज-2
21.होशियार,दक्ष-3
23.उचित,सही-3
25.जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26.करिश्मा,करतब-4
29.भर्त्सना,धिक्कार-3
31.गुलाम,परतंत्र-4
32.बेल,लतिका-2
34.आश्चर्य-4
35.नांद,टप-2
37.मग्रता-3
39.मछली-2
40.कुशलपूर्वक,सुरक्षित-4
41.मित्रतापूर्ण-4

### ऊपर से नीचे

1.विधेयक,देयक-2
2.विजयादशमी-4
3.जीत,विजय-2
4.जुड़वा-3
5.शव,मृत शरीर-2
6.बंधु,सजातीय,भाई-4
7.एक आंख वाला-2
9.मौजूदा,आधुनिक-4
10.मदमस्त-4
12.धुन,लय,सुर-2
14.इच्छा,कामना-2
16.सुर साधना-3
18.भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19.छुट्टी,अवकाश-2
21.अच्छे कुल का-3
22.भाग्य (अंग्रेजी-2)
24.यम,मृत्यु का देवता-4
25.अपमिश्रण, खोट-4
27.निशा,रात्रि-2
28.कहासुनी,कलह-4
30.तल्ला,पैंदा-2
31.गुलामी,पराश्रित-4
33.शिक्षा(उर्दू-3)
34.अदा करना,चुकाना-2
36.एक सवारी गाड़ी-2
38.झुका हुआ-2
39.दोस्त,सखा-2

### शब्द पहेली -3055 का हल



# आईसीसी वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड, इन 3 भारतीयों ने पाया नोमिनेशन


**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष वनडे क्रिकेटर पुरस्कार के लिए नोमिनेट क्रिकेटरों की घोषणा कर दी है। भारतीय प्रशंसकों के लिए खुशी की बात यह है कि 3 भारतीयों ने अंतिम कट में जगह बना ली है। यह भारतीय हैं- विराट कोहली, शुभमन गिल और मोहम्मद शमी। इसके अलावा न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल भी प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुने गए चार खिलाड़ियों में से एक हैं। सभी क्रिकेटरों के लिए 2023 सीजन यादगार रहा। कोहली, गिल और मिशेल ने जहां बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया तो वहीं, मोहम्मद शमी ने अपनी गेंदबाजी कौशल का जादू दिखाया। ऐसे में यह रेस रोचक हो गई है।

विश्व कप में शमी के प्रभावशाली प्रदर्शन का मुख्य आकर्षण टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 7/57 का शानदार रिकॉर्ड था। शमी ने आईसीसी विश्व कप 2023 में सिर्फ 8 पारियों में 24 विकेट लिए और टूर्नामेंट को अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समाप्त किया। गिल की बात करें तो उन्होंने आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 को 44.25 की औसत से कुल 354 रनों के साथ समाप्त किया। बहरहाल, उनके लिए यह साल बहुत अच्छा रहा क्योंकि वह साल 2023 को सभी प्रारूपों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने।

विराट कोहली के लिए 2023 उल्लेखनीय रहा, जहां उन्होंने वनडे में शीर्ष स्थान हासिल किया और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता। विश्व कप के दौरान कोहली अपनी 11 पारियों में 765 रन बनाने में सफल रहे। यह विश्व कप में किसी बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन हैं। सचिन तेंदुलकर ने इससे पहले 2003 विश्व कप में 673 रन बनाए थे। वहीं, डेरिल मिशेल के लिए वनडे में 2023 का साल शानदार रहा, उन्होंने 1204 रन बनाए, जो इस प्रारूप में एक कैलेंडर वर्ष में न्यूजीलैंड के किसी खिलाड़ी द्वारा बनाया गया तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है।



# ब्रिसबेन इंटरनेशल : सबालेंका लगातार 14वीं जीत के साथ सेमीफाइनल में, हमवतन अजारेंका से होगा सामना



**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ब्रिसबेन - ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका ने यहां पांचवीं वरीय दारिया कसात्किना के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ ब्रिसबेन इंटरनेशल टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत बेलारूस की हमवतन विक्टोरिया अजारेंका से होगी। सबालेंका ने कसात्किना को 6-1, 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलिया में लगातार 14वीं जीत दर्ज की।

सबालेंका ने पिछले साल एडीलेड में खिताब जीतने के बाद मेलबर्न पार्क में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब भी अपने नाम किया था। ऑस्ट्रेलिया ओपन और ब्रिसबेन में दो बार की चैंपियन अजारेंका को हालांकि सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए तीन सेट तक जूझना पड़ा। अजारेंका ने लगभग ढाई घंटे तक चले मुकाबले में फ्रेंच ओपन 2017 चैंपियन और तीसरी वरीय येलेना ओस्टापेंको को 6-3, 3-6, 7-5 से हराया।

सबालेंका और अजारेंका चार साल से अधिक समय पहले इसी कोर्ट पर फेड कप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जोड़ी बनाकर खेले थे। इस बीच दूसरी वरीय एलेना रिबाकिना ने अनास्तासिया पोटापोवा के चोटिल होने के कारण मुकाबले के बीच से हटने पर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

विंबलडन 2022 चैंपियन रिबाकिना ने पहला सेट 6-1 से जीत लिया था जिसके बाद 11वीं वरीय पोटापोवा ने पेट में चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया। रिबाकिना सेमीफाइनल में लिंडा नोसकोवा से भिड़ेंगी जिन्होंने 16 साल की माइरा आंद्रीवा को 7-5, 6-3 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

# आईसीसी मैच रैफरी अधिक तटस्थ रवैया अपनायें : रोहित



**सिडनी (एजेंसी)।** केप टाउन (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने केपटाऊन की पिच के उछाल को लेकर कहा कि अगर भारत में ऐसा होता तो अभी तक कई लोग सवाल उठा देते और आलोचनाओं का दौर शुरु हो जाता। वहीं अब कोई कुछ नहीं कह रहा है। रोहिन ने इसके साथ ही आईसीसी मैच रैफरी से कहा कि भारतीय उपमहाद्वीप के बाहर की पिचों की रेटिंग को लेकर अधिक तटस्थ रवैया भी अननाया जाये। पिच के जबरदस्त उछाल के कारण ही रोहित की बांह पर एक बाउंसर लगने से सूजन भी आ गई थी। उन्होंने कहा कि वह विदेशों में तीखी पिच के पक्ष में हैं पर केवल तभी जब पहले ही दिन के पहले घंटे में पिच से टर्न मिलने पर लोग दोहरा रवैया नहीं अपनाएं। रोहित ने कहा कि हम सभी ने देखा कि इस टेस्ट में क्या हुआ और पिच कैसा खेल रही थी। मुझे इस तरह की पिचों पर खेलने में कोई परेशानी नहीं है। जब तक कि हर कोई भारत आने पर पिचों को लेकर गैरजरुरी बयानबाजी न करे। साथ ही कहा कि जब वे भारत आते हैं तो वह भी चुनौतीपूर्ण होता है। उनका मानना है कि अब समय आ गया है कि लोग यह समझें कि जहां तक पिचों का सवाल है तो हर देश का अपना चरित्र होता है। रोहित ने कहा कि जब आप टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए यहां आते हैं तो आप टेस्ट क्रिकेट को सर्वोच्च पुरस्कार और शिखर के बारे में बात करते हैं और फिर आपको इस पर बने रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपको इसका सामना करना चाहिए। भारत में पहले दिन पिच टर्न लेना शुरू करती है और वे उसे धूल का गुबार बोलना शुरू कर देते हैं। रोहित का मानना है कि आईसीसी पैनल में शामिल रैफरी को 'तटस्थ होना चाहिए। रोहित ने आक्रामक होते हुए कहा कि तटस्थ रहना महत्वपूर्ण है, विशेषकर मैच रैफरी का। कुछ मैच रैफरी को इस बात पर नजर रखने की जरूरत है कि वे पिचों का मूल्यांकन कैसे करते हैं। अहमदाबाद में एकदिवसीय विश्व कप फाइनल के लिए इस्तेमाल की गई पिच के लिए आईसीसी मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट का 'औसत रेटिंग देना भी रोहित और उनकी टीम को पसंद नहीं आया। उन्होंने कहा, ''मुझे अभी भी विश्वास नहीं हो रहा है कि विश्व कप फाइनल की पिच को 'औसत से नीचे की रेटिंग दी गई थी। वह खराब पिच कैसे हो सकती है? आईसीसी और रैफरी को इस पर गौर करना शुरू करना होगा।

# आईसीसी वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड, महिला खिलाड़ियों की सूची में कोई भारतीय शामिल नहीं



**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने साल की सर्वश्रेष्ठ वनडे महिला खिलाड़ी पुरस्कार के लिए सूची जारी की है। ऑस्ट्रेलिया की स्टार आलराउंडर एशले गार्डनर और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर आईसीसी के साल की सर्वश्रेष्ठ वनडे महिला खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं लेकिन इस सूची में कोई भारतीय खिलाड़ी मौजूद नहीं है।

गार्डनर और केर के अलावा इस सूची में इंग्लैंड की अनुभवी आल राउंडर नैट साइवर ब्रंट और श्रीलंका की चामारी अटापट्टू भी शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की गुरुवार को जारी सूची में 50 ओवर के प्रारूप में चार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

इससे पहले आईसीसी ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष वनडे क्रिकेटर पुरस्कार के लिए नोमिनेट क्रिकेटरों की घोषणा की। इसमें 3 भारतीयों ने अंतिम कट में जगह बनाई जिसमें विराट कोहली, शुभमन गिल और मोहम्मद शमी शामिल हैं। इसके अलावा न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल भी प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुने गए चार खिलाड़ियों में से एक हैं। सभी क्रिकेटरों के लिए 2023 सीजन यादगार रहा।

# हेजलवुड की घातक गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिय ने तीसरे टेस्ट पर शिकंजा कसा

### -पाक ने दूसरी पारी में 68 रन पर ही सात 7 विकेट खोये





**सिडनी (एजेंसी)।** जोश हेजलवुड की घातक गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में पाकिस्तान टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। दूसरी पारी में पाक बल्लेबाजों ने एक प्रकार से मेजबान गेंदबाजों के सामने घुटने टेक दिये। पाक टीम ने अपनी दूसरी पारी में 68 रनों के अंदर ही सात विकेट खो दिये। हेजलवुड ने गेंदबाजी आक्रमण की शुरुआत करते हुए 4 पाक बल्लेबाजों का आउट कर दिया। इसके साथ ही इस मैच में भी मेजबान टीम ने शिकंजा कस दिया है। दूसरी पारी में पाक के चार बल्लेबाज शून्य पर ही आउट हो गये। इस मैच में पाक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 313 रन बनाए थे। इसके बाद कंगारुओं को 299 पर आउट कर पहली पारी में 14 रन की बढ़त ले ली थी। इससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ था पर दूसरी पारी में उसके बल्लेबाजों ने पानी फेर दिया। पाक ने दूसरी पारी में खाता खोले बिना ही अपना पहला विकेट खो दिया। सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक शून्य पर ही आउट हो गये। इसके बाद एक के बाद एक खिलाड़ी पेवेलियन लौटने गये। तीसरे नंबर पर आए कप्तान शान मसूद भी खाता नहीं खोल सके। वहीं अपना पहला मैच खेल रहे सैम अयूब 33 ने बाबर आजम 23 के साथ मिलकर पारी संभालने का प्रयास किया पर ये दोनो भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये। सउद शकील 2 रन जबकि साजिद खान और आगा सलमान बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। इस प्रकार तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक पाकिस्तान ने 68 रन पर ही अपने सात 7 विकेट खो दिये। इसमें से 4 जोश हेजलवुड के नाम रहे। अब टीम की उम्मीदें मोहम्मद रिजवान और आमिर जमाल पर लगी हैं।

# युकी भांबरी-रॉबिन हासे की जोड़ी ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची

खेल डैस्क । भारतीय टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी और उनके जोड़ीदार रॉबिन हासे ने शुक्रवार को यहां नाथानियल लैमन्स और जैक्सन विथ्रो की अमेरिकी जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय एटीपी टूर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत-नीदरलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे 36 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में 7-6 (5), 7-6 (6) से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में भांबरी-हासे की जोड़ी का सामना इंग्लैंड के लॉयड ग्लासपूल और नीदरलैंड के जीन जूलियन रोजर की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा। पिछले साल 31 साल के भांबरी ने मार्लोका चैम्पियनशिप युगल प्रतियोगिता में पहला एटीपी खिताब जीता था। दिल्ली के इस खिलाड़ी ने इस टूर्नामेंट में दक्षिण अफीका के लॉयड हैरिस के साथ जोड़ी बनायी थी।



# बुमराह ने इमरान का रिकार्ड तोड़ा

केपटाउन । भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने दक्षिण अफीका के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में छह विकेट लेने के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल की है। बुमराह ने इसी के साथ ही पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इमरान खान का एक रिकार्ड तोड़ दिया। बुमराह ने इसी के साथ ही दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में विकेट लेने के मामले में इमरान को पीछे छोड़ दिया। बुमराह के अब इन देशों के खिलाफ 113 विकेट हो गए हैं जबकि इमरान के 109 विकेट थे। इस सूची में सबसे ज्यादा पाकिस्तान के ही दिग्गज वसीम अकरम के 146 विकेट हैं। वहीं दूसरे नंबर पर भारत के अनिल कुंबले के नाम 141 जबकि भारत के ही अनुभवी तेज गेंदबाज ईशान शर्मा के नाम 130 विकेट हैं। इस प्रकार वह भारतीय गेंदबाजों में तीसरे नंबर पर हैं। दूसरे टेस्ट मे भारत की जीत में बुमराह ने अहम भूमिका लगाई। दूसरी पारी में उनकी गेंदबाजी ने मैच को पूरी तरह से भारत की ओर मोड़ दिया। बुमराह के इस प्रदर्शन की बदौलत भारतीय टीम सीरीज बराबर करने में सफल रही। इस दूसरे टेस्ट में जी के साथ ही भारतीय टीम को केपटाउन मैदान पर पहली जीत मिली। दो टेस्ट मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में मेजबान टीम के कप्तान डीन एल्गर ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया पर उनकी टीम पहली पारी में 55 जबकि दूसरी पारी में 176 रन ही बना पाई। इसके बाद जीत के लिए मिले 79 रनों के लक्ष्य का भारतीय टीम ने तीन विकेट पर हासिल कर लिया। दूसरी पारी में बुमराह ने एक के बाद छह विकेट लेकर मेजबानों का सीरीज जीत का सपना तोड़ दिया।



# रोहित और विराट की अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में हो सकती है वापसी

**केपटाउन (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दो दिनों के अंदर ही समाप्त होने का लाभ भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को मिल सकता है। इन दोनो को ही अब अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज में अवसर मिल सकता है।

अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली 3 मैचों की टी20 सीरीज के लिए चयनकर्ताओं ने अब तक भारतीय टीम की घोषणा नहीं की है। इसका कारण है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच 3 से 7 जनवरी तक खेला जाना था। ऐसे में . अफगानिस्तान के साथ होने वाली इस सीरीज में सीनियर खिलाड़ियों का खेलना असंभव नजर आ रहा था पर केपटाउन टेस्ट के जल्दी समाप्त होने के बाद अब चयनकर्ता सीनियर खिलाड़ियों के नाम पर भी विचार कर सकते हैं। गौरतल है कि साल 2022 में ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी20 विश्व कप के बाद से रोहित और विराट ने अब तक इस प्रारुप में कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है पर अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज में इन दोनों ही की वापसी हो सकती है। 11 जनवरी से 17 जनवरी के बीच यह टी20 सीरीज खेली जाएगी। इससे आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले इन दोनों ही खिलाड़ियों को अभ्यास का अवसर मिल जाएगा। रोहित ने पिछले दो साल से टी20 अंतराष्ट्री नहीं खेला।



# फीडे जनवरी शतरंज रेटिंग : आनंद फिर बने भारत के नंबर एक खिलाड़ी



नई दिल्ली । विश्व शतरंज संघ द्वारा 1 जनवरी को जारी रेटिंग लिस्ट में भारतीय खिलाड़ियों में विश्वनाथन आनंद पुन: 2748 रेटिंग के साथ देश के नंबर एक खिलाड़ी है जबकि उनके बाद प्रज्ञानन्दा (2743), विदित गुजराती (2742), अर्जुन एरिगासी (2738), डी गुकेश (2725), पेंटाला हरीकृष्णा (2704) ,एसएल नारायनन (2694), निहाल सरीन (2693), अरविंद चितांबतम (2662), रौनक साधवानी (2654) और अभिमन्यु पौराणिक (2645) अंको के साथ विश्व के टॉप 100 खिलाड़ियों में शामिल है वहीं महिला खिलाड़ियों में कोनेरु हम्पी 2554 अंको शीर्ष भारतीय खिलाड़ी बनी हुई है उनके बाद हरिका द्रोणावल्ली (2500), वैशाली आर (2481), वेलपुला सरायु (2444) और दिव्या देशमुख (2420) रेटिंग के साथ विश्व की शीर्ष 50 खिलाड़ियों में शामिल है । भारत नें इसके साथ ही पुरुष , महिला और मिश्रित वर्ग में विश्व रैंकिंग में दूसरा स्थान बरकरार रखा है ।

# दक्षिण अफ्रीका दौरे से सीखने को मिला : यशस्वी

### -रोहित ने सकारात्मक रुख रखने कहा

**केप टाउन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने माना है कि मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई सीरीज चुनौतीपूर्ण थी पर इस दौरे से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला है। साथ ही कहा कि कप्तान रोहित शर्मा ने सकारात्मक मानसिकता बनाए रखने में उनकी सहायता की। यशस्वी यहां सफल नहीं रहे और चार पारियों में केवल 50 रन ही बना पाये। दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 79 रन के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान 23 गेंद में 28 रन की तेज पारी खेलने वाले इस युवा बल्लेबाज ने कहा, 'रोहित मुझे सकारात्मक बने रहने और नई गेंद के खिलाफ तेजी से रन की बात कहते रहे है। उन्होंने कहा, 'मैं बस अच्छी शुरुआत देना चाहता था और मेरे दिमाग में यही सब था क्योंकि हमें मैच जीतना था। पिछली तीन पारियों में और इस पारी में भी मैंने यही किया।

इस खिलाड़ी के अनुसार उछाल और पिच से मिलने वाली मूवमेंट से निपटने के लिए उन्हें सुधार करने की जरूरत है। जयसवाल ने कहा, 'हां, यह दौरा मेरे लिए सीखने वाला अनुभव रहा है। अलग हालात और हर मायने में यह एक सुखद अनुभवी रहा है। उन सुधारों के बारे में सीखा जो मुझे करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'यहां गेंद अलग तरह से आती है और मैंने अपना सब कुछ देने की कोशिश की लेकिन मैं स्वीकार करता हूं कि चुनौतियां थीं। यह अनुभव मुझे अच्छी स्थिति में रखेगा क्योंकि मैं सीख रहा हूं और अगली श्रृंखला के दौरान सुधार करने का प्रयास करूंगा। यह पूछे जाने पर कि क्या वह इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में 25 जनवरी से शुरू होने वाली आगामी टेस्ट श्रृंखला में बल्लेबाजी की अपनी आक्रामक शैली बरकरार रखेंगे तो जायसवाल ने कहा, 'ऐसी कोई विशेष शैली नहीं है जिसका मैं पालन करना चाहता हूं और ऐसा नहीं है कि मेरा खेल केवल आक्रामक है। मैं टीम की जरूरत के अनुसार अपना खेल बदल सकता हूं।



# दीपा ने सीनियर नेशनल जिम्नास्टिक में जीते तीन पदक

भुवनेश्वर । त्रिपुरा की ओर से उतरी स्टार खिलाड़ी दीपा कर्माकर ने यहां शानदार वापसी करते हुए सीनियर नेशनल जिम्नास्टिक में तीन पदक जीते हैं। दीपा ने कलिंगा स्टेडियम में नवनिर्मित जिमनास्टिक सेंटर में महिलाओं की प्रतियोगिता में ऑल-अराउंड में स्वर्ण, वॉल्ट में रजत और अनइवेन बार्स में भी रजत जीता। दीपा सर्जरी और प्रतिबंध के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहीं थी। अब उनका लक्ष्य पेरिस ओलंपिक में पदक जीतना है। दीपा के अलावा प्रणति दास, प्रणति नायक, राकेश पात्रा और गौरव कुमार ने भी इस प्रतियोगित में पदक जीते। रेलवे की प्रणति ने ऑल-अराउंड महिला वर्ग में दूसरे स्थान पर रहने के अलावा दो स्वर्ण अनइवेन बार्स और फ़्लोर एक्सरसाइज में जीते। वहीं उनकी टीम के साथी प्रणति नायक ने वॉल्ट में स्वर्ण और बैलेंस बीम में कांस्य पदक जीते। वहीं ओडिशा के राकेश कुमार पात्रा ने दो स्वर्ण ऑल-अराउंड और रिंग्स में जीते। वहीं पैरेलल बार्स में उन्होने रजत और हॉरिजॉन्टल बार स्पर्धा में कांस्य पदक जीते। इसके अलावा सर्विसेज के गौरव कुमार को भी चार पदक मिले। इसमें ऑल-अराउंड में कांस्य, फ़्लोर एक्सरसाइज में स्वर्ण और पैरेलल बार्स और हॉरिजॉन्टल बार्स में दो रजत पदक शामिल हैं। वहीं रेलवे के सिद्धार्थ वर्मा को तीन पदक मिले। वह ऑल-अराउंड में दूसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा वॉल्ट में उन्होंने स्वर्ण और पॉमेल हॉर्स में रजत पदक हासिल किया।

# भारतीय महिला हॉकी कप्तान सविता पुनिया का बयान, कहा- 'ओलंपिक क्वालीफायर हमारे लिए करो या मरो का मुकाबला'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक क्वालीफायर का आयोजन रांची में 16 से 19 जनवरी तक किया जाएगा। जिसमें मेजबान भारत सहित आठ देश टॉप तीन में जगह बनाकर जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे। वहीं भारतीय महिला हॉकी कप्तान सविता पुनिया का मानना है कि, ओलंपिक क्वालीफायर उनकी टीम के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला होगा।

दरअसल, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता के अनुसार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत ने ओलंपिक क्वालीफायर से पहले भारत का मनोबल बढ़ाया है और उन्होंने टीम की अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा जताया कि वे टीम को पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई कराने में मदद करेंगी।

हॉकी इंडिया की प्रेस रिलीज में सविता ने कहा, ''टीम प्रेरित है, विशेषकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद।'' उन्होंने कहा, ''हमारी तैयारियां पूरी हैं और टीम में ऐसी खिलाड़ी शामिल हैं जो अतीत में ओलंपिक क्वालीफायर खेल चुकी हैं और क्वालीफाई करने के लिए प्रदर्शन के आवश्यक स्तर को अच्छी तरह से समझती हैं। यह हमारे लिए करो या मरो का टूर्नामेंट है और हम चुनौती के लिए तैयार हैं।''

टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीम पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करेंगी। टूर्नामेंट में मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता जर्मनी, एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन जापान, चिली और चेक गणराज्य को पूल ए में रखा गया है जबकि मेजबान भारत अमेरिका, न्यूजीलैंड और इटली के साथ पूल बी में है।

भारत की उप कप्तान निक्की प्रधान ने कहा, ''टीम की हर सदस्य ओलंपिक खेलों में भाग लेना चाहती है। यह उनका सपना है और इस सप्ताह की शुरुआत में रांची पहुंचने के बाद हमने मैदान पर कुछ अच्छे ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लिया है।'' भारत अपने शुरुआती मैच में 13 जनवरी को अमेरिका से भिड़ेगा। उसके बाद 14 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच खेलेगा। एक दिन के आराम के बाद भारत 16 जनवरी को इटली से खेलेगा। सेमीफाइनल 18 जनवरी और फाइनल 19 जनवरी को होगा।



# मैडिसन कीज कंधे की चोट के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटी

वॉशिंगटन - अमेरिका की टेनिस खिलाड़ी मैडिसन कीज ने कहा कि वह कंधे की चोट के कारण आगामी ऑस्ट्रेलियन ओपन में नहीं खेल पाएंगी। कीज ने गुरुवार को सोशल मीडिया के जरिए इस बात की जानकारी दी। कीज ने एक्स पर पोस्ट किया, 'सभी को नमस्कार...दुर्भाग्य से मैं कंधे की चोट से जूझ रही हूं और मेरे मेडिकल स्टाफ ने मुझे इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटने की सलाह दी है। यह स्पष्ट रूप से टेनिस सत्र शुरू करने के लिए अच्छी खबर नहीं है, लेकिन मैं यह भी जानती हूं कि मैं अपने शरीर के लिए सही विकल्प चुन रही हूं।' कीज आखिरी बार सत्र के अंत में कोर्ट पर थीं। उन्होंने झुहाई में डब्ल्यूटीए एलीट ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई किया था। वह राउंड-रॉबिन चरण में हार गईं।

## पश्चिम बंगाल में ईडी की टीम पर हमला...टीएमसी नेता के समर्थकों ने किया

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में ईडी के अधिकारियों पर हमला हुआ है। वह टीएमसी नेता शाहजहां शेख के ठिकानों पर छापा मारने गई थी। तभी भीड़ ने हमला कर दिया। शाहजहां लंबे समय से एक राशन डीलर हैं। वह पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक के करीबी माने जाते हैं। राशन घोटाले के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां के आवास पर छापा मारने की कोशिश के दौरान पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में स्थानीय लोगों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों और उनके साथ आए सीआरपीएफ के जवानों को खदेड़ दिया। भीड़ के गुस्से को देखकर ईडी की टीम को मौके से पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। वहीं, ईडी की टीम पर हुए हमले में एक युवक को चोट भी पहुंची है। बताया है ईडी के अधिकारी जब शाहजहां शेख के ठिकाने पर घुसने की कोशिश कर रहे थे। घर का दरवाजा बंद था और उन्होंने ताले को तोड़कर घर के अंदर घुसने की कोशिश की। हमला करने वाले लोग शाहजहां शेख के समर्थक बताए जा रहे हैं। ईडी अधिकारियों का मानना है कि नेता के घर की तलाशी लेने पर राशन में हुए भ्रष्टाचार मामले से जुड़े दस्तावेज मिल सकते हैं। हालांकि ईडी को शुक्रवार को खाली हाथ लौटना पड़ा है। ईडी राज्य में कई मामलों की जांच कर रही है और उसने कई जगहों पर तलाशी भी ली है।

## शोपियां में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़

### –चोटीगाम में आतंकियों के छुपे होने की मिली थी सूचना

नई दिल्ली। बढ़ती ठंड और बारिश के बीच आतंकी लगातार भारत में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे है। भारतीय सुरक्षा बलों की बहादुरी और सूझबूझ के कारण उनके मंसूबे कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। आज शुक्रवार को सुरक्षाबलों को सूचना मिली की शोपिया में कुछ आतंकी छिपे हुए हैं। इस पर जवानों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उनकी घेराबंदी कर दी। इस पर आतंकियों ने फायरिंग की जिसके जवाब में सेना ने भी गोलीबारी की। दोनों तरफ से फायरिंग जारी है और खबर लिखे जाने तक फायरिंग चल रही थी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दक्षिण कश्मीर जिले के चोटीगाम इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने सुबह वहां इलाके की घेराबंदी की और तलाश अभियान शुरू कर दिया। पुलिस ने बताया कि तलाश अभियान उस समय मुठभेड़ में तब्दील हो गया, जब आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की और सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि अब तक किसी भी पक्ष की ओर से जनहानि की कोई सूचना नहीं है। सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर साझा ऑपरेशन चला रही है। आशंका है कि यहां कई आतंकी छिपे हो सकते हैं।

## 10 दिन में साईं संस्थान को 16 करोड़ का दान

शिर्डी। महाराष्ट्र का शिर्डी जो साईं भक्तों का श्रद्धा का स्थान है. यहां लाखों साईं भक्त आते हैं. खासकर नए साल का स्वागत करने और अपने साईं का आशीर्वाद लेने करीब 8 लाख भक्त आए और भक्तों ने साईं संस्थान को खूब दान दिया। खबर है कि 10 दिन में 16 करोड़ रूपये का दान भक्तों ने दिया है. साईं संस्थान के मुताबिक 23 दिसंबर से 1 जनवरी के बीच 8 लाख श्रद्धालुओं ने साईं दर्शन किया और दान पेटी में 7 करोड़ 80 लाख रुपए मिले। जबकि डोनेशन काउंटर पर 3 करोड़ 53 लाख, ऑनलाइन डोनेशन से 4 करोड़ 21 लाख रुपये एवं 32 लाख रुपए का सोना और 7 लाख 67 हजार रुपए की चांदी का जेवर साईं भक्तों ने चढ़ाए। इस प्रकार विभिन्न माध्यमों से कुल 15 करोड़ 96 लाख रुपये का दान साईं संस्थान को मिला.

## बना रिकॉर्ड–9 माह में यूपी पहुंचे 32 करोड़ से अधिक पर्यटक

लखनऊ। दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर उत्तर प्रदेश साल दर साल नये रिकॉर्ड के साथ अपनी मजबूत स्थिति दर्ज करा रहा है। प्रकृति और परमात्मा की कृपा से परिपूर्ण उत्तर प्रदेश में पर्यटन को गति देने के सीएम योगी आदित्यनाथ के प्रयासों का परिणाम है कि यूपी हर गुजरते हुए साल के साथ अपने रिकॉर्ड को ही तोड़ रहा है। 2022 में यूपी आने वाले पर्यटकों की संख्या जहां 31.85 करोड़ थी तो वहीं 2023 के शुरुआती 9 महीने में ही 32 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने यूपी को एक्सप्लोर किया है। इसमें बड़ी संख्या विदेशी पर्यटकों की भी है। वहीं प्रदेश में सर्वाधिक पर्यटकों ने काशी का रुख किया, जबकि प्रयागराज और अयोध्या आने वाले सैलानियों की संख्या भी करोड़ों में रही। 2023 कई मायने में यूपी के लिए नये कीर्तिमान स्थापित करने वाला साल रहा। जहां एक ओर केंद्र और प्रदेश की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं में यूपी प्रथम पायदान पर रहा तो वहीं पर्यटन का क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। साल 2023 में जनवरी से लेकर सितंबर तक उत्तर प्रदेश आने वाले देसी सैलानियों की संख्या 31,91,95,206 रही वहीं 9,54,866 विदेशी पर्यटक भी यूपी पहुंचे। इनमें भी सर्वाधिक संख्या वाराणसी पहुंचने वाले पर्यटकों की रही। जनवरी से सितंबर तक वाराणसी कुल 8,42,04,814 पर्यटक वाराणसी पहुंचे। इनमें देसी पर्यटकों की संख्या 8,40,71,726 जबकि विदेश पर्यटकों की संख्या 1,33,088 रही। काशी के बाद सैलानियों की दूसरी पसंद प्रयागराज रही। यहां कुल 4,49,95,996 पर्यटक साल 2023 में जनवरी से सितंबर तक पहुंचे। इनमें देसी पर्यटकों की संख्या जहां 4,49,93,289 रही वहीं 2,707 विदेशी पर्यटक भी प्रयागराज पहुंचे। इसी प्रकार तीसरे नंबर पर अयोध्या आने वाले पर्यटकों की संख्या रही। जनवरी 23 से सितंबर 23 तक कुल 2,03,64,347 पर्यटक अयोध्या पहुंचे। इनमें देसी पर्यटकों की संख्या 2,03,62,713 रही जबकि विदेशी पर्यटकों की संख्या 1,634 दर्ज की गई। यह भी उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश आने वाले पर्यटकों की सर्वाधिक संख्या जनवरी और जुलाई माह में दर्ज की गई है, जो कि 5.56 से 5.80 करोड़ के बीच रही।

## ईडी छापे : इनेलो नेता दिलबाग के ठिकाने से 300 कारतूस समेंत 5 करोड़ रुपये बरामद

यमुनानगर। हरियाणा के इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के घर छापेमार कार्यवाही में 24 घंटे से ईडी टीम डटी हुई हैं। दिलबाग सिंह के ठिकानों से ईडी की टीमों को 5 करोड़ रुपये मिले हैं। साथ ही विदेशी हथियार और 300 कारतूस भी बरामद किए गए हैं। सूत्रों का कहना है कि ईडी की टीमों को 5 करोड़ रुपये दिलबाग सिंह के ठिकानों से मिले हैं। साथ ही विदेशी हथियार और 300 कारतूस भी बरामद किए गए हैं। गुरुवार सुबह से ही ईडी की ताबड़तोड़ छापेमारी इनका ठिकानों पर चल रही है। अवैध माइनिंग से जुड़ा यह मामला है। दिलबाग सिंह और करीबियों से भी पूछताछ की जा रही है। सूत्र बताते हैं की सर्च ऑपरेशन के दौरान जांच एजेंसी को पूर्व विधायक दिलबाग सिंह से जुड़े लोकेशन से गोल्ड -ज्वेलरी सहित देश-विदेश में प्रॉपर्टी, चल -अचल संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज और अन्य सबूत मिले हैं।दिलाबाग सिंह साल 2009 से 2014 तक यमुनानगर से विधायक रहे हैं। उन्हें जिले में बाहुबली नेता के तौर संज्ञा दी जाती है। इनका ट्रांसपोर्ट और माइनिंग को लेकर बड़ा बिजनेस है।

## राज्यसभा के प्रत्याशी बने संजय...कोर्ट ने फॉर्म में हस्ताक्षर करने की दी अनुमति

नई दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाला केस में जेल में बंद आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को बड़ी राहत मिली है। संजय आप की ओर से एक बार फिर राज्यसभा सांसद प्रत्याशी बनाए गए हैं। क्योंकि राज्यसभा चुनाव लड़ने के लिए राऊज एवेन्यू कोर्ट ने फॉर्म में हस्ताक्षर करने की अनुमति दे दी है। 19 जनवरी को होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए अदालत ने उन्हें नामांकन पत्र भरने की अनुमति दी। वे इन दिनों न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने संजय द्वारा दायर आवेदन पर आदेश पारित किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्यसभा के सदस्य के रूप में उनका वर्तमान कार्यकाल 27 जनवरी को समाप्त हो रहा है और निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव कराने के लिए 2 जनवरी को नोटिस जारी किया है। आवेदन में सिंह ने कहा कि इसके लिए नामांकन पत्र 9 जनवरी तक जमा किए जाने हैं। आवेदन में तिहाड़ जेल अधीक्षक को संजय सिंह को दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने की अनुमति देने का निर्देश देने की अपील की गई थी। न्यायाधीश ने पारित आदेश में कहा, यह निर्देशित किया जाता है कि यदि आरोपी के वकील द्वारा 6 जनवरी, 2024 को जेल अधिकारियों के समक्ष दस्तावेज प्रस्तुत किए जाते हैं, तब जेल अधीक्षक यह सुनिश्चित करें, कि उक्त दस्तावेजों पर आरोपी के हस्ताक्षर लेने की अनुमति दी जाए और उन्हें मिलने की भी अनुमति दी जाए।

# दो हफ्तों में कांग्रेस को क्राउड फंडिंग से मिले सिर्फ 11 करोड़, आलाकमान हुआ नाराज, नेताओं को दिया गया बड़ा निर्देश




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले, कांग्रेस ने पार्टी के लिए संसाधन जुटाने के लिए देशव्यापी क्राउड फंडिंग अभियान, 'डोनेट फॉर देश' की घोषणा की थी। पार्टी की ओर से दावा किया गया था कि यह पहल महात्मा गांधी के ऐतिहासिक 'तिलक स्वराज फंड' से प्रेरित थी, जिसे सौ साल पहले 1920-21 में लॉन्च किया गया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 18 दिसंबर को औपचारिक रूप से अभियान की शुरूआत की थी। उन्होंने खुद 1.38 लाख रुपये का अंशदान दिया। इसका बड़ा कारण यह भी था कि कांग्रेस का दान वित्तीय वर्ष 2021-22 में 95.4 करोड़ रुपये से घटकर वित्तीय वर्ष 2022-23 में 79 रुपये करोड़ हो गया है।

अब खबर यह है कि कांग्रेस को उम्मीद के अनुरूप दान नहीं मिल पा रहा है। यही कारण है कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने लोगों से चंदा जुटाने के पार्टी के अभियान की गति पर अप्रसन्नता जतायी और नेताओं से कहा कि वे अपने प्रयासों में तेजी लाएं। सूत्रों के अनसुार पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के अलावा प्रियंका गांधी वाड्रा सहित शीर्ष कांग्रेस नेताओं ने कहा कि दो सप्ताह में 11 करोड़ रुपये का चंदा उत्साहजनक नहीं है। सूत्रों ने कहा कि पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन को प्रयासों में तेजी लाने और अभियान को गति प्रदान करने के लिए राज्यों का दौरा करने तथा राज्य इकाइयों के साथ बातचीत करने को कहा गया ताकि पार्टी के लिए अधिक चंदा जुटाया जा सके।

सूत्रों ने यह भी दावा किया है कि पार्टी नेतृत्व ने 14 जनवरी से शुरू हो रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए अलग से चंदा जुटाने का फैसला किया है। पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए चंद जुटाने की खातिर दिसंबर में डोनेट फॉर देश अभियान शुरू किया था। खरगे ने नेताओं से कहा कि वे आंतरिक मामलों पर सार्वजनिक रूप से चर्चा नहीं करें, वहीं राहुल गांधी ने उनसे अनावश्यक टिप्पणियां करने से परहेज करने को कहा।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आम जनता से चंदा एकत्र करने के लिए शुरू किए गए पार्टी के 'डोनेट फॉर देश' अभियान के वास्ते चंदा दिया था और कहा कि यह ''सामंजस्यपूर्ण और प्रगतिशील'' भारत के लिए उनका योगदान है। गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''मैं आप सभी से दान करने और भारत की आत्मा को बचाने के आंदोलन का हिस्सा बनने का आग्रह करता हूं।'' देश की मुख्य विपक्षी पार्टी 28 दिसंबर को अपने 138वें स्थापना दिवस से पहले इस अभियान के माध्यम से लोगों से 138 रुपये, 1,380 रुपये, 13,800 रुपये या फिर इससे 10 गुना राशि चंदे के रूप में देने की अपील कर रही है।

## आप से राज्यसभा जाएगी दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है। पार्टी ने फिर अपने राज्यसभा सांसद संजय सिंह पर भरोसा जताया है। संजय सिंह ने आप से दुबारा नामकंन किया है। संजय सिंह के अलावा एनडी गुप्ता को भी दूसरे कार्यकाल के लिए राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया गया है। आप ने सुशील कुमार गुप्ता की जगह स्वाती मालीवाल को टिकट दिया है। पार्टी का दावा है कि सुशील ने खुद को हरियाणा की चुनावी राजनीति में पूरी तरह से शामिल करने का फैसला लिया है।

### ईडी ने नहीं किया हस्ताक्षर का विरोध

बता दें कि 19 जनवरी को राज्यसभा के चुनाव होने हैं। इस बीच कोर्ट ने आप सांसद संजय सिंह को जेल से राज्यसभा के लिए नामांकन पत्र भरने की अनुमति दे दी है। इन दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने की संजय सिंह की प्रार्थना पर ईडी की तरफ से कोई विरोध नहीं किया गया है।

# नडडा का हमला... भारत जोड़ो नहीं तोड़ने के लिए निकल रहे हैं राहुल गांधी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शुक्रवार को अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश के दौरे पर हैं। सोलन में उन्होंने भव्य रोड शो कर मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवाई और विपक्ष पर निशाना भी साधा। नड्डा ने कहा कि झूठ बोलकर राजनीति नहीं चलती है, लोगों को धोखे में रखकर राजनीति नहीं चलती है। लोगों से जुड़ना पड़ता है, उनकी तकदीर बदलनी पड़ती है। ये काम हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है, इसलिए हमें राजस्थान में जीत मिली, मध्य प्रदेश में जीत मिली और छत्तीसगढ़ में भी जीत मिली।

नड्डा ने कहा कि भूपेश बघेल ने गरीबों को दी गई केंद्र की योजनाओं को लटकाया इसलिए छत्तीसगढ़ की जनता ने उन्हें और उनकी सरकार को लटका दिया। राजस्थान में लोगों को समझ आ गया था कि गहलोत की सरकार महिलाओं पर अत्याचार करने वाली सरकार है, युवाओं के साथ अन्याय करने वाली सरकार है। 19 बार पेपर लीक हुआ, कोई भर्ती नहीं हुई इसलिए प्रदेश की जनता ने उन्हें घर ?बैठा दिया। उन्होंने कहा कि आज जब देश को बांटने के लिए जाति जाति जाति... चल रही है, तब मोदी जी ने कहा हमारे लिए सिर्फ चार जातियां हैं... महिला, किसान, युवा और गरीब।

उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी है। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ ये अधिक लोगों को हर महीने मुफ्त राशन मिल रहा है। आयुष्मान योजना के तहत 50 करोड़ से अधिक लोगों को हर वर्ष 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। नड्डा ने कहा कि भारत को तोड़ने में तुमने कोई कसर छोड़ी नहीं, अब भारत को जोड़ने की यात्रा पर चले हो। भारत को कमजोर करने वाली धारा 370 को मोदी जी ने हटा दिया, लेकिन कांग्रेस ने धारा 370 हटाने का विरोध किया और अब ये भारत को जोड़ने चले हैं। उन्होंने कहा कि जेएनयू के परिसर में संसद पर हमला करने वाले मास्टरमाइंड के समर्थन में नारे लगाए जा रहे थे कि अफजल हम शार्मिंदा हैं, तेरे कातिल जिंदा हैं। और दूसरे दिन राहुल गांधी नारे लगाने वालों के साथ खड़े हो जाते हैं... आज तक राहुल गांधी ने माफी नहीं मांगी। जब तक राहुल गांधी माफी नहीं मांगते हैं, ये भारत जोड़ नहीं रहे हैं भारत को तोड़ने में लगे हैं। नड्डा ने कहा कि 1984 में सिखों का कत्लेआम कर दिया गया, हमारे सिख भाईयों के साथ अन्याय हुआ और तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा कि जब बड़ा पेड़ गिरता है, तब धरती हिलती है। ये भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं या तोड़ो यात्रा पर निकले हैं... ये न्याय करने निकले हैं या अन्याय करने निकले हैं।

## इंडिया में रार...अधीर ने दे दी टीएमसी नेता ममता को चुनौती, उनके खिलाफ आम चुनाव लड़े



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा में नेता अधीर रंजन चौधरी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आगामी लोकसभा चुनाव में उनके खिलाफ चुनाव लड़ने की चुनौती दी है। चौधरी मुर्शिदाबाद जिले के बहरामपुर से 5वीं बार सांसद हैं। चौधरी ने कहा कि ममता ने प्रियंका गांधी वाड्रा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ वाराणसी से चुनाव लड़ने का सुझाव दिया था। उनके सुझाव का हवाला देकर चौधरी ने कहा, आपने प्रियंका गांधी को प्रधानमंत्री के खिलाफ चुनाव लड़ने का सुझाव दिया। अब मैं आपको इस बार मेरे खिलाफ चुनाव लड़ने की चुनौती दे रहा हूं।

उन्होंने कहा, मैं देखना चाहता हूं, कि आप कितनी शक्तिशाली हैं। यह मत भूलिए कि 2019 में हमने आपकी कृपा से सीटें नहीं जीती थीं।चौधरी ने कहा कि ममता ने बंगाल की दो लोकसभा सीटों बहरामपुर और मालदा दक्षिण से कोई भी उम्मीदवार नहीं उतारने पर सहमति जाहिर की है, जहां 2019 में कांग्रेस के उम्मीदवार निर्वाचित हुए थे। उन्?होंने कहा, हमने उन दो निर्वाचन क्षेत्रों से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों को हराकर जीत हासिल की। हमारी जीत तृणमूल कांग्रेस या मुख्यमंत्री की कृपा से नहीं हुई थी। याद रखें कि कांग्रेस अन्य निर्वाचन क्षेत्रों से भी अपने दम पर चुनाव लड़ने में सक्षम है।उन्होंने असम, मेघालय और गोवा में सीटों की तृणमूल की मांग का भी मजाक उड़ाकर कहा, याद रखें कि कांग्रेस के पास पश्चिम बंगाल में खोने के लिए कुछ नहीं है।

हमारी पार्टी की राज्य इकाई सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे के साथ सीट-बंटवारे का समझौता करने की इच्छुक है।पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा, हालांकि, गठबंधन या सीट बंटवारे पर समझौते का अंतिम फैसला पार्टी आलाकमान का होगा।

## भारत ने यूक्रेन को हथियार किए सप्लाई... पुतिन नाराज

### – विदेश मंत्रालय ने रिपोर्ट्स को सिरे से किया खारिज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत सरकार ने उन रिपोर्टों को सिरे से खारिज किया हैं, जिसमें दावा किया गया था कि भारत ने यूरोप के माध्यम से यूक्रेन को हथियार सप्लाई किए थे। हाल ही में रूसी सरकार से जुड़े कुछ समाचार पत्रों में दावा किया गया था कि यूक्रेन रूस के खिलाफ जिस आर्टिलरी (गोला-बारूद) का इस्तेमाल कर रहा है, उन हथियारों को भारत ने निर्यात किया है। विदेश मंत्रालय ने उन रिपोर्ट्स का खंडन कर कहा है कि हम स्पष्ट रूप से कह सकते हैं कि हमने कोई भी हथियार या गोला-बारूद यूक्रेन को सप्लाई नहीं किया है। रूस ने भारत के सामने यह मुद्दा तब उठाया है, जब हाल ही में कई रिपोर्टों में दावा किया गया कि भारत, यूक्रेन को 155 मिमी आर्टिलरी शेल्स सप्लाई कर सकता है। दावा किया गया हैं कि भारत हथियार डीलरों के माध्यम से या किसी भागीदार देश की सहायता से यूक्रेन को हथियार सप्लाई करने की संभावना को तलाश रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि चूंकि, यूक्रेन को गोला-बारूद की सप्लाई करने वाले देशों में भारत शामिल नहीं है। इसमें भारत ने स्लोवेनिया या पोलैंड के माध्यम से अपने हथियारों को यूक्रेन भेजा था। सूत्रों के मुताबिक, भारत से यह हथियार यूक्रेन ने नहीं बल्कि किसी तीसरे देश ने खरीदे थे।

# मुख्य चुनाव आयुक्त का कांग्रेस को जबाव... ईवीएम और वीवीपेट में कोई परेशानी नहीं

### –कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश की चिठ्ठी का दिया जबाव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम चुनाव से पहले फिर एक बार ईवीएम का भूत बाहर आ गया हैं। कांग्रेस सहित विरोधी दल ईवीएम की जगह पर्ची से चुनाव करने के पक्ष में हैं। इस बात को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने विपक्षी दलों की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त को चिट्ठी लिखकर ईवीएम और वीवीपैट पर स्पष्टीकरण के लिए इंडिया प्रतिनिधिमंडल से मिलने के लिए समय मांगा था। चुनाव आयोग ने जयराम रमेश द्वारा विपक्षी दलों की ओर से भेज गए मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र का जवाब दिया है। चुनाव आयोग ने ईवीएम और वीवीपेट पर कांग्रेस को पत्र लिखा है और उनकी तमाम चिंताओं को किया खारिज कर दिया है। चुनाव आयोग ने रमेश को अपने पत्र में जवाब दिया है कि ईवीएम और वीवीपैट के मुद्दे पर चुनाव आयोग पहले ही अपना रुख साफ कर चुका है। चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता रमेश को अपने पत्र में जवाब में कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने ईवीएम और वीवीपैट के मुद्दे पर पहले ही फैसला सुना चुका है। हालांकि चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष ईवीएम और वीपीपीईटी के मुद्दे पर अपना जवाब दाखिल कर चुकी है।

चुनाव आयोग ने रमेश को अपने पत्र में कहा की उनके द्वारा खुद सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम और वीवीपीएटी के मुद्दे पर जो याचिका दाखिल की गई थी वह अभी सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित है। चुनाव आयोग ने कहा ईवीएम में कोई खामी या अनियमितता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट लेकर देश की विभिन्न अदालतों में इस संबंध में कई बार यह स्पष्ट किया गया है।

# झारखंड तीसरा राज्य जहां राहुल सबसे ज्यादा यात्रा करेंगे

**रांची (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी अगले माह से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत करने जा रहे हैं। उनकी इस यात्रा से झारखंड के लोग भी उत्साहित दिख रहे है। हो सकता है कि इस उत्साह के चलते राहुल गांधी ने अपना ज्यादा समय झारखंड को देने का निर्णय किया हो। वजह जो भी रही हो,पर इतना जरुर है कि राहुल गांधी आठ दिनों तक झारखंड में रहेंगे और इस दौरान 804 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। झारखंड के पांच प्रमंडलों के 13 जिलों में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा होगी। फरवरी की शुरुआत में न्याय यात्रा का कारवां झारखंड के संताल परगना पहुंचेगा। इस तरह देशभर के 13 राज्यों में झारखंड तीसरा ऐसा राज्य है, जहां सबसे ज्यादा किलोमीटर की यात्रा होगी और जिले कवर होंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने इसका शिड्यूल जारी कर दिया है।

राहुल गांधी की यह यात्रा 14 जनवरी से मणिपुर के इंफाल से शुरू होगी। 20 मार्च को मुंबई में इसका समापन होगा। झारखंड में दो चरणों में यह यात्रा होगी। पहले चरण में 11 जिलों में यात्रा निकाली जाएगी, जबकि दूसरे चरण में पलामू-गढ़वा में यात्रा पहुंचेगी फिर बिहार निकल जाएगी। पश्चिम बंगाल से झारखंड के संताल परगना में न्याय यात्रा प्रवेश करेगी। झारखंड के दुमका, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, रांची, खूंटी, सरायकेला, जमशेदपुर, चाईबासा, पलामू और गढ़वा में न्याय यात्रा का कारवां जाएगा। न्याय यात्रा 15 राज्यों के 110 जिलों में 66 दिनों तक निकलेगी।यह यात्रा 6713 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इसमें सामाजिक न्याय और जनता के मूल सवालों महंगाई, बेरोजगारी, किसानों और मजदूरों की दयनीय स्थिति, जातिगत जनगणना जैसे मसलों पर जन-जागरण करेगी। देशभर के 13 राज्यों में झारखंड तीसरा ऐसा राज्य है जहां सबसे ज्यादा किलोमीटर की यात्रा होगी और जिले कवर होंगे। सबसे ज्यादा उत्तरप्रदेश के 20 जिलों में भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुजरेगी। 11 दिनों में वहां 1074 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी।

इसी तरह असम में आठ दिनों में 17 जिलों में न्याय यात्रा 833 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। आपको बता दें कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का कारवां झारखंड से नहीं गुजरा था। प्रदेश कांग्रेस ने आलाकमान के निर्देश पर उपयात्रा निकाली, जिसमें झारखंड देशभर में अव्वल रहा था। इसी का नतीजा है कि झारखंड के 13 जिलों में आठ दिन में 804 किलो मीटर की भारत जोड़ो न्याय यात्रा होगी। न्याय यात्रा 15 राज्यों के 110 जिलों में 66 दिनों तक निकलेगी। यह यात्रा 6713 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इसमें सामाजिक न्याय और जनता के मूल सवालों महंगाई, बेरोजगारी, किसानों और मजदूरों की दयनीय स्थिति, जातिगत जनगणना जैसे मसलों पर जन-जागरण करेगी। देशभर के 13 राज्यों में झारखंड तीसरा ऐसा राज्य है, जहां सबसे ज्यादा किलोमीटर की यात्रा होगी और जिले कवर होंगे। सबसे ज्यादा



उत्तरप्रदेश के 20 जिलों में भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुजरेगी। 11 दिनों में वहां 1074 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। वहीं, असम में आठ दिनों में 17 जिलों में न्याय यात्रा 833 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। आपको बता दें कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का कारवां झारखंड से नहीं गुजरा था। प्रदेश कांग्रेस ने आलाकमान के निर्देश पर उपयात्रा निकाली, जिसमें झारखंड देशभर में अव्वल रहा था।

THE PHOTON NEWS



## सबवे ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त, 20 घायल

न्यूयॉर्क । न्यूयॉर्क शहर में बृहस्पतिवार को एक सबवे ट्रेन एक अन्य ट्रेन से टकराने के बाद बेपटरी होने से 20 से अधिक लोग घायल हो गए जिससे मैनहट्टन में ट्रेन सेवाएं बाधित हो गयीं। प्राधिकारियों ने बताया कि घायलों को मामूली चोटें आयी हैं। घटनास्थल पर मौजूद पुलिस और ट्रांजिट अधिकारियों ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजे करीब 300 यात्रियों को ले जा रही एक ट्रेन और मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी (एमटीए) की सेवा से बाहर एक ट्रेन की 96वें स्ट्रीट स्टेशन पर भिड़ंत हो गयी। शहर के आपात प्रबंधन अधिकारियों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की तस्वीरों में पटरी बदलने वाले क्षेत्र में यात्री ट्रेन को आंशिक रूप से पटरी से उतरे हुए देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि अभी उपकरण की खामी के कोई संकेत नहीं मिले हैं और जांचकर्ता कोई मानवीय चूक होने की जांच कर रहे हैं। न्यूयॉर्क सिटी की पुरानी सबवे ट्रेन प्रणाली हाल के वर्षों में बिजली कटौती, सिग्नल में दिक्कत और अन्य खामियों को लेकर संघर्ष कर रही है। एमटीए हाल के वर्षों में वित्तीय समस्याओं का भी सामना कर रही है। दमकलकर्मियों ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन में से यात्रियों को निकाला और एक अन्य ट्रेन में से भी सैकड़ों लोगों को निकाला जो हादसे के कारण सुरंग में रुक गयी थी। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग ने बताया कि सात यात्रियों और चालक दल के एक सदस्य को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। दुर्घटनास्थल पर पुलिस समेत आपात सेवाओं के कम से कम 20 वाहनों को देखा गया।

## खालिस्तानी समर्थकों का कैलिफोर्निया स्थित मंदिर पर हमला

कैलिफोर्निया। अमेरिका में मंदिरों को लगाताना निशाना बनाया जा रहा है। अभी एक महना भी नहीं हुआ कि कैलिफोर्निया में एक और मंदिर में तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। हेवर्ड में एक हिंदू मंदिर पर भारत विरोधी भित्तिचित्रों से हमला किया गया है। खालिस्तानी समर्थकों ने विजय के शेरावाली मंदिर के बाहर भारत विरोधी भित्ति चित्र लगाए हैं। खालिस्तानियों की यह करतूत कैलिफोर्निया में ही स्वामीनारायण मंदिर में हुई तोड़फोड़ की घटना के दो सप्ताह बाद हुई है। उसी क्षेत्र में शिव दुर्गा मंदिर में चोरी भी हुई थी। यह नवीनतम घटना संयुक्त राज्य अमेरिका में हिंदू मंदिरों पर बढ़ते हमलों को दर्शाता है, जिसकी भारत ने कड़ी निंदा की है। पिछले महीने कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर की बाहरी दीवारों पर भारत विरोधी और खालिस्तान समर्थक भित्तिचित्र बनाए गए थे। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) ने मंदिर में हुई तोड़फोड़ के बारे में जानकारी दी है। एचएएफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि वे मंदिर के नेताओं के साथ-साथ अल्मेडा पुलिस विभाग के साथ-साथ न्याय विभाग के नागरिक अधिकार प्रभाग के संपर्क में हैं। पिछले महीने 23 दिसंबर की घटना में नेवार्क में श्री स्वामीनारायण मंदिर हिंदू मंदिर के बाहर खालिस्तान शब्द को अन्य आपत्तिजनक भित्तिचित्रों के साथ साइनपोस्ट पर स्प्रे-पेंट किया गया था। ताजा तोड़फोड़ की घटना में भी मंदिर के बाहर साइन बोर्ड पर खालिस्तान और भारत के प्रधानमंत्री के बारे में अपमानजनक बातें लिखी गई हैं। इससे पहले दिसंबर में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने नेवार्क मंदिर में हुई तोड़फोड़ पर चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने तब इस पर चिंता जताते हुए कहा था कि भारत के बाहर के चरमपंथियों और अलगाववादी ताकतों को जगह नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा था कि हमारे वाणिज्य दूतावास ने (अमेरिकी) सरकार और वहां की पुलिस के पास उसके बारे में शिकायत दर्ज कराई है। अमेरिकी सरकार ने भी उस घटना पर चिंता जताई थी।

## जापान में एक ही दिन में 155 भूकंप के झटके, 92 की मौत, 242 लापता

टोक्यो। जापान में भूकंप लगातार आ रहा है। नए साल से इसकी शुरुआत हुई जो अभी तक रुकी नहीं है। यहां अब तक 155 भूकंप आ चुके है। जिसके कारण 92 लोगों की मौत हो गई और 242 लोग लापता हो गए। जापान में पहला भूकंप 7.6 तीव्रता का रहा। पहले आई रिपोर्ट में इसे 7.4 तीव्रता का बताया गया था और बाद में 7.5 तीव्रता का। यह भूकंप जापान में इशिकावाके अनामिज़ु से 42 किलोमीटर नॉर्थईस्ट में आया था और इसकी गहराई 10 किलोमीटर रही। उसके बाद भूकंपों का सिलसिला शुरू हो गया और एक ही दिन में 155 भूकंप आए। इससे कई घरों, दुकानों और इमारतों को नुकसान पहुंचा है। कई सड़कों में दरारें आ गई। कई हज़ार घरों की बिजली गुल हो गई है। कई हज़ार घरों में पानी की समस्या हो गई। सुनामी का खतरा पैदा होने के साथ ही बुलेट ट्रेनों तक को रोकना पड़ गया। भूकंप की वजह से मरने वालों का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है। जानकारों को कहना है कि आने वाले समय में भूकंप की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## चीन के पिछलग्गू मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू 12 जनवरी से चीन के दौरे पर

बीजिंग। मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू आठ से 12 जनवरी तक चीन की यात्रा पर जा रहे है। चीनी विदेश मंत्रालय ने इसकी घोषणा की। मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन के करीबी मुइज्जू ने पिछले साल सितंबर में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में भारत के करीबी मित्र इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराने के बाद मालदीव के आठवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। वहीं पूर्व राष्ट्रपति यामीन के 2013 से 2018 तक राष्ट्रपति पद पर रहने के दौरान चीन के साथ घनिष्ठ संबंध थे, इसकारण मुइज्जू को चीन का मित्र बताया जा रहा है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने कहा कि मुइज्जू चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के निमंत्रण पर चीन की यात्रा कर रहे हैं। मुइज्जू के पूर्ववर्ती भारत के साथ व्यापक द्विपक्षीय संबंधों और मालदीव से निकटता को देखते हुए पहले भारत का दौरा किया करते थे, जिसके बाद चीन का नंबर आता था लेकिन हाल के दिनों में चीन ने मालदीव में कुछ प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश कर द्वीपीय राष्ट्र में अपना प्रभाव बढ़ाया है।

## उत्तर कोरिया ने द.कोरिया की ओर 200 बम के गोले दागे

प्योंगयोंग । उत्तर कोरिया ने फिर से दक्षिण कोरिया पर हमला कर दिया। उत्तर कोरिया ने द.कोरिया की ओर 200 बम के गोले दागे। सियोल के रक्षा मंत्रालय ने चेतावनी दी कि इन कार्रवाइयों से शांति को खतरा है और वह इसका कड़ा जवाब देगा। दक्षिण कोरिया के एक गांव को हमले के बीच खाली कराया जा रहा है। दक्षिण कोरिया ने कदम की निंदा कर उकसाने वाली कार्रवाई करार दिया है। बता दें कि दोनों द्वीपों के निवासियों को खाली करने का आदेश दिया गया था, जो कि 2010 में उत्तर द्वारा द्वीपों में से एक पर गोले दागने के बाद से दोनों कोरिया के बीच सबसे गंभीर सैन्य तनाव में से एक था। शुक्रवार की लाइव फायरिंग प्योंगयांग में किम जोंग उन के शासन की ओर से बार-बार दी गई चेतावनी के बाद हुई कि वह दक्षिण कोरिया और उसके अमेरिकी सहयोगी के खिलाफ युद्ध को तैयार है। उत्तर कोरियाई सेना ने शुक्रवार सुबह लगभग बेंगनीओंग द्वीप के उत्तरी भाग में जांगसन-गोट और येओनपयोंग के उत्तरी क्षेत्रों में 200 से अधिक राउंड गोलीबारी की। मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, यह एक उकसाने वाला कृत्य है जो कोरियाई प्रायद्वीप में शांति के लिए खतरा है। इसमें कहा गया है, हम कड़ी चेतावनी देते हैं कि उत्तर कोरिया इस बढ़ते संकट के लिए पूरी जिम्मेदारी लेता है और उनसे इन कार्यों को तुरंत रोकने का आग्रह करता है।

## 5 किलोमीटर पैदल चलकर अस्पताल पहुंची गर्भवती, दिया चार बच्चों को जन्म

तेल अवीव । इजरायल-हमास के बीच युद्ध का परिणाम भले ही कुछ न निकले लेकिन नागरिकों की परिस्थिति बहुत ही दर्दनाक हो चुकी है। युद्ध में सिर्फ एक देश की एक पीढ़ी नहीं बल्कि पीढ़ियां भुगतती हैं। खासतौर उन मासूमों के लिए ये और भी मुश्किल होता है, जो इस दुनिया में आए नहीं हैं। जिन दिनों महिलाओं को सबसे ज्यादा आराम की जरूरत होती है, उस हालत में महिला 5 किलोमीटर पैदल चली और बच्चों को सिजेरियन ऑपरेशन से पैदा करने के बाद तुरंत ही अगले संघर्ष के लिए तैयार हो गई। एक महिला प्रेग्नेंट थी और हालात कुछ यूं बने कि महिला को लेबर पेन की स्थिति में खुद ही पैदल चलकर अस्पताल आना पड़ा। महिला युद्ध ग्रस्त इलाके में कई मील तक पैदल चलकर अस्पताल पहुंची और 4 बच्चों को जन्म दिया। 28 साल की इमान अल मसरी के मुताबिक वहां शरणार्थी कैंप तक पहुंचने के लिए 5 किलोमीटर चलीं। चूंकि प्रेग्नेंसी के चलते उनकी स्थिति बिगड़ने लगी तब वे अस्पताल चली गईं। यहां उन्होंने दो बेटियों और दो बेटों को ऑपरेशन के ज़रिये जन्म दिया। आमतौर पर सी-सेक्शन डिलीवरी के बाद महिलाओं को 3-4 दिन डॉक्टरों की निगरानी में रखा जाता है लेकिन मसरी को तुरंत ही अस्पताल छोड़ने को कह गया। चूंकि उनके एक बच्चे की हालत गंभीर थी, इसके बाद वहां तीन बच्चों को लेकर वहां से निकल गईं और अब एक शरणार्थी कैंप में रह रही हैं। वहीं उनके पति का कहना है कि वे बच्चों और पत्नी को कुछ भी नहीं दे पा रहे हैं। यहां तक कि खाने की तलाश में वे भटकते रहते हैं।



चीन में हरबिन आईस शो में बर्फ से बनी कलाकृतियों को देखते हुए लोग।


## बांग्लादेश में शेख हसीना से खफा विपक्ष ने किया चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान

ढाका। बांग्लादेश में इसी माह यानी 7 जनवरी को आम चुनाव होने जा रहे है। इस चुनाव में ज्यादातर विपक्षी नेता नाराज है। उनका आरोप है कि आवामी लीग की प्रमुख शेख हसीना सरकार फर्जी चुनाव करा रही है। यही वजह है कि अधिकांश नेताओं ने चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। उनका आरोप है कि शेख हसीना को चीन, रुस और भारत का समर्थन मिल रहा है।



आवामी लीग चौथी मर्तबा जीत के लिए बेकरार है। और अगर कोई बड़ा उलटफेर नहीं हुआ तो मुमकिन है कि वो ये चुनाव जीत भी जाए। सबसे दिलचस्प घटनाक्रम यह है कि इस चुनाव में शेख हसीना को रूस, चीन और भारत का साथ मिल रहा है। अमेरिका ने वीजा पाबंदी की धमकी दे रखी है। अमेरिका का कहना है कि अगर चुनाव पारदर्शी तरीके से नहीं हुए तो वह बांग्लादेश के अधिकारियों या फिर शेख हसीना के करीबियों के वीजा पर बैन लगा देगा। बांग्लादेश में कुल 300 सीटें हैं। पिछले चुनाव में आवामी लीग, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और जातीयो पार्टी चुनाव बाद सबसे बड़े राजनीतिक दल के तौर पर उभरे थे। 300 में से 290 सीटें इन्हें ही मिली थीं। लेकिन इस बार मुख्य प्रदिद्वंदी बीएनपी ने पूरी तरह चुनाव का बहिष्कार किया है। सवाल है कि आखिर शेख हसीना ने इस बार बांग्लादेश में ऐसा क्या कर दिया कि विपक्ष चुनाव ही नहीं लड़ना चाहता।

# अमेरिका के स्कूल में फायरिंग एक की मौत कई हुए घायल




**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** एक हमलावर गुरुवार तड़के के पेरी हाई स्कूल पर हमला कर दिया और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू की दी। फायरिंग की घटना के बाद कई जांच एजेंसियां सुबह करीब 9 बजे हाई स्कूल पहुंच गईं। फायरिंग की घटना के बारे में डलास काउंटी शेरिफ ऑफिस की ओर से पुष्टि की गई है कि फायरिंग की घटना की जांच चल रही है। हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं हो सका है कि कोई हताहत हुआ है या नहीं। हालांकि खबरों के मुताबिक, फायरिंग की घटना में 2 लोग घायल हुए हैं, जिसमें 2 छात्र और एक स्कूल प्रशासक शामिल हैं। घायलों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं मिल सकी है। हमलावर ने खुद को गोली मारकर अपनी जान दे दी है।

शीतकालीन अवकाश के बाद दूसरे सेमेस्टर के पहले ही दिन फायरिंग की यह घटना सामने आई है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति जो बाइडेन भी घटना पर लगातार नजर रख रहे हैं और वरिष्ठ अधिकारी आयोवा के गवर्नर ऑफिस के साथ लगातार संपर्क में बने हुए हैं। यह हाई स्कूल पेरी कम्युनिटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट का हिस्सा है, जहां 1,785 छात्र पढ़ाई करते हैं। खबरों के मुताबिक फायरिंग की घटना के बाद स्कूल के बाहर कई कानून प्रवर्तन से जुड़ी कई गाड़ियां और एम्बुलेंस बाहर खड़ी देखी गईं। आयोवा के एनबीसी सहयोगी डब्ल्यूएचओ की डेस मोइनेस की ओर से घटना के बारे में बताया गया है कि फायरिंग की घटना के बारे में पहली जानकारी स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 7~40 बजे आई थी। जिसके बाद मिडल स्कूल को खाली करा दिया गया और फिर प्राइमरी स्कूल को भी खाली करा लिया गया और सुबह 8.32 बजे तक छुट्टी कर दी गई।


फायरिंग की यह घटना ऐसे समय हुई है जब 11 दिन बाद 15 जनवरी से अमेरिका में राष्ट्रपति पद के दावेदारी की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है, जिसके तहत आयोवा राज्य में राज्य स्तर पर रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की प्राइमरी लेवल की प्रक्रिया शुरू होगी. दूसरी ओर, रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार विवेक रामास्वामी, जो गुरुवार को पेरी में ही अपने एक चुनावी अभियान कार्यक्रम की मेजबानी कर रहे थे, ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आयोवा में आज सुबह, पेरी के समुदाय के लिए प्रार्थना करें।

इस बीच, पेरी कम्युनिटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट की बोर्ड अध्यक्ष लिंडा एंडोर्फ ने इस घटना को बेहद ही घृणित करार दिया। उन्होंने कहा, यह बेहद खतरनाक है। लोगों को अपने जीवन के बारे में सोचने की जरूरत है। यह बहुत ही घृणित है। डलास काउंटी के शेरिफ एडम इन्फैंट ने कहा कि फायरिंग जिस समय शुरू हुई तब स्कूल शुरू नहीं हुआ था। यह अच्छी बात है कि तब बिल्डिंग में बहुत कम छात्र और टीचर्स थे। स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 7~37 बजे, अधिकारियों को हाई स्कूल में शूटिंग की घटना के बारे में सतर्क किया गया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि यह तुरंत साफ नहीं हो सका है कि हमले में कितने लोग घायल हुए हैं।

## आंतकी संगठन अल-कायदा के निशाने पर अमेरिकी कारोबारी

**- एलन मस्क, बिल गेट्स, और सत्या नडेला का नाम**

**सैन फ्रांसिस्को (एजेंसी)।** आतंकवादी संगठन अल-कायदा ने इजरायल-हमास युद्ध पर अमेरिकी रुख को लेकर बड़े बिजनेसमैनों, एलन मस्क, बिल गेट्स, और सत्या नडेला को निशाना बनाने और अमेरिकी इकोनॉमी को धमकी देने का आरोप लगाया है। आतंकी संगठन ने



अपने समर्थकों से अमेरिका, ब्रिटेन, और फ्रांसीसी कंपनियों द्वारा संचालित की जा रही उड़ानों पर हमला करने की अपील की है।

इसमें अमेरिकन एयरलाइंस, कॉन्टिनेंटल, डेल्टा, ब्रिटिश एयरवेज, एयर फ्रांस, और एयर फ्रांस-केएलएम शामिल हैं। अल-कायदा की मीडिया शाखा अल-मालाहेम ने कहा है कि यह धमकी उसके आतंकवादी हमलेवारों को बढ़ावा देने के लिए है, क्योंकि वे अमेरिका और इजरायल के गाजा में किए जा रहे हमलों का समर्थन कर रहे हैं, जिसमें 20,000 से ज्यादा लोगों की मौके पर मौत हो चुकी है। आंतकी संगठन ने फिलिस्तीन के समर्थन में ओपन-सोर्स जिहाद की अपील की है और वैश्विक स्तर पर महत्वाकांक्षी मुजाहिदीन के लिए रसोई सामग्री का इस्तेमाल कर एडवांस्ड बम बनाने पर मार्गदर्शिका प्रदान की है।

आतंकी संगठन के निशाने पर एलन मस्क, बिल गेट्स, और पूर्व अमेरिकी फेडरल रिजर्व अध्यक्ष बेन बर्नानके हैं। बर्नानके का अमेरिकी अर्थव्यवस्था-शेयर बाजार में अच्छा प्रभाव है और वह एक यहूदी हैं, जिसे इस संगठन के लोगों ने निशाना बनाया हैं। वीडियो में, आतंकी संगठन ने माइक्रोसॉफ्ट के बिल गेट्स के कार्यकाल के दौरान का पुराना भाषण दिखाया गया है और इसके साथ ही भारतीय मूल के वर्तमान सीईओ सत्या नडेला और पूर्व सीईओ स्टीव बाल्मर को भी निशाना बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

धमकी भरे वीडियो को अल-कायदा की मीडिया शाखा अल मालाहेम मीडिया ने 31 दिसंबर को फिलिस्तीन की स्थिति को बहाल करने के तरीके के रूप में प्रकाशित किया था। उन्होंने इसमें अमेरिकी युद्ध मशीन पर इस्लामी दुनिया में तबाही मचाने का आरोप लगाया और अमेरिकी, ब्रिटिश, फ्रांसीसी, और यूरोपीय मुसलमानों से इसका बदला लेने का आह्वान किया है। इसके साथ ही, अल-कायदा ने ओपन सोर्स जिहाद अभियान के माध्यम से मुसलमानों को लुभाने और उन्हें विस्फोटक बनाने के लिए आवश्यक ट्रेनिंग देने का उद्दीपन किया है।

## जयशंकर ने किया पशुपतिनाथ के दर्शन

काठमांडू । नेपाल के प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर में भगवान शिव के दर्शन करने शुक्रवार को पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पूजा-अर्चना की। जयशंकर 2024 में विदेश की पहली यात्रा पर बृहस्पतिवार को नेपाल पहुंचे थे। उन्होंने यात्रा के दूसरे दिन देश में अपने कार्यक्रमों की शुरुआत करने से पहले सुबह-सुबह पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन किए। काठमांडू के पूर्वी बाहरी भाग में पवित्र बागमती नदी के किनारे स्थित पशुपतिनाथ नेपाल में सबसे प्रसिद्ध हिंदू मंदिर है। दुनियाभर से हजारों हिंदू श्रद्धालु इस मंदिर के दर्शन करने आते हैं। सदियों पुराना यह मंदिर हिंदू देवता शिव को समर्पित हैं और वह पशुओं के संरक्षक पशुपति के अपने अवतार में यहां विराजमान हैं।

## ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव में आईएसआईएस की हुई इंट्री

**-सुलेमानी की कब्र पर हुए हमले की ली जिम्मेदारी**

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान और इराक के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा है। इसी बीच ईरान के जनरल रहे कासिम सुलेमानी की कब्र पर हमला हुआ। जिसकी जिम्मेदारी आईएसआईएस यानी इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया ने ली है। इसका मतलब है कि दोनों देशों के बीच चल रहे टेंशन में अब आईएसआईएस की इंट्री हो गई है।बुधवार को हुए दो बम धमाकों में करीब 200 ईरानी लोगों की जान जा चुकी है। अमेरिकी ने भी घटना की जानकारी के आधार पर कहा था कि इसके पीछे आईएसआईएस का हाथ हो सकता है। शुरुआत में शक की सुई इजराइल की ओर जा रही थी। जिसके बाद ईरान और इजराइल में तनाव बढ़ने की बात होने लगी थी। ईरान हालांकि इस हमले के लिए अब तक अमेरिका ओर उसके रक्षा सहयोगी इजराइल को ही दोषी मान रहा है। यूरोपीय यूनियन समेत और कई ने इस हमले को आतंकवादी हमला कहा था। 1979 में ईरान में हुए इस्लामिक क्रांति के बाद से यह अब तक का सबसे बड़ा हमला है। आईएसआईएस के मीडिया विंग अल फुरकान ने जिम्मेदारी की बात कबूली है। जानकारी के मुताबिक दोनों हमलावर भाई थे। इस हमले को लेकर ईरान के आंतरिक मंत्री कह चुके हैं हमलों के बीच का अंतर काफी कम था। पहला हमला होने के बाद जब लोग घायल और हताहत लोगों की जान बचाने के लिए आगे बढ़ रहे थे। ठीक तभी दूसरा हमला हुआ। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरा बम धमाका पहले की तुलना में ज्यादा घातक था।

## कड़ाके की ठंड पड़ रही...पाकिस्तान में फिर टलेंगे आम चुनाव, सीनेट ने इस प्रस्ताव को दी मंजूरी

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में एक बड़ा मजाक होने वाला है। पाकिस्तान की सेना और सरकार वर्तमान हालात में चुनाव कराने की स्थिति में नहीं है। पाकिस्तान की सीनेट ने प्रस्ताव पास किया है, जिससे की 8 फरवरी को होने वाले चुनाव को टाला जाए। पाकिस्तान की सेना और आईएसआई फिक्स कर रही है। विरोधी पार्टी के नेता या तो पार्टी छोड़ कर भाग रहे हैं या मजबूर किए जा रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को आप उदाहरण के रूप में ले सकते हैं। वहीं सुरक्षा हालात भी पाकिस्तान के ठीक नहीं है। सेना के कई सिपाही आए दिन मारे जा रहे हैं। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनवा के इलाके में ऐसे हालात हैं।



सदन में मौजूद सूचना मंत्री मुर्तजा सोलांगी ने इस कदम का विरोध किया। उन्होंने कहा कि देश के अधिकांश क्षेत्रों में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है, इसलिए उन क्षेत्रों में मतदाताओं की भागीदारी असहनीय है। कानून व्यवस्था की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए सीनेटर दिलावर ने कहा कि मोहसिन डावर और जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई-एफ) के सदस्यों पर हमले किए गए। उन्होंने कहा, यहां तक कि बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में भी सुरक्षा बलों पर हमला किया गया। उन्होंने कहा कि एएनपी नेता ऐमल वली को भी चुनाव पर आपत्ति है।

सीनेटर ने कहा कि चुनावी रैलियों के दौरान खुफिया एजेंसियों द्वारा खतरे की चेतावनी भी जारी की गई थी। सीनेट का कहना है कि बाधाओं को दूर किए बिना चुनाव नहीं होने चाहिए, इसलिए 8 फरवरी के चुनाव को स्थगित कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) को चुनाव स्थगित करने की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सीनेट को चुनावी निकाय पर भरोसा है।

## अब वर्चुअल वर्ल्ड में भी हुआ गैंगरेप, आभासी दुनिया में कैसे घूम रहे हैं रेपिस्ट, क्या हैं कानून

**लंदन (एजेंसी)।** देश दुनिया तो छोड़िए आभासी दुनिया में भी महिलाएं सुरक्षित नहीं है। वर्चुअल वर्ल्ड में रेप की घटनाओं के बाद अब ये सवाल उठना ज्यादा ही लाजिमी हो गया है कि क्या ऐसी कोई जगह है, जहां महिलाएं और लड़कियां सुरक्षित हैं? दुनियाभर में वर्चुअल वर्ल्ड में रेप, गैंगरेप और यौन हिंसा के मामले बढ़ते जा रहे हैं। हाल में ब्रिटेन में 16 साल की एक लड़की के साथ वर्चुअल गैंगरेप की घटना सामने आई है। ब्रिटिश पुलिस मामले की जांच कर रही है। ब्रिटेन में ये इस तरह का पहला मामला दर्ज किया गया है। घटना में अजनबियों के एक समूह ने 16 साल की किशोरी के साथ वर्चुअल रियलिटी वीडियो गेम में गैंगरेप किया। पुलिस के मुताबिक, लड़की को ठीक उसी तरह का मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक आघात हुआ है, जैसा वास्तविक दुनिया में गैंगरेप का शिकार महिला को होता है। दरअसल, वर्चुअल रियालिटी वीडियो गेम्स में लोगों को ऐसा महसूस होता है, जैसे वे खुद उसका हिस्सा हैं। ऐसे में वीआर में होने वाली घटनाओं का उनके दिमाग पर पूरा असर होता है।

ब्रिटिश पुलिस का कहना है कि पीड़ित पर भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक असर होता है, जो किसी भी शारीरिक चोट के मुमाबले लंबे समय तक असर करता है। यह कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सामने कई नई चुनौतियां खड़ी कर रहा है। दरअसल, ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए अभी कोई कानून नहीं है। डेली मेल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वर्चुअल रेप मेटावर्स में ऑनलाइन होने वाला यौन शोषण है। हालांकि, इसमें कोई शारीरिक हमला नहीं होता है, लेकिन इससे मनोवैज्ञानिक आघात होने और पीड़ित के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ने की आशंका बनी रहती है। बेशक ये ब्रिटेन का ऐसा पहला मामला है, लेकिन यह वर्चुअल वर्ल्ड में नया या पहला मामला नहीं है।ब्रिटेन में वर्चुअल वर्ल्ड में यौन अपराधों के लिए कोई मुकदमा नहीं चलाया जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, मौजूदा कानून में मेटावर्स में रेप को शामिल करने की उम्मीद भी नहीं है। दरअसल, यौन अपराध अधिनियम में यौन उत्पीड़न को किसी व्यक्ति की सहमति के बिना शारीरिक स्पर्श के तौर पर परिभाषित किया गया है। ब्रिटेन के गृह सचिव जेम्स क्लेवरली ने कहा कि ब्रिटेन की किशोरों ने गैंगरेप का अनुभव किया है। लिहाजा, उन्होंने मामले में जांच का समर्थन किया था। दुनियाभर के विशेषज्ञ चिंतित हैं कि वर्चुअल स्पेस यौन अपराधियों का केंद्र बन सकता है। लिहाजा, वे सभी देशों की सरकारों से कानूनों में जल्द संशोधन की मांग कर रहे हैं।



# नए साल में पर्दे पर धमाल मचाएंगी ये नई जोड़ियां

नए साल की शुरुआत हो चुकी है, जिसे लेकर आम लोग ही नहीं, बल्कि बॉलीवुड सितारे भी काफी उत्साहित हैं। एक ओर वे नए साल के जश्न में डूबे हुए हैं तो वहीं नए साल पर अपनी नई फिल्मों के लिए भी उत्सुक हैं। यह नया साल बॉलीवुड सितारों के साथ-साथ दर्शकों के लिए भी काफी खास होगा। इस साल कई बेहतरीन फिल्में रिलीज होने के लिए कतार में लगी हुई हैं तो वहीं फिल्मों में दर्शकों को नई जोड़ियों का मसाला देखने को मिलेगा।

## दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन



साल 2024 की शुरुआत सिद्धार्थ आनंद की फाइटर में दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन की सिजलिंग केमिस्ट्री से होगी। यह फिल्म 25 जनवरी, 2024 को रिलीज होने वाली है। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित यह फिल्म भारत की पहली एरियल एक्शन फ्रेंचाइजी मानी जा रही है। इस फिल्म के जरिए ऋतिक और दीपिका पहली बार साथ में दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे।

## कटरीना कैफ-विजय सेतुपति



इस लिस्ट में अगला नाम कटरीना कैफ और विजय सेतुपति का है। रिलीज की तारीख में कई बदलावों के बाद मेरी क्रिसमस आखिरकार 12 जनवरी, 2024 को रिलीज होगी। यह फिल्म कटरीना और विजय की दिलचस्प जोड़ी को पहली बार एक साथ लाएगी। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित इस फिल्म का भी दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है।

## शाहिद कपूर और कृति सेनन



शाहिद कपूर और कृति सेनन भी इस लिस्ट में शामिल हैं। दिनेश विजान द्वारा निर्मित अनाम फिल्म में शाहिद और कृति पहली बार साथ नजर आएंगे। यह रोमांटिक ड्रामा अब पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है। यह जोड़ी ऐसी है जिसे लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। फिल्म का नाम अभी सामने नहीं आया है।

## विक्की कौशल-रश्मिका मंदाना



जरा हटके जरा बचके के बाद लक्ष्मण उतेकर एक बार फिर विक्की कौशल को छावा में निर्देशित करेंगे, जिसमें रश्मिका मंदाना भी हैं। यह फिल्म 6 दिसंबर, 2024 में रिलीज होगी। दर्शक अभी से विक्की और रश्मिका की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री देखने के लिए उत्साहित हैं।

## अक्षय कुमार और राधिका मदान



तमिल फिल्म सोरारई पोटरु की आधिकारिक हिंदी रीमेक में अक्षय कुमार और राधिका मदान की जोड़ी दिखेगी। दोनों पहली बार इस फिल्म के लिए पर्दे पर साथ नजर आएंगे। दर्शकों को इस जोड़ी का भी बेसब्री से इंतजार है।

## जान्हवी कपूर-जूनियर एनटीआर

जान्हवी कपूर भी इस साल पहली बार साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के साथ नजर आएंगी। दोनों की जोड़ी देवरा में जमेगी। यह फिल्म दो भागों में रिलीज होगी। फिल्म का पहला भाग पांच अप्रैल 2024 को रिलीज होगा।



# धर्मा प्रोडक्शन की द बुल के लिए सलमान की खास तैयारी, फिल्म के लिए बदलेंगे अपना लुक



फिल्म द बुल में अपने लुक्स में बदलाव के लिए सलमान तैराकी के साथ अलग किस्म के योग का अभ्यास भी करेंगे। फिल्म में रोल के हिसाब से खुद को फिट करने के लिए वे सर्किट ट्रेनिंग और पैरामिलिट्री ट्रेनिंग भी लेंगे। साल 2023 सलमान खान के लिए काफी खास रहा है। उनकी फिल्म टाइगर 3 सुपरहिट हो चुकी है। दर्शकों ने सलमान के इस एक्शन थ्रिलर फिल्म को बहुत प्यार दिया है। सलमान खान इन दिनों एक बार फिर सुर्खियां में आ गए हैं। वजह है उनकी नयी फिल्म द बुल की शूटिंग शुरू होने वाली है। फिल्म द बुल से जुड़ी कई खबरें इन दिनों हेडलाइंस बन रही हैं, उन्हीं में से एक है सलमान खान का अपने लुक्स के साथ एक्सपेरिमेंट करने वाली खबर भी तेजी से वायरल हो रही है।

### सलमान बदलेंगे लुक्स


सलमान खान अपनी हर फिल्म में अलग लुक्स के साथ नजर आते हैं, जिसके लिए सलमान खूब मेहनत भी करते हैं। पिछले दिनों मीडिया में खबर आई थी कि सलमान फिल्म द बुल के लिए अपना वजन कम करेंगे। इतना ही नहीं इस फिल्म में अपने लुक्स में बदलाव के लिए सलमान तैराकी के साथ अलग किस्म के योग का अभ्यास भी करेंगे। फिल्म में रोल के हिसाब से खुद को फिट करने के लिए वे सर्किट ट्रेनिंग और पैरामिलिट्री ट्रेनिंग भी लेंगे।

### धर्मा प्रोडक्शन बना रही द बुल

सलमान खान की फिल्म द बुल को विष्णु वर्धन डायरेक्ट करेंगे। इससे पहले विष्णु वर्धन ने सुपर हिट फिल्म शेरशाह को निर्देशित किया था। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो पहले द बुल को कोई और प्रोडक्शन हॉउस बनाने वाला था, जिसमें शाहिद कपूर की होने की बात कही गई थी। अब इस फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शन कर रही है और इसमें सलमान खान अहम भूमिका निभाएंगे।

### असल जिंदगी से प्रेरित है फिल्म

सलमान खान फिल्मों में अपने एक्शन रोल के लिए जाने जाते हैं। द बुल में भी वे एक्शन करते दिखाई देने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो फिल्म में सलमान खान ब्रिगेडियर फारुख बुलसारा की भूमिका निभाएंगे। द बुल, ब्रिगेडियर फारुख बुलसारा की जिंदगी से प्रेरित फिल्म है। ये वही बुलसारा हैं जिन्होंने वर्ष 1998 में मालदीव में हुए आपरेशन कैक्टस को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। दर्शकों में अभी से ही सलमान को फिल्म द बुल में देखने के लिए अलग उत्साह बन रहा है।



# बतौर प्रोड्यूसर मनीष मल्होत्रा ने अनाउंस की तीसरी फिल्म

फेमस सेलेब्रिटी फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने नए साल की शुरुआत एक बड़े अनाउंसमेंट के साथ की है। मंगलवार को मनीष ने अपने बैनर तले नई फिल्म अनाउंस की है। इस फिल्म का टाइटल 'ऊल जलूल इश्क' है। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, विजय वर्मा, फातिमा सना शेख और शारिब हाशमी लीड रोल में नजर आएंगे। इसकी कहानी विभु पूरी ने लिखी है और वो ही इसे डायरेक्ट भी करेंगे। मनीष इस फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे और यह 9 जनवरी से फ्लोर पर जाएगी। मनीष ने फोटोज शेयर कर की अनाउंसमेंट सोशल मीडिया पर यह जानकारी देते हुए मनीष ने लिखा, 'बेवकूफियां, नादान गलतियां, बड़ी भूल है इश्क ; सच पूछिए तो मेरे हुजूर ऊल जलूल है इश्क। अपने प्रोडक्शन हाउस की तीसरी फिल्म अनाउंस करते हुए बहुत खुशी हो रही है। 9 जनवरी से नसीर साहब, विजय वर्मा, फातिमा और शारिब जैसी टैलेंटेड कास्ट इसकी शूटिंग शुरू करेगी। गुलजार साहब और विशाल भारद्वाज के साथ काम करना सम्मान की बात है।'

### बतौर प्रोड्यूसर मनीष की तीसरी फिल्म है 'ऊल जलूल इश्क'

मनीष ने पिछले साल सितंबर में अपने प्रोडक्शन हाउस, स्टेज 5 प्रोडक्शंस की अनाउंसमेंट की थी। अपने बैनर तले वो पहले ही दो फिल्मों 'ट्रेन फॉम छपरौला' और 'बन टिक्की' की अनाउंसमेंट कर चुके हैं। बतौर प्रोड्यूसर 'ऊल जलूल इश्क' मनीष की तीसरी फिल्म है।

### मीना कुमारी की बायोपिक पर भी कर रहे काम

फिल्म 'ट्रेन फॉम छपरौला' की अनाउंसमेंट मनीष ने सितंबर 2023 में की थी। इसमें दिव्येंदु शर्मा, राधिका आप्टे और अनुराग कश्यप एक्टिंग करते नजर आएंगे। वहीं एक्ट्रेस टिस्का चोपड़ा ने इसे लिखा और डायरेक्ट किया है। वहीं फिल्म 'बन टिक्की' में शबाना आज्मी और अभय देओल लीड रोल में होंगे। यह लीजेंड्री एक्ट्रेस जीनत अमान की कमबैक फिल्म होगी। मनीष को लेकर चर्चा है कि वो बॉलीवड की मशहूर दिवंगत एक्ट्रेस मीना कुमारी की बायोपिक भी बनाने वाले हैं। कृति सेनन स्टारर इस फिल्म से वो डायरेक्टोरियल डेब्यू करेंगे।

# हंसल मेहता ने मनोज बाजपेयी के साथ काम करने के तरीके पर की बात


बॉलीवुड इंडस्ट्री के मशहूर निर्माता हंसल मेहता अपने काम के साथ-साथ अपने बयानों को लेकर भी सुर्खियों में रहते हैं। उन्होंने सिटीलाइट्स, शाहिद, अलीगढ़, दस कहानियां और दिल पे मत ले यार जैसी कई अन्य फिल्मों को निर्देशित किया है। साल 2000 में बनी फिल्म दिल पे मत ले यार में उन्होंने मनोज बाजपेयी के साथ काम किया था। हाल ही में, एक इंटरव्यू में निर्माता ने अभिनेता के साथ काम करने का अनुभव साझा किया। इसके अलावा उन्होंने मनोज बाजपेयी को मूडी बताया।

### मनोज बाजपेयी को लेकर कही यह बात

निर्माता ने दिल पे मत ले यार में मनोज बाजपेयी के साथ काम करने के बारे में बात की। उन्होंने कहा, मुझे उन लोगों के साथ काम करने में आनंद आता है, जो मेरे साथ सही से काम करते है। उन लोगों में से राजकुमार राव एक हैं। उन्होंने मनोज बाजपेयी के बारे में बात करते हुए कहा, मनोज का मूड बहुत ज्यादा बदलता रहता है। मैंने वर्ष 2000 में फिल्म दिल पे मत ले यार बनाई थी। इस फिल्म में मुझे उनके साथ काम करने में काफी कठनाईयों का सामना करना पड़ा था। उनका व्यवहार थोड़ा अलग है। सेट पर लोग उनसे दूर भागते थे।

### मुडी हैं मनोज बाजपेयी


हंसल मेहता ने आगे कहा, मनोज बुरे इंसान नहीं हैं, लेकिन वे मूडी हैं। उन्होंने कहा, जब हम फिल्म में साथ



काम कर रहे थे, तो मैं बहुत चिढ़ जाता था। हालांकि, मैं उनसे पूछता था कि तुम ऐसा व्यवहार क्यों कर रहे हो? वे कुछ नहीं बोलते थे और अपनी भूमिका निभाकर चले जाते थे।

### मनोज बाजपेयी का वर्कफ्रंट

मनोज बाजपेयी के वर्कफ्रंट की बात करें, तो अभिनेता मनोज बाजपेयी कॉमेडी क्राइम ड्रामा किलर सूप में कोंकणा सेन शर्मा के साथ दिखाई देंगे। यह सीरीज अभिषेक चौबे के जरिए निर्देशित व सह-लिखित और हनी त्रेहान और चेतना कौशिक द्वारा निर्मित है। अभिनेता की वेब सीरीज 11 जनवरी 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसके अलावा अभिनेता द फैमिली मैन के बहुप्रतीक्षित तीसरे सीजन में भी दिखाई देंगे। साल 2015 में मनोज बाजपेयी और हंसल मेहता ने फिल्म अलीगढ़ के लिए सहयोग किया था। वहीं, हंसल मेहता, करीना कपूर खान अभिनीत द बकिंघम मर्डर्स रिलीज करने के लिए तैयार हैं।



# खुशी कपूर का नाम वेदांग रैना के साथ जोड़ना चाहती हैं जान्हवी कपूर

फिल्म निर्माता और निर्देशक करण जौहर के टॉक शो कॉफी विद करण 8 के नए एपिसोड में अभिनेत्री खुशी कपूर और जान्हवी कपूर शामिल हुईं। पहली बार दोनों बहनें एक साथ करण के शो में दिखीं। इस दौरान जान्हवी ने अपनी बहन खुशी को इंडस्ट्री में किसी के साथ उनका नाम जोड़ने करने की बात कही। जान्हवी ने कहा कि वे खुशी के लिए वेदांग रैना को चुनेंगी। रैपिड-फायर राउंड के दौरान करण ने जान्हवी से पूछा कि अगर आप खुशी को इंडस्ट्री से किसी के साथ सेट कर सकती हैं तो वह कौन होगा? इस पर जान्हवी ने जवाब दिया कि वेदांग प्यारे हैं। वे सुंदर हैं। वे प्यारे लगते हैं। उनके पास एक अच्छी वाइब है। इतने में खुशी मुस्कुराईं और उन्होंने जान्हवी की बातों पर सिर हिलाया। इससे पहले एपिसोड के दौरान करण ने खुशी से पूछा था कि क्या उन अफवाहों में कोई सच्चाई है कि वह वेदांग रैना को डेट कर रही हैं। उन्होंने कहा था कि यह झूठ है। यह सच नहीं है। उन्होंने वेदांग को अपना दोस्त बताया था। वहीं, एपिसोड के रिलीज होने से एक दिन पहले वेदांग को खुशी, जान्हवी, बोनी कपूर और शिखर पहाड़िया के साथ नए साल का जश्न मनाने के बाद मुंबई लौटते हुए देखा गया। हालांकि, वेदांग ने भी पहले डेटिंग की अफवाहों का खंडन किया था। अभिनेता वेदांग ने साक्षात्कार में अफवाहों के बारे में बात की थी और कहा था कि वे और खुशी सिर्फ अच्छे दोस्त हैं। उन्होंने कहा था कि खुशी और मैं कई स्तरों पर जुड़े हुए हैं। संगीत में हमारी रुचि एक जैसी थी। खुशी और मैं डेटिंग नहीं कर रहे हैं। मेरा उसके साथ बहुत मजबूत रिश्ता है। हम एक-दूसरे को बहुत लंबे समय से जानते हैं और हम अच्छे दोस्त हैं। द



# फिल्मों की ओटीटी रिलीज पर अनुभव सिन्हा ने दी प्रतिक्रिया



अनुभव सिन्हा का कहना है कि बॉक्स ऑफिस पर हर किस्म की फिल्मों को प्रतिक्रिया नहीं मिलती है। हालांकि, उनका मानना है कि बॉक्स ऑफिस पर न चलने वाली कुछ फिल्में ओटीटी पर शानदार प्रदर्शन करती हैं। जाने-माने निर्देशक अनुभव सिन्हा हाल ही में फिल्मों की ओटीटी रिलीज पर बात करते नजर आए। बीते वर्ष अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी फिल्म भीड़ रिलीज हुई। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने खास प्रदर्शन नहीं किया। अनुभव सिन्हा को उम्मीद थी कि ये फिल्म ओटीटी पर बढ़िया प्रदर्शन करेगी। निर्देशक का कहना है कि ऐसी तमाम फिल्में हैं, जो बॉक्स ऑफिस पर अच्छी नहीं चलीं, लेकिन ओटीटी पर खूब चलीं।

### योजना में कर रहे बदलाव?

अनुभव सिन्हा का कहना है कि बॉक्स ऑफिस पर हर किस्म की फिल्मों को प्रतिक्रिया नहीं मिलती है। अनुभव सिन्हा से हाल ही में एक बातचीत के दौरान जब पूछा गया कि ऐसे समय में जब अब तमाशा सिनेमा थिएटर्स में दर्शकों को काफी आकर्षित कर रहा है, क्या रा.वन और दस जैसी कमर्शियल फिल्में बनावे वाले अनुभव सिन्हा आगामी फिल्मों की प्लानिंग में फिर ऐसे सिनेमा में वापसी करेंगे? इस पर उन्होंने जवाब दिया कि, हां, लेकिन सिर्फ उन फिल्मों के लिए जिन्हें मैं निर्देशित कर रहा हूं।

### किसी को नहीं पता दर्शकों की पसंद!

अनुभव सिन्हा ने आगे कहा, जिन फिल्मों को मैं प्रोड्यूस या डायरेक्ट नहीं करता, उन्हें मैं कंट्रोल नहीं करता। आप आगे चलकर मेरे द्वारा निर्देशित फिल्मों में अंतर देखेंगे। यह दर्शकों को क्या चाहिए पर आधारित नहीं होगा, बल्कि मैंने क्या गलत किया? इस पर आधारित है। निर्देशक का कहना है, देखिए, दर्शकों को क्या चाहिए, ये किसी को कभी पता नहीं चलेगा। जो कहते हैं कि उन्हें समझ आ गया, वे झूठ बोल रहे हैं।

### ओटीटी पर दी ये प्रतिक्रिया

अनुभव सिन्हा ने कहा, ये सभी खोखले सिद्धांत हैं। आप दर्शकों का अनुमान नहीं लगा सकते हैं। अनुभव सिन्हा का कहना है कि फिल्म के संदेश से समझौता किए बिना एक शानदार फिल्म बनाना ही महत्वपूर्ण है। और अगर कोई फिल्म थिएटर में बेहतर प्रदर्शन नहीं करती है तो वह ओटीटी पर अच्छी चलेगी। मेरा मानना है कि इस समय दर्शकों ने थिएटर में नहीं, बल्कि ओटीटी पर फिल्म देखना पसंद किया है। हालांकि, ऐसा कोई नियम नहीं बना है। इस तरह का कोई नियम नहीं है। न ही कोई ऐसा नियम बनेगा।